हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

## जल... जीवन संकट



जिला-धमतरी

*हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी*

*जल जीवन मिशन के तहत पूरे जिले के ग्रामों में 720 प्रोजेक्ट तैयार किए गए हैं। इन प्रोजेक्टों में जमकर लीपापोती की गई है। कई गांव तो ऐसे हैं, जहां पर पानी टंकी तैयार है, पाइप लाइन भी बिछ चुकी है, लेकिन जब पानी के लिए नलकूप खनन किया गया तो वहां पर पानी ही नहीं निकला। पीएचई विभाग के पास ऐसे 15 गांव की सूची है, जिसमें योजना का पूरा काम होने के बाद भू जलस्तर सूखा होने के कारण पानी सप्लाई शुरू नहीं* ▶▶| शेष पेज 7 पर

# पानी टंकी बनी, पर लीकेज इसलिए आज तक पानी नहीं भरा, गांव प्यासे

**केस-1**

ग्राम पंचायत तेलीनसत्ती में पानी सप्लाई के लिए ओवरहेड टंकी का निर्माण किया गया है। निर्माण में गुणवत्ता की कमी की वजह से टंकी में लीकेज है, जिसके कारण आज तक इस टंकी में पानी नहीं भरा जा सका है। स्थिति यह है कि जिन लोगों का घर इस पानी टंकी के सामने है, उन्हें भी दूर जाकर हैंडपंप या दूसरे टेपनल से पानी लाना पड़ रहा है। लाखों की लागत से बनी टंकी सिर्फ शो-पीस बनकर रह गई है।

**केस-2**

नगरी विकासखंड के रानीगांव में स्थिति काफी खराब है। यहां पर चार साल से जल जीवन मिशन का काम चल रहा है। दो पानी टंकी बनाई गई है, जिसकी गुणवत्ता काफी खराब है। पाइप लाइन बिछाई गई है। आज तक इन टंकियों में पानी नहीं भरा गया है और न ही पाइप लाइन की टेस्टिंग की गई है। शिकायत के बाद टंकी की थोड़ी मरम्मत जरूर करवाई गई है, लेकिन इसके बाद भी पानी सप्लाई शुरू नहीं हुई है।

*50 गांव ऐसे जहां काम तो हुआ पर पानी नहीं*



### अधूरे प्रोजेक्ट से सप्लाई

इन प्रोजेक्टों में ओवरहेड टंकी निर्माण, पाइप लाइन, सोलरपंप स्थापना सहित अन्य कार्य शामिल हैं। यह पूरी योजना मार्च 2025 में कंप्लीट हो जानी थी, लेकिन आज तक काम चल रहे है। जानकारी के अनुसार 422 प्रोजेक्ट कंप्लीट हो चुके हैं, जिन्हें पूर्णता प्रमाण- पत्र दिया जा चुका है। पूरे के पूरे 422 प्रोजेक्ट को ग्राम पंचायतों को हैंड ओवर भी कर दिया गया है। विडंबना यह है कि अभी 298 प्रोजेक्ट पूरे नहीं हुए हैं। भयावह गर्मी को देखते हुए इसमें से 222 गांवों में आधे अधूरे प्रोजेक्ट से पानी सप्लाई शुरू कर दी गई है। उधर इस योजना को लेकर हर रोज शिकायतें आ रही हैं।

### पहलगाम हमले पर एक्शन में भारत, पाक पीएम का भी यू-ट्यूब चैनल बैन

# भुट्टो ने माना- पाक आतंकवाद का ठिकाना अमेरिका भारत के साथ, देगा हथियार!

**पहलगाम आतंकी हमले के बाद जहां पाकिस्तान आतंकवादियों के पोषक के रूप में दुनिया के सामने बेनकाब हो रहा है वहीं अब पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने स्वीकारा कि पाकिस्तान आतंकवादियों का ठिकाना रहा है और इसका खामियाजा पाकिस्तान ने भुगता भी है। इधर, भारत सरकार ने पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ का यूट्यूब चैनल भारत में बैन कर दिया है। पाकिस्तान ने बंद की अपनी वाघा बॉर्डर फिर खोल दी जिससे लोगों की आवाजाही शुरू हो गई है। अमेरिका ने भारत को हथियार देने को मंजूरी के साथ ही भारत का साथ देने का आश्वासन दिया।**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने आतंकवादी गुटों के साथ पाकिस्तान के मिले होने के अतीत को और देश के चरमपंथ से ऐतिहासिक संबंधों को स्वीकार किया। कुछ ऐसा ही कबूलनामा पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आशिफ ने भी किया था, जिन्होंने पहले आतंकवादी समूहों को समर्थन और फंडिंग में इस्लामाबाद की भूमिका को स्वीकार किया था।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद पीओके और जम्मू-कश्मीर सीमा में माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। पाकिस्तान ▶▶| शेष पेज 7 पर



भारत से पाक लौटते नागरिक परिजनों से बिछड़कर हुए भावुक।

### पाक ने खोला अटारी-वाघा बॉर्डर का गेट

जम्मू-कश्मीर में पहलगाम हमले के बाद से ही भारत ने पाकिस्तानियों और पाकिस्तान ने भारतीयों को देश छोड़ने कहा जिसके बाद आवाजाही शुरू की गई थी। इस बीच भारत से पाक जा रहे नागरिकों के लिए पाकिस्तान ने अटारी-वाघा बॉर्डर बुधवार की रात से बंद कर दी थी। बॉर्डर बंद हो जाने के बाद वहां काफी भीड़ हो गई थी तथा लोगों में आक्रोश बढ़ रहा था। लोगों के आक्रोश को देखते हुए पाकिस्तान ने शुक्रवार को अटारी-वाघा बॉर्डर फिर से खोल दी जिसके बाद पाक व भारत नागरिक अपने देश पहुंच सके।

### *आतंकवाद का दंश हमने भी झेला: भुट्टो*

*बिलावल भुट्टो ने कहा, जहां तक रक्षा मंत्री ने कहा है, मुझे नहीं लगता कि यह कोई रहस्य है कि पाकिस्तान का एक अतीत है... नतीजतन, हमने भुगता है, पाकिस्तान ने भुगता है। हम चरमपंथ की एक के बाद एक लहरों से गुजरे हैं, लेकिन हमने जो झेला है, उसके कारण हमने अपने सबक भी सीखे हैं।*

### *13 करोड़ डॉलर का सैन्य सामान देगा अमेरिका*

*भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के बीच अमेरिका ने भारत को 13.1 करोड़ डॉलर का सैन्य साजो-सामान बेचने की मंजूरी दे दी है। इस सैन्य साजो सामान के मिलने से भारत की हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र में मेरीटाइम सुरक्षा मजबूत होगी। भारत और अमेरिका में रणनीतिक सहयोग बढ़ रहा है और ताजा सौदा भी इसका उदाहरण है। सौदे के तहत भारत को एडवांस्ड सी विजन सॉफ्टवेयर, ट्रेनिंग और सपोर्ट सर्विस मिलेगी।*

### आरोपी कार चालक गिरफ्तार, गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज

# मॉर्निंग वाक पर निकली युवतियों को कार ने ठोका, एक 25 फीट उछली, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तेलीबांधा थाना क्षेत्र में मॉर्निंग वाक पर निकली तीन युवतियां शुक्रवार तड़के पांच बजे हिट एंड रन का शिकार हो गईं। इनमें से एक की मौके पर ही मौत हो गई। दो महिलाएं घायल हैं। पुलिस ने आरोपी कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि कार चालक से विवाद होने पर गर्लफ्रेंड ने स्टेयरिंग खींच दी, जिसकी वजह से यह हादसा हुआ। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार दोनों नशे में थे। दोनों पूरी रात वीआईपी रोड में घूम-घूमकर शराब पी रहे थे, ऐसी जानकारी आई है।

हिट एंड रन के आरोप में पुलिस ने अमित सिंह चौहान को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार हादसे में मूलतः मुंगेली निवासी प्रिया साहू की मौत हुई है। प्रिया दो अन्य रिया बंजारे, ललिता साहू के साथ तेलीबांधा थाना के ▶▶| शेष पेज 7 पर



आरोपी



### लहराते हुए कार चला रहे थे

कार में अमित के साथ सामने सीट में एक युवती तथा पीछे की सीट में एक अन्य युवक बैठा था। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक अमित लापरवाही पूर्वक तेज रफ्तार कार को लहराते हुए चला रहा था। कार चलाते हुए अमित का युवती के साथ किसी बात को लेकर विवाद हुआ। विवाद होने पर युवती ने कार का स्टेयरिंग खींच दिया। स्टेयरिंग खींचने से गाड़ी का बैलेंस बिगड़ा और मॉर्निंग वाक पर निकली महिलाएं कार की चपेट में आ गईं।

### एक्सीडेंट के बाद हंस रहे थे

घायल ललिता ने पुलिस को बताया है कि एक्सीडेंट के बाद अमित ने कार रोकी, इसके बाद कार से अमित तथा युवती बाहर निकले। अमित तथा युवती उनकी मदद करने के बजाय उन्हें देखकर हंसने लगे और कुछ देर रुकने के बाद अमित और युवती कार में बैठे और मौके से फरार हो गए।



कोरबा क्षेत्र में उत्पात मचाने के बाद 39 हाथियों का दल अब सरगुजा पहुंच गया है। हाथी वर्तमान में उदयपुर विकासखंड के ग्राम बकोई के जूजडांड क्षेत्र में विचरण कर रहे हैं। वहीं सूरजपुर जिले के प्रतापपुर क्षेत्र में भी 30 हाथियों का झुण्ड एक स्थान पर एकत्रित हो गया है। हाथियों की मौजूदगी की जानकारी मिलने के बाद वन अमला अलर्ट हो गया है।

**सरगुजा और सूरजपुर में कुल 69 हाथी, प्रतापपुर में भी एक स्थान पर जमा हुआ 30 हाथियों का दल**

## कोरबा से सरगुजा पहुंचा 39 हाथियों का दल, जुजडांड में जमाया डेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

वन विभाग द्वारा हाथियों की निगरानी करने के साथ ही लोगों को सतर्क रहने के लिए आगाह किया जा रहा है। बता दें कि शुक्रवार को कोरबा रेंज में मौजूद 39 हाथियों का दल शुक्रवार को उदयपुर वन परिक्षेत्र में पहुंचा है। शावक समेत हाथियों का दल कोरबा जिले की सीमा को पार करते हुए उदयपुर वन परिक्षेत्र के ग्राम बकोई के जुजडांड जंगल में पहुंचा।

फिलहाल हाथी जूजडांड जंगल में ही मौजूद है। हाथियों के मौजूदगी की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।



वन विभाग द्वारा हाथियों की निगरानी करने के साथ ही लोगों को हाथियों से दूर रहने और छेड़खानी नहीं करने की समझाइश दी जा रही। इधर सूरजपुर जिले के प्रतापपुर वन परिक्षेत्र में भी एक साथ 30 हाथियों की मौजूदगी दर्ज की गई है।

बताया जा रहा है कि ये हाथी जिले के अलग अलग क्षेत्र में मौजूद थे लेकिन अब वे एक ही स्थान पर एकत्रित हो गए है और करंजवार, सरहरी, खुरमा क्षेत्र में भ्रमण कर रहे है। बता दें कि सरगुजा और सूरजपुर जिले में वर्ष भर हाथियों की मौजूदगी बनी रहती है। आए दिन हाथियों के हमले में लोगों की जान जा रही है जबकि मानव हाथी द्वन्द में हाथियों को भी अपनी जान गंवानी पड़ रही है।

### दल्ली राजहरा पहुंचे दो हाथी

**बालोद।** एक दिन में 50 किमी की दूरी तय करके जिले के गुरुर से दल्ली राजहरा शुक्रवार को 2 दंतैल हाथी पहुंचे हैं। आज सुबह घोड़ा मंदिर के पास हाथियों को देखते ही मजदूरों ने भागकर अपनी जान बचाई। इस दौरान एक व्यक्ति गिर भी गया। गुरुवार सुबह हाथियों ने गुरूर वन क्षेत्र में फसलों को नुकसान पहुंचाया था। बताया जा रहा है कि पिछले तीन सालों से दल्ली राजहरा में हाथियों की मौजूदगी है। इस दौरान हाथियों के कारण 6 लोगों की जान जा चुकी है। हाथियों के आने से किसानों की फसलें भी बर्बाद हो रही है।

### दंतैल ने युवक को उतारा मौत के घाट

**कोरबा।** पड़ोसी जिले से देर रात को आ धमके एक दंतैल हाथी ने युवक को पटक पटक कर मौत के घाट उतार दिया। घटना की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची।



शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। मृतक के परिजनों को वन विभाग की ओर से प्राथमिक सहायता राशि 25 हजार रुपए प्रदान की गई है जबकि घटना के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में दहशत है।

## खबर संक्षेप

### हाइकोर्ट ने सजा के खिलाफ पेश अपील खारिज की

**बिलासपुर।** जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल ने किसान को मादक द्रव्य देकर फर्जी बिक्री विलेख तैयार पर 8.85 एकड़ जमीन अपने नाम पंजीयन कराने के आरोपी वकील व उसके सहयोगी गवाह की अपील को खारिज करते हुए सत्र न्यायालय के आदेश को यथावत रखा है। इस मामले के दो आरोपी पटवारी एवं दस्तावेज लेखक की संलिप्तता सिद्ध नहीं होने पर दोषमुक्त किया है। आरोपी वकील को फरवरी 2016 में 3 वर्ष की कैद हुई की सजा सुनाई गई थी। सीपत थाना क्षेत्र के ग्राम खैरा निवासी शिकायतकर्ता मेहर चंद पटेल ने 2013 में सिविल लाइन थाने में लिखित शिकायत की। शिकायत में कहा गया कि उसके पास ग्राम खैरा में 8.85 एकड़ कृषि भूमि थी। बिलासपुर जिला न्यायालय में वकालत करने वाला वकील उन्हें कानूनी सलाह दिया करता था।

### एएसआई के रिटायरमेंट के बाद भी रिकवरी आदेश रायपुर एसपी को नोटिस

बिलासपुर। एएसआई के रिटायरमेंट के बाद भी उसके खिलाफ रिकवरी आदेश जारी कर समस्त देयकों को रोक दिया गया। अदालती आदेश के बाद भी देयकों का भुगतान नहीं करने पर अब हाईकोर्ट ने रायपुर पुलिस अधीक्षक के खिलाफ अवमानना नोटिस जारी कर जवाब माँगा है। शौर्य पेट्रोल पंप याने पुलिस पंप रायपुर में कार्यरत सहायक उपनिरीक्षक मैकेनिक के खिलाफ पेट्रोल पंप में अनियमितता बरतने एवं 1 करोड़ से अधिक की राशि गबन करने के आरोप में विभागीय कार्रवाई करते हुए लगभग 10 लाख राशि वसूली का आदेश 7 साल पूर्व जारी किया गया था। जिसके विरुद्ध इस सहायक उप निरीक्षक ने हाईकोर्ट में रिट याचिका प्रस्तुत की थी। इस पर अदालत ने वसूली पर रोक लगाई गई थी। इसी दौरान गत 21 फरवरी 2024 को वह सेवानिवृत हो गया। इसके बाद उसके समस्त सेवानिवृति लाभों का भुगतान को विभाग ने रोक दिया। अवमानना याचिका पर पुलिस अधीक्षक लाल उमेद सिंह को अवमानना नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

### सोशल मीडिया अकाउंट्स जांच की मांग खारिज

**बिलासपुर।** बलात्कार का आरोप झेल रहे एक फूड अफसर की उस याचिका को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है, जिसमें उसने पीड़िता के सोशल मीडिया अकाउंट्स की जांच की मांग की थी। याचिकाकर्ता ने यह मांग करते हुए कहा कि अकाउंट्स के जरिए उन दोनों की अंतरंगता का पता लगाया जा सकता है। याचिकाकर्ता ने दुष्कर्म के आरोप को गलत ठहराते हुए इसे आपसी सहमति का मामला बताया था। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने कहा है कि गोपनीयता से समझौता कतई नहीं किया जा सकता। ट्रायल कोर्ट के आदेश को बरकरार रखा है, जिसमें एक दुष्कर्म पीड़िता के सोशल मीडिया अकाउंट्स फेसबुक और इंस्टाग्राम प्रोफाइल तक पहुंच की आरोपी पक्ष की प्रार्थना को उसकी गोपनीयता के संभावित उल्लंघन के आधार पर खारिज कर दिया गया था। जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा ने आरोपी पक्ष के ऐसे अनुरोध को खारिज कर दिया, जो अभियोजन पक्ष द्वारा याचिकाकर्ता के खिलाफ आरोपों की प्रामाणिकता को सत्यापित करने किया गया था।

**केंद्र सरकार ने स्वीकृत किए हैं 15 हजार आवास**

## सीएम ने आत्मसमर्पित नक्सलियों के 2500 परिवारों को दी पीएम आवास की पहली किस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शुक्रवार को आत्मसमर्पित नक्सलियों और नक्सल हिंसा से प्रभावित 2500 परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना की पहली किस्त जारी की । छत्तीसगढ़ के विशेष आग्रह पर केंद्र सरकार ने ऐसे परिवारों के लिए 15 हजार आवास स्वीकृत किए हैं। कुल दस करोड़ रुपए आज हितग्राहियों के खातों में अंतरित किया गया, प्रथम किस्त के रूप में 2500 परिवारों को 40-40 हजार रुपए जारी किए गए। मुख्यमंत्री ने राशि अंतरण कार्यक्रम में मंत्रालय से वर्चुअली जुड़े 17 जिलों के हितग्राहियों से की बात, आवास निर्माण के लिए पहली किस्त मिलने पर बधाई दी। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव निहारिका बारिक सिंह भी कार्यक्रम में मौजूद थी।

- बस्तर जिले के दो हितग्राहियों से मुख्यमंत्री ने किया संवाद



### आवास योजना के लिए दी बधाई

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण विशेष परियोजनान्तर्गत आत्म समर्पित नक्सलियों व नक्सल हिंसा से प्रभावित 2500 हितग्राहियों को आवास निर्माण की राशि अन्तरण हेतु कार्यक्रम में बस्तर जिले के दो हितग्राहियों से मुख्यमंत्री ने संवाद कर आवास योजना के लिए बधाई दी।

### बरसात से पहले राशि का करें उपयोग

कार्यक्रम उपरांत कलेक्टर हरिस एस ने योजना के लाभार्थियों को आवास बनाने के लिए खातों में अंतरित राशि का जल्द उपयोग कर बरसात से पहले निर्माण कार्य को पूर्ण करने की बात कही। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन सहित अन्य हितग्राही भी मौजूद थे ।

### नक्सलियों ने बेटे की कर दी थी हत्या

जिला कलेक्टर कार्यालय के एनआईसी कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में बस्तर जिले के लोहांडीगुड़ा विकासखंड के नक्सल पीड़ित मिनकेतन ठाकुर ने मुख्यमंत्री को बताया कि अलनार बाजार में नक्सलियों द्वारा उनके बेटे की हत्या की गई थी। अभी परिवार में चार सदस्य हैं। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना के विशेष परियोजना के तहत आवास की पहली किश्त की राशि चालीस हजार मिलने की जानकारी देते हुए मिनकेतन को बधाई दी। साथ ही 2014 में आत्मसमर्पित किए हुए परदेसी को भी मुख्यमंत्री ने बधाई दी। मुख्यमंत्री ने परदेशी से जीवनयापन के लिए क्या करते हैं का सवाल किया तो उन्होंने बताया कि खेती किसानी करते हैं।

## सुखीपाली जंगल में दो महीने से फांसी पर लटकी थी अधेड़ की सड़ी-गली लाश

**पिथौरा (ग्रामीण)।** थाना क्षेत्र के सुखीपाली गांव स्थित झारमुड़ा बांध के पास जंगल में एक अधेड़ व्यक्ति की करीब दो महीने पुरानी सड़ी-गली लाश पेड़ में फांसी पर लटकी मिली। मृतक की पहचान विशाल ध्रुव पिता अर्जुन सिंह ध्रुव उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम परसापाली थाना पिथौरा के रूप में की गई है।

इस मामले की जांच कर रहे एएसआई सिकंदर भोई ने बताया कि 12 फरवरी 2025 को विशाल ध्रुव की गुमशुदगी की रिपोर्ट उनके परिजनों द्वारा दर्ज कराई गई थी। परिजनों ने बताया था कि वह 8 फरवरी को साइकिल बनाने के नाम पर घर से निकला था, लेकिन उसके बाद लौटकर नहीं आया। दो महीने से अधिक समय बीत जाने के बाद उसकी लाश जंगल में एक पेड़ पर फांसी में लटकी हुई मिली। मृतक का शव पूरी तरह सड़ चुका था। कमर के नीचे का हिस्सा पूरी तरह से जंगली जानवरों ने नोचक खा लिया था। लाश की पहचान मृतक के कपड़े, गमछा, बनियान और गले में पहने रेशमी धागा व ताबीज से हुई।

### स्थानीयों में दहशत, परिजनों में शोक

घटना के बाद से ही इलाके में भय का माहौल है। मृतक के परिजन गहरे शोक में हैं। और पुलिस से निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं। विशाल ध्रुव के लापता होने के बाद परिजनों ने शुरुआत में उन्हें कई जगहों पर खोजबीन की, लेकिन जब कोई पता नहीं चला तब गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। अब दो महीने बाद लाश मिलने से उनके परिवार सदमे में हैं। परिजनों का कहना है कि विशाल ध्रुव मानसिक रूप से बिल्कुल स्वस्थ और जिम्मेदार व्यक्ति था, जो घर-परिवार का भरण-पोषण कर रहा था।

**केंद्र सरकार से मिलेंगे 45 करोड़ रुपए**

## लिथियम खदान के दायरे में आया रामपुर जलाशय

**कोरबा।** लिथियम खदान के दायरे में सिंचाई विभाग की रामपुर जलाशय परियोजना आने के बाद इसके एवज में राज्य सरकार को केंद्र सरकार से 45 करोड़ रुपए की एक बड़ी राशि मिलेगी। जिसकी शासकीय प्रक्रिया विभाग के द्वारा पूरी कर राज्य शासन को प्रेषित कर दी गई है। पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड की यह सबसे बड़ी परियोजना थी। लगभग 11 साल पहले पोड़ी उपरोड़ा और कटघोरा विकासखंड के ग्रामों को सिंचित करने के उद्देश्य से सिंचाई विभाग के द्वारा रामपुर डायवर्सन योजना के नाम से परियोजना शुरु की गई थी। इस योजना के पूरी होने पर कुल 83 करोड़ रुपए की लागत आती इसमें सरकार के 45 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं। इस बीच रामपुर जलाशय के लिथियम खदान के दायरे में आने के बाद इसके आगे का काम रोक दिए गए हैं।

- सिंचाई विभाग ने बंद किया नहर निर्माण, 98 लाख रुपए का बांटना था मुआवजा



### कटघोरा ब्लॉक को मिलता लाभ

कटघोरा से महज 7 किमी दूर पोड़ी उपरोड़ा के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में भले ही यह परियोजना तैयार की जा रही थी किंतु इसका सर्वाधिक लाभ कटघोरा विकासखंड के किसानों को मिलता।

### परियोजना के काम बंद

लिथियम खदान के दायरे में आने के बाद रामपुर जलाशय परियोजना के सभी काम बंद कर दिए गए हैं। अब तक मुआवजा और निर्माण में 45 करोड़ खर्च हो चुके हैं जिसकी पूरी रिपोर्ट प्रदेश सरकार को भेज चुकी है जो केंद्र सरकार को भेजी जाएगी। उक्त राशि केंद्र सरकार से ही मिलेगी।

**एसएल द्विवेदी**, कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन विभाग

## स्वास्थ्य न्याय यात्रा में कांग्रेस नेता प्रदेश सरकार के खिलाफ गरजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

जिला कांग्रेस द्वारा अपोलो अस्पताल चौक से स्वास्थ्य न्याय यात्रा निकाली। यह स्वास्थ्य न्याय यात्रा नेहरू चौक पर आमसभा में तब्दील हो गई, जिसमें हुंकार भरते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि इस स्वास्थ्य न्याय यात्रा की तरह ही प्रदेश सरकार की हर नाकामी के खिलाफ कांग्रेस पार्टी न्याय यात्रा निकालेगी। कांग्रेस कार्यकर्ता कदम से कदम एवं कंधा से कंधा मिलाकर चलें तो तीन साल में प्रदेश सरकार को उखाड़ फेकेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने न्याय यात्रा को शानदार बताते हुए कहा कि बिलासपुर से आज न्याय यात्रा की शुरुआत हुई है और इसी तरह जिला अध्यक्ष अपने-अपने जिलों में छोटी-छोटी न्याय यात्रा कर सकते हैं। उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं की बदहाली का जिक्र किया। बस्तर में हम लोगों ने देखा है मलेरिया, सिकलसेल एनीमिया से मौत होती थी। कांग्रेस सरकार के पांच सालों में इन बीमारियों से मुक्त हो था, अब फिर मौत होने लगी है ।



### प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधा ध्वस्त - महंत

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सुविधा पूरी तरह ध्वस्त हो चुका है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत का कहना है कि प्रदेश सरकार कौन चला रहा है और कहां से सरकार चल रही है यह हमको पता ही नहीं चल पा रहा है। हमको तो पता ही नहीं चल पा रहा है कि सरकार किसकी चल रही है। बिलासपुर में या रायपुर में सरकार किसकी चल रही है। हम लोगों को पता ही नहीं चल रहा कहां से और कौन सरकार चला रहा है। प्रदेश अध्यक्ष की दौड़ में बहुत से लोग हैं पर मेरा हाथ किसी के ऊपर नहीं है।

### एम्स की मांग की थी इसलिए चुनाव हारा - सिंहदेव

पूर्व स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में काम करना बहुत कठिन है। जब स्वास्थ्य मंत्री का पद लिया तो मेरे घर लोगों ने मना किया किया था। लेकिन समर्पित भाव इस क्षेत्र में काम करना चाहता था और मौका भी मिला। उन्होंने कहा कि उस समय जो स्वास्थ्य सुविधा थी उससे वर्तमान में पीछे आ गया है। पहले से ज्यादा उनके पास स्वास्थ्य के मामले को लेकर लोगों के फोन आ रहे हैं। पीएचसी, डीएचसी में खून की जांच की व्यवस्था की थी वो सुविधा आज नहीं है। आयुष्मान कार्ड की बात करते हैं तो प्राइवेट अस्पतालों का लगभग 1200-1500 करोड़ भुगतान बकाया है जिससे लोगों को आयुष्मान से ईलाज का सुविधा नहीं मिल पा रहा है।

**हृदयविदारक घटना से दोनों गांवों में शोक**

## ट्रॉली में घुसी बाइक दो की मौके पर मौत

**पिथौरा(ग्रामीण)।** राष्ट्रीय राजमार्ग 53 पर शुक्रवार की शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। ग्राम भोकलुडीह के पास सड़क किनारे खड़ी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली से बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। और बाइक ट्रैक्टर ट्राली के अंदर जा घुसी, इस हादसे में ग्राम डोंगरीपाली निवासी अमित सागर 25 वर्ष और लाखागढ़ निवासी मुकेश सोना 26 वर्ष की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के तुरंत बाद दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा लाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस हृदयविदारक घटना से दोनों गांवों में शोक की लहर है।



## बरबसपुर घाट में रेत से भरी हाईवा में दबकर युवक की संदेहास्पद मौत



**महासमुंद।** महानदी के तटीय पंचायतों को प्रशासन द्वारा नोटिस जारी किए 24 घंटे भी नही बीते थे और बरबसपुर रेत घाट में एक युवक की ट्रक से लदे हाईवा से दबकर मौत हो गई। मृतक युवक आरंग क्षेत्र के पारागांव का निवासी बताया जा रहा है वहीं संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। मृतक संतु पाल पूर्व में पारागांव का उपसरपंच रह चुका है।

उल्लेखनीय है कि एक दिन पूर्व ही जिला प्रशासन की ओर से एसडीएम ने बरबसपुर सहित 11 सरपंचों और पंचों को नोटिस देकर अवैध उत्खनन में उनकी जवाबदेही मानते हुए सरपंचों से लिखित जबाव मांगा गया है। वहीं संतोषप्रद जवाब नहीं होने की दशा में कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। जिले में रेत माफिया महानदी का सीना छलनी कर करोड़ों की काली कमाई की जा रही है। कुछ सप्ताह पूर्व जिले के गढ़सिवनी में अवैध रेत का उत्खनन तकरीबन डेढ़ माह तक जारी रहा। रेत माफियाओं के चलते ग्रामीणों के बीच बलवा तक की स्थिति निर्मित हो गई। गांवों में रेत उत्खनन को लेकर लोग आपस में आमने-सामने होने लगे हैं। जिससे कभी भी कोई बड़ी घटना सामने आ सकती है।

**रेस्क्यू आपरेशन चलाया, 24 घंटे बाद भी नहीं मिला है सुराग**

## आंधी-बारिश में तांदुला जलाशय से एक मछुआरा लापता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

बालोद जिले के तांदुला जलाशय में गुरुवार शाम को आई तेज आंधी-तूफान के कारण पानी की तेज लहरों एक मछुआरे की थर्मोकोल से बनी डोंगा (सीढ़ी ) उछल गई। डोंगा में सवार बोरिद गांव निवासी सोमन कुमारनिषाद(48) लापता हो गया है। 24 घंटे बाद भी युवक का पता नहीं चल सका। जानकारी के मुताबिक, सोमन निषाद रोज की तरह थर्मोकोल से बनी डोंगा लेकर गुरुवार शाम जाल के साथ तांदुला डेम गया था।

- थर्मोकोल की नाव से मछुआरा उछला फिर उसके बाद नहीं देखा गया

करीब शाम 5 बजे अचानक तेज आंधीऔर तूफान शुरू हो गया ।जिससे जलाशय में बड़ी-बड़ी लहरें उठनेलगीं, अचानक मौसम परिवर्तन होने तेज हवा ,बारिश तेज लहरों में थर्मोकोल से बनी डोंगा लहरों की चपेट में आकर उछल गई होगी व उसमे सवार सोमन निषाद जलाशय में गिर गया होगा ,रात्रि 8 बजे के आसपास हवा तूफान के थमने के बाद भी सोमन निषाद के घर नहीं पहुंचने पर परिजन चिंतित हो गए और सोमन निषाद की पतासाजी करने जलाशय की ओर गए ,जलाशय के छोर में बनाए गए अस्थाई मछुवारो के कैंप में जानकारी लेने पर सोमन निषाद की कोई खबर नहीं मिलने पर परिजनों का बुरा हाल था।



### रेस्क्यू अभियान से जानकारी नहीं मिली

शुक्रवार को सुबह से शाम तक मछुवारों के साथ ग्रामीण नाव के सहारे जलाशय के पानी में सोमन की खोजबीन करते रहे किंतु सोमन निषाद का कोई पता नहीं चला ,मछुवारों ने शनिवार सुबह से सोमन निषाद की खोजबीन करने की बात कही बालोद थाना में उक्ताशय की जानकारी देने के बाद पुलिस दल ग्राम बोरिद पहुंचकर घटना की जानकारी ली और सोमन निषाद को खोजने के लिए की टीम मौके पर शाम तक रेस्क्यू अभियान चलाई किंतु सोमन निषाद का कुछ पता नहीं चल पाया । ग्राम बोरिद के ग्रामीण ,परिजन सुबह से मछुवारों के साथ जलाशय के किनारे डटे हुए थे 24घंटे होने के बाद भी सोमन निषाद के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिलने पर चिंतित नजर आ रहे थे। सोमन निषाद की धर्मपत्नी सहित उसके दो लड़की एक लड़का किसी अनहोनी को लेकर गंभीर नजर आए ।

रायपुर
शनिवार, 3 मई 2025
वैशाख शुक्ल पक्ष षष्ठी
वर्ष: 23, अंक: 285
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य: 5.00**

मौसम
अधि. 37.4
न्यून. 21.0

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



06 हॉलीवुड नहीं जाएंगी करीना

विचार पेज
04 शुरुआत अच्छी पर चुनौतियां भी कई

# बैंक के पर्सनल अकाउंट से पैसे डालते रहे अपने खाते में, 7 करोड़ का गबन, 6 बर्खास्त, 3 पदावनत,15 की वेतनवृद्धि रोकी

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिला सहकार केंद्रीय बैंक में हुए करोड़ों के घोटाले के आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए 6 अधिकारियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। संलिप्त 3 कर्मचारियों को पदावनत किया गया है। इसके अलावा अन्य 15 कर्मचारियों की वेतनवृद्धि रोकते हुए वसूली करने आदेश जारी किया गया है। यह घोटाला वर्ष 2016 से 2022 के मध्य हुआ। बैंक में कार्यरत कर्मचारियों ने ही घोटाला करते हुए बैंक के लगभग 7 करोड़ रुपए गबन कर लिए। 6 सालों तक यह घोटाला ▶▶|शेष पेज 7 पर

### ऐसे हुआ घोटाला

प्रत्येक बैंक में वहां के खाताधारकों का अकाउंट होता है। इन खाताधारक आम नागरिकों के अलावा बैंक का भी अपना पर्सनल अकाउंट होता है। इन खातों में प्रत्येक बैंक में कुछ राशि जमा रहती है। इस राशि का उपयोग बैंकिंग संबंधित कार्य जैसे- लोन देना या अन्य कार्यों में किया जाता है। चूंकि बैंक का संचालन इन आरोपियों के हाथ में ही था, इसलिए उन्हें बैंक के इन पर्सनल अकाउंट का पासवर्ड पता ▶▶|शेष पेज 7 पर

## जानिए... किस शाखा में कितने की गड़बड़ी

### प्रधान शाखा : 3.09 करोड़ का घोटाला

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर के परिसर में स्थित प्रधान शाखा में गड़बड़ी कर 3.09 करोड़ की आर्थिक क्षति बैंक को पहुचाई गई। इस प्रकरण में संलिप्त चंद्रशेखर डग्गर, संजय शर्मा, विजय वर्मा, घनश्याम देवांगन एवं पंकज सराफ को सेवा से बर्खास्त किया गया है। दो कर्मचारी अशोक पटेल एवं प्रकाश गवारले को पदावनत किया गया तथा शेष कर्मचारियों की वार्षिक वेतन वृद्धि रोकी गई है।

### गंज शाखा : 1.01 करोड़

बैंक की रायपुर शाखा गंज एवं खोरपा से 1.01 करोड़ की धांधली हुई। इस प्रकरण में भी विजय वर्मा शामिल रहा, जिसे सेवा से बर्खास्त करने आदेश हुआ है। इसके अतिरिक्त शारदा शर्मा को पदावनत करने एवं 2 कर्मचारियों की वार्षिक वेतनवृद्धि रोकी गई है।

### बटगन-बलौदाबाजार शाखा : 3.45 करोड़ की हेरफेर

सर्वाधिक गड़बड़ी बैंक के इस शाखा में ही हुई है। यहां 3.45 करोड़ रुपए बैंक के अकाउंट से अपने पर्सनल अकाउंट में आरोपियों ने हस्तांतरित किए। गड़बड़ी के मुख्य आरोपी सूरज साहू को सेवा से बर्खास्त करते हुए गबन की राशि वसूलने निर्देश दिए गए हैं।

### अनियमितता के प्रकरणों में कार्यवाही



सहकारी बैंकों में अनियमितता के प्रकरणों में लगातार कार्यवाही की जा रही है। बैंकों के कार्यों को पारदर्शी बनाने तथा जवाबदेही तय करने के प्रयास निरंतर जारी है। बैंक में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

- कुलदीप शर्मा
प्राधिकृत अधिकारी, सहकारी बैंक

अंधड़ में बिजली गुल आम समस्या, पर बड़ी वजह है, सैकड़ों ट्रांसफार्मर और तारों का पेड़ों से घिरा होना

# आधे घंटे का तूफान, 24 घंटे की कसरत कहीं लौटी बिजली, कहीं अब भी अंधेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गुरुवार को आंधी तूफान के बाद बिगड़ी बिजली व्यवस्था 24 घंटे बाद भी सामान्य नहीं हो सकी। राज्य के कई इलाकों में तार टूटने, ट्रांसफार्मर उड़ने जैसी घटनाएं हुई थीं, जिसके कारण बिजली गुल रही। बिजली विभाग पूरी रात व्यवस्था सुधारने में जुटा रहा, लेकिन स्थिति सामान्य नहीं हो सकी। अंधड़ में बिजली गुल आम समस्या है, पर इसके पीछे पेड़ों से उलझे तार मुख्य कारण है।

हरिभूमि फॉलोअप

राजधानी रायपुर में ही बिजली के तारों पर सैकड़ों की संख्या में हर क्षेत्र में पेड़ लटके हुए हैं। थोक में ट्रांसफार्मर और खंबों के तारों के ऊपर पेड़ों की बड़ी-बड़ी डालियां लटकी हुई हैं। कई सब स्टेशनों में भी पेड़ों का जाल बिछा हुआ है। मेंटेनेंस के नाम पर पॉवर कंपनी महज खानापूर्ति करने के अलावा कुछ नहीं करती। पेड़ों को काटने के नाम पर सालभर में कई बार बिजली भी बंद की जाती है, लेकिन नतीजा कुछ निकलता नहीं है। एक दिन पहले आए आंधी तूफान ने राजधानी में आधे से ज्यादा आबादी की बिजली गुल होने से पॉवर कंपनी की मेंटेनेंस की पोल खोल कर रख दी है। ज्यादातर स्थानों में बिजली बंद होने का कारण तारों पर पेड़ों का गिरना ही रहा है। स्थिति यह रही है कि शहर के कई इलाकों में जहां 24 घंटों बाद ▶▶|शेष पेज 7 पर



### प्रदेशभर में हजार से ज्यादा बिजली खंभे टूटे, 1217 लाइनें हुईं प्रभावित

प्रदेशभर में आंधी-तूफान के कारण रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव तथा जगदलपुर क्षेत्र में पेड़ गिरने तथा तेज हवा के कारण हजार से ज्यादा बिजली के खंभे टूटे। 1217 लाइनें क्षतिग्रस्त हुईं, जिससे ज्यादातर फीडरों से विद्युत आपूर्ति बंद हो गई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा तेजी से सुधार तथा आपूर्ति सामान्य करने के निर्देश दिए गए तथा किए जाने वाले कार्यों पर लगातार नजर रखी गई। ऊर्जा सचिव की निगरानी में मैदानी विद्युत अमले ने दिन-रात एक करके विद्युत व्यवस्था को सामान्य किया। रायपुर ग्रामीण क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक संदीप वर्मा ने बताया, रायपुर ग्रामीण बलौदाबाजार-भाटापारा, धमतरी, महासमुंद एवं गरियाबंद जिला में बड़े पैमाने पर पेड़ आदि के गिरने के कारण कई पोल क्षतिग्रस्त होकर टूट गए। 33 केवी लाईन में तीन पोल टूटने के कारण, 33/11 केवीउपकेन्द्र हथबंध की सप्लाई पूर्ण रूप से बाधित हो गई थी, जिसे 24 घंटों के अंदर पोल खड़े कर चालू कर दिया गया। इसी प्रकार 11 केवी के 807 पोल भी टूट गए हैं। 11 केवी के 27 नग फीडर की सप्लाई बाधित हुई है। इससे 350 बस्तियों की आबादी प्रबावित हुई थी, इसमें से 45 बस्तियों का काम अभी चल रहा है। ▶▶|शेष पेज 7 पर

### 24 घंटों के बाद भी बिजली व्यवस्था बहाल नहीं

राजधानी के कई इलाकों में 24 घंटों के बाद भी बिजली व्यवस्था बहाल नहीं हो सकी। ऐसे इलाकों में लाभाड़ी, राजेंद्र नगर, महावीर नगर, पुरैना शामिल हैं। डीडी नगर में कंचनगंगा फेस टू, लोकमान्य और विवेकानंद गेट के पास की लाइट भी 24 घंटों तक प्रारंभ नहीं हो सकी। डीडी नगर में आधा दर्जन से ज्यादा ट्रांसफार्मरों की खराबी को शुक्रवार को ठीक करके बिजली व्यवस्था बहाल की गई। इसके कारण भी घंटों बिजली गुल की गई। ऐसे और भी कई इलाके रहे हैं जहां पर 24 घंटों के बाद बिजली आई। पॉवर कंपनी के अधिकारियों का कहना है राजधानी में ज्यादातर स्थानों पर 24 घंटों के पहले ही बिजली व्यवस्था बहाल कर ली गई। ▶▶|शेष पेज 7 पर

### बिजली व्यवस्था बहाल

जहां भी आंधी-तूफान के कारण शहर में बिजली व्यवस्था बाधित हुई थी, वहां की व्यवस्था बहाल कर दी गई है। कुछ स्थानों में बड़ी खराबी होने के कारण ज्यादा समय लगा। हमारा अमला रातभर लगा रहा। आज भी दिनभर काम किया गया है।

- महावीर विश्वकर्मा
अधीक्षण अभियंता, सर्किल एक

**शिकायत केंद्रों में लाइनें :** बिजली बंद होने के बाद गुरुवार से लेकर शुक्रवार तक शिकायत केंद्रों में शिकायत करने वालों की लंबी लाइनें रही। ज्यादातर लोग व्यक्तिगत रुप से अपने घरों की बिजली बंद होने की शिकायतें लेकर पहुंचे थे। इनकी शिकायतों का निराकरण ही सबसे अंत में किया गया।

# गांवों में ब्लैक आॅउट

## थोक में गिरे खंभे, टूट गए तार, पूरी रात चली मरम्मत, अब भी मशक्कत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव/ मैनपुर/ बेमेतरा/ भिलाई

गुरूवार की शाम से अचानक बदला मौसम देर रात तक खराब रहा। जिसके कारण प्रदेश के कई हिस्सों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रही, वहीं कई इलाकों में सैकड़ों की संख्या में पेड़-पौधों के धराशायी होने और ओलावृष्टि की भी खबरे मिली हैं। राजनांदगांव में गुरूवार की शाम आए आंधी तूफान ने अविभाजित जिले में जमकर तबाही मचाई है। करीब आधे घंटे तक चली तेज हवाओं के कारण सैकड़ों पेड़ गिरने से जहां आवाजाही प्रभावित हुई है।

- बेमेतरा के ग्रामीण अंचल में ब्लैक आॅउट, मोटरपंप व इंटरनेट भी बन्द

वहीं 50 से अधिक विद्युत पोल के टूटने के कारण कई इलाके रात भर ब्लैक आउट में रहे। सीएसईबी के अधिकारियों का कहना है कि इस दौरान अविभाजित जिले में बिजली बंद होने की करीब 200 से ज्यादा शिकायतें भी दर्ज की गई है। विद्युत व्यवस्था को बहाल करने में जुटे अमले को अच्छी खासी दिक्कतों का भी सामना करना पड़ा। शाम पांच बजे से बंद हुई बिजली कई इलाकों में आज सुबह बहाल हो सकी है। ▶▶|शेष पेज 7 पर

### गरियाबंद में गिरे ओले

गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड में गुरूवार को तेज आंधी और बारिश के बाद दर्जनों ग्रामों में बिजली आपूर्ति रातभर बाधित रही। हालंकि अल सुबह 4 बजे के आसपास मैनपुर नगर में बिजली व्यवस्था बहल कर दी गई, लेकिन ग्रामीण इलाकों के गांवो में बिजली बंद रही जो शुक्रवार दोपहर तक बहल हो पाई। तेज आंधी तूफान ओलावृष्टि के कारण नेशनल हाईवे सहित 130 सी मुख्यमार्ग व ग्रामीण इलाकों के मार्गों में जगह-जगह बड़े -बड़े वृक्ष गिर गए। जिसके कारण यात्रीगण रात को भारी परेशान होते रहे। कई घरों और मकानों के छप्पर उड़ गए। वहीं आमामोरा ओड़ मार्ग में लगाए गए किसान के खेत के सौर ऊर्जा प्लेट उखड़ गए।

### दुर्ग डिविजन में 162 पोल गिरे, शहर से गांव तक 26 घंटे बिजली फेल

भिलाई में गुरूवार की शाम आई तेज अंधड़ व तूफान कहर सा बरपा दिया। शाम 4 बजे से बिजली व्यवस्था ऐसी ध्वस्त हुई कि शुक्रवार दूसरे दिन शाम तक यानी 26 घंटे तक बिना लाइन के लोगों ने काटी। शाम 6 बजे के बाद बिजली लोगों के घरों में आना शुरू हुई है। ट्विनसटी व ग्रामीण इलाके में 162 बिजली पोल गिर गए हैं। पेड़ों व उनकी टहनियां टूटकर 11 केवीए व एलटी लाइन में गिरी हैं। इस घटना से 57 बिजली तार टूट गए हैं।

### ग्रामीण क्षेत्रों में सबसे ज्यादा 150 बिजली पोल गिरे

अंधड़ व तूफान की वजह से सबसे ज्यादा बिजली पोल गिरने की घटनाएं ग्रामीण क्षेत्रों में हुई है। दुर्ग विद्युत वितरण क्षेत्र के अंतर्गत दुर्ग, बेमेतरा व बालोद आते हैं। यहां के 6 डिवीजन में 150 बिजली के पोल गिरे। सालों बाद इतनी तेज रफ्तार से हवाएं चली कि 11 केवीए की लाइन तक को नुकसान पहुंचा है। दुर्ग जिले के निगम क्षेत्रों में 41 बिजली लाइन टूटे मिले। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली लाइन 16 जगह टूटी है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

INDIAN PREMIER LEAGUE स्कोर बोर्ड

गुजरात 224/6 VS हैदराबाद 186/6
38 रन से जीता गुजरात
2 विकेट : प्रसिद्ध कृष्णा
प्लेयर ऑफ द मैच
आज का मैच
बेंगलुरु VS चेन्नई
समय : शाम 7.30 बजे

## खबर संक्षेप

### हाईकोर्ट में 12 मई से 6 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में समर वेकेशन घोषित कर दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार 12 मई से 6 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश रहेगा। इस बीच 7 जून शनिवार और 8 जून रविवार होने की वजह से अब 9 जून से हाईकोर्ट में नियमित रूप से सुनवाई होगी। हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार (ज्यूडिसियल) द्वारा जारी ▶▶|शेष पेज 7 पर

### दुर्घटना में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के पाली जिले में सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। थाना प्रभारी भगाराम ने बताया कि मुंबई की तरफ से आ रही एक कार सड़क किनारे खड़े ट्रैलर से जा टकराई।

सीसीटीवी और सुरक्षा गार्ड की सुविधा

# भारत गौरव ट्रेन से करिए चार धाम की यात्रा...1.35 लाख में मिलेंगी शाही सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

केदारनाथ के द्वार खुलने के साथ ही बड़ी संख्या में लोग चार धाम की यात्रा की योजना बना रहे हैं। लंबे समय बाद एक बार फिर से आईआरसीटीसी ने चार धाम की आध्यात्मिक यात्रा का पैकेज तैयार किया है। भारत गौरव डीलक्स एसी टूरिस्ट ट्रेन के जरिए यात्रियों को चार धाम भ्रमण कराएगी। यह विशेष यात्रा 27 मई से दिल्ली के सफदरजंग रेलवे स्टेशन से शुरू होगी। यह यात्रा 16 रात और 17 दिन की होगी, जिसमें श्रद्धालु चार धाम- बद्रीनाथ, जगन्नाथ पुरी, रामेश्वरम और द्वारकाधीश के दर्शन करेंगे। इस ट्रेन में यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। ट्रेन में एसी प्रथम, द्वितीय और तृतीय श्रेणी की बोगियां हैं, दो शानदार डाइनिंग रेस्टोरेंट, ▶▶|शेष पेज 7 पर

ट्रेन में यात्रियों को मिलेगी डाइनिंग रेस्टोरेंट, फूट मसाजर



### इतना देना होगा किराया

यह यात्रा एक ऑल-इन्क्लूसिव पैकेज है जिसकी शुरुआती कीमत प्रति व्यक्ति 1,35,870 रुपए है। इस पैकेज में एसी ट्रेन यात्रा, 3-स्टार होटलों में आवास, ट्रेन और यात्रा के दौरान शाकाहारी भोजन, वातानुकूलित वाहनों में स्थानांतरण और दर्शन (पर्वतीय क्षेत्रों को छोड़कर), यात्रा बीमा, आईआरसीटीसी के टूर मैनेजर/एस्कॉर्ट की सेवा शामिल है। इस विशेष ट्रेन में कुल 150 सीटें उपलब्ध हैं, जो पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर बुक की जा सकती हैं। श्रद्धालुओं के लिए यह यात्रा न केवल धार्मिक महत्व रखती है, बल्कि देश की सांस्कृतिक विविधता का अद्भुत अनुभव भी कराती है।

### मई के अंतिम सप्ताह में शुरू होगी यात्रा

यह ट्रेन यात्रा बद्रीनाथ धाम के खुलने के बाद मई के अंतिम सप्ताह में शुरू की जा रही है। यात्रा के दौरान श्रद्धालु बद्रीनाथ के चरण में बद्रीनाथ मंदिर, माणा गांव चीन सीमा के पास, नरसिंह मंदिर और जोशीमठ बद्री विशाल का शीतकालीन निवास, ऋषिकेश जाएंगे। पुरी के चरण में जगन्नाथ मंदिर, पुरी समुद्र तट, कोणार्क सूर्य मंदिर और चंद्रभागा समुद्र तट ले जाया जाएगा। रामेश्वरम के चरण में रामनाथस्वामी मंदिर और धनुषकोडी शामिल हैं, जबकि द्वारका के चरण में द्वारकाधीश मंदिर, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग और बेट द्वारका स्थलों के दर्शन होंगे। इसके अलावा यात्री काशी (काशी विश्वनाथ), पुणे (भीमाशंकर) और नासिक (त्र्यंबकेश्वर) के ज्योतिर्लिंग मंदिरों के भी दर्शन करेंगे। कुल मिलाकर इस यात्रा में लगभग 8,425 किलोमीटर की दूरी तय की जाएगी।

# हेराल्ड की दो हजार करोड़ की संपत्ति हड़पने की साजिश, सोनिया और राहुल को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने शुक्रवार को नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को नोटिस जारी किया है। यह नोटिस उनके खिलाफ दायर किए गए आरोपपत्र में संज्ञान लेने के सवाल पर सुनवाई के लिए जारी किया गया है। बता दें कि इससे पहले मामले में 15 अप्रैल को प्रवर्तन निदेशालय ने शिकंजा कसते हुए दोनों नेताओं सहित अन्य के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया था। मामले की अगली सुनवाई 8 मई को होगी।

ईडी से कसा शिकंजा
8 मई को होगी सुनवाई



### कोर्ट ने कहा- दूसरे पक्ष को भी बात कहने का अधिकार

स्पेशल जज विशाल गोगने ने कहा, आरोपपत्र की कमियों को दूर कर दिया गया है और वर्तमान मुद्दा यह है कि क्या भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 223 के तहत नोटिस जारी किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, ईडी के आरोपपत्र में उल्लेखित राहुल, सोनिया और अन्य लोगों को विशेष अधिकार है कि अदालत द्वारा उनके खिलाफ औपचारिक रूप से मामला उठाने का निर्णय लेने से पहले उनकी बात सुनी जाए।

### सोनिया-राहुल संग पित्रोदा व सुमन भी आरोपी

ईडी ने आरोपपत्र में सोनिया और राहुल के साथ सैम पित्रोदा और सुमन दुबे को भी आरोपी बनाया है। ईडी का आरोप है कि सोनिया और राहुल ने नेशनल हेराल्ड के प्रकाशक एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड की 2,000 करोड़ रुपये की संपत्ति 'हड़पने' की 'आपराधिक साजिश' रची। इसके लिए उन्होंने एजेएल की 99 प्रतिशत हिस्सेदारी 50 लाख रुपये में यंग इंडियन नामक एक निजी कंपनी को हस्तांतरित कर दी।

वक्फ कानून पर, सुनवाई 5 को

# मुस्लिम पक्ष ने कहा- संवैधानिक अधिकारों की गलत व्याख्या की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 के खिलाफ देशभर से 70 से अधिक याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई हैं, जिन पर उच्चतम न्यायालय में सुनवाई जारी है। शुक्रवार को इस मामले में एक और याचिका दायर की गई, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने उस पर सुनवाई से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया है कि वक्फ मामले में अगली सुनवाई 5 मई को होगी। याचिकाकर्ताओं ने अपने हलफनामों में दावा किया है कि वक्फ अधिनियम में किया गया यह संशोधन संविधान के अनुच्छेद 26 ▶▶|शेष पेज 7 पर



### मुस्लिम पक्ष ने कही ये बात

इस बीच, मुस्लिम पक्ष की ओर से जमील मर्चेंट और मौलाना अरशद मदनी ने जवाबी हलफनामा दाखिल किया, जिसमें कहा गया कि केंद्र सरकार ने अपने जवाब में नागरिकों को प्राप्त संवैधानिक अधिकारों की गलत व्याख्या की है। याचिकाकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट के वर्ष 2020 के मोहम्मद सलीम बनाम भारत सरकार फैसले का हवाला देते हुए कहा कि धार्मिक अधिकारों की व्याख्या पहले ही स्पष्ट की जा चुकी है।

गूंजे हर-हर महादेव के जयकारे, 10 हजार से ज्यादा श्रद्धालु रहे मौजूद

# वैदिक मंत्रोच्चार के बीच खुले केदारनाथ धाम के कपाट

एजेंसी ▶▶| देहरादून

केदारनाथ मंदिर के कपाट सर्दियों में छह माह बंद रहने के बाद शुक्रवार को सुबह वैदिक मंत्रोच्चार के बीच परंपरागत पूजा अर्चना के बाद श्रद्धालुओं के लिए फिर खोल दिए गए। साढ़े ग्यारह हजार फुट से अधिक उंचाई पर रुद्रप्रयाग जिले में स्थित ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग के सुबह सात बजे कपाट खुलने के मौके पर मंदिर प्रांगण में हजारों श्रद्धालुओं के साथ उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी मौजूद थे। ठंड के बावजूद अपार उत्साह से भरे श्रद्धालु 'बम-बम भोले', 'हर हर महादेव' और 'जय बाबा केदार' के जयकारे लगा रहे थे। बदरीनाथ धाम के कपाट रविवार को खुलेंगे और चारधाम यात्रा की शुरूआत हो जाएगी।

### पहली पूजा पीएम मोदी के नाम

केदारनाथ धाम में पहली पूजा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम से संपन्न हुई। इस मौके पर भगवान शिव के धाम को देश-विदेश से मंगाए गए विभिन्न प्रकार के 108 क्विंटल फूलों से सजाया गया है। कपाट खोले जाने के दौरान भी मंदिर और वहां मौजूद श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गयी। इस दौरान लगभग 10 से 12 हजार श्रद्धालु मौके पर मौजूद थे।





**टोकन व्यवस्था से दर्शन :** इस बार जो भी श्रद्धालु बाबा के दर्शन के लिए पहुंचेंगे उन्हें टोकन व्यवस्था के तहत दर्शन करने का मौका मिलेगा। स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों ने टोकन काउंटर की संख्या बढ़ाने और पीए सिस्टम से यात्रियों की जानकारी देने के साथ ही स्क्रीन पर स्लॉट और नंबर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए हैं। मौके पर पैरामिलिट्री बल और एटीएस सुरक्षा के लिए मौजूद रहेगा।

### सीएम धामी ने परिवार सहित की पूजा

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपनी पत्नी गीता के साथ ने भगवान शिव की पूजा अर्चना कर प्रदेश में सुख, समृद्धि ओर शांति की कामना की। देशवासियों को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि केदारनाथ धाम सनातन धर्मावलंबियों की धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र है। हमारे राज्य के लिए यह उत्सव का समय है। मुख्यमंत्री ने बाबा केदार से सभी यात्रियों की मंगलमय यात्रा की प्रार्थना की और उम्मीद जताई कि उनके आशीर्वाद से इस वर्ष भी चारधाम यात्रा नया कीर्तिमान बनाएगी।

दुनिया के सात ऐतिहासिक अजूबों में चीन की दीवार अपनी विशालता के लिए बहुत मशहूर है। सैकड़ों सालों से यह लंबी दीवार या दीवारों को समूह मजबूती से टिका हुआ है और यह वैज्ञानिकों के लिए पड़ताल का मुद्दा रहा है कि आखिर इतने सालों के बाद भी यह दीवार खत्म क्यों नहीं हो गई है। करीब 2200 किलोमीटर तक फैली यह दीवार आज तक इतनी संरक्षित तो रही है, लेकिन इसके संरक्षण के भी प्रयास किए जा रहे हैं। साइंस एडवांस में प्रकाशित शोध में शोधकर्ताओं ने इस दीवार के संरक्षण में उस पर जमे जिवित पदार्थों के फायदे और जोखिम को लेकर चल रही बहस खत्म करते हुए एक रहस्य को उजागर किया है।

# चीन की दीवार की रक्षा कैसे करता है 'जीवित पदार्थ', शोध ने खोला राज

कुछ लोगों को लगता है कि भौतिक और रासायनिक प्रक्रियाएं मिलकर सतह के नीचे की संरचना को एक तरह के अपक्षय से पीड़ित कर देती हैं और इसलिए उन्हें चीन की विशाल दीवार जैसी संरचनाओं के संरक्षण के लिए हटा देना चाहिए। वहीं कई लोगों का मानना है कि जीवित पदार्थों की यह परत एक तरह से दीवार के संरक्षण का काम कर रही है।

**अलग अलग पदार्थों का उपयोग :** कई हिस्सों में यह कहें कि बहुत सारी दीवारों से मिल कर बनी इस संरचना के बारे में बताया जाता है कि यह चीन के उत्तरी सीमा के इलाके में सातवीं ईसा पूर्व से बनना शुरू हुई थी। इसके बहुत सारे हिस्से टेढ़े मेढ़े और ऊंचे नीचे पहाड़ों पर रेंगते हुए पत्थर की तरह दिखाई देते हैं। इसके बहुत सारे पुराने हिस्से चिकनी मिट्टी से समृद्ध हैं जो लकड़ी के फ्रेम के बीच चट्टान की तरह ठोस होने तक लगाए गए थे।

## 2200 किलोमीटर तक फैली यह दीवार आज तक संरक्षित



**जीवित पदार्थों की परत**

चीन अमेरिका और स्पेन के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए अध्ययन में बायोक्रस्ट की चीन की दीवार के संरक्षण या नुकसान में भूमिका की पड़ताल की. बायोक्रस्ट वे जैविक पदार्थ हैं जो दीवार की परत पर की मिलीमीटर से कई सेंटीमीटर की गहराई तक जम जाते हैं। इनमें बैक्टीरिया, काई, फफूंद, और अन्य छोटे पौधे शामिल होते हैं जो किसी भी सतह पर ऊग आते हैं।

### 600 किलोमीटर लंबे हिस्से का अध्ययन

इस धारणा को मानने वालों का कहना है कि बायोक्रस्ट सतह की मिट्टी को हवा और बारिश बचाने में एक बड़ी भूमिका निभाती है और एक तरह से उसके लिए कवच का काम करती है, जिस तरह से वे प्राकृतिक सतह की रक्षा करते हैं। इसी की सच्चाई जानने के लिए शोधकर्ताओं की टीम ने चीन की विशाल दीवार के करीब 600 किलोमीटर लंबे हिस्से का गहन अवलोकन किया जिसमें सूखी जलवायु वाले हिस्से पर ज्यादा गौर किया गया। यह बहस लंबे समय से चल रही थी कि चीन की दीवार के लिए जीवित पदार्थ फायदेमंद हैं या नुकसानदेह।



### क्या हुआ फायदा

शोधकर्ताओं ने पाया कि दीवार के बचे हुए हिस्सों के दो तिहाई भाग बायोक्रस्ट की परतें चढ़ी हुई हैं जिनमें साइनोबैक्टीरिया और काई के प्रजातियों की कॉलोनी तक यहां वहां बिखरी हुई देखने को मिलीं. देखा गया कि जहां जहां काई और पौधे आदि हैं वहां दीवार की सतह के नीचे के भाग कम छेद वाले थे और आसानी से गिरने या बिखरने वाले नहीं थे। जहां आमतौर पर माना जाता है कि काई और छोटे पौधे दीवारों को नुकसान पहुंचाते हैं। शोधकर्ताओं ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि चीन की दीवार के मामले में ये आम तौर पर मौसम की वजह से होने वाले अपक्षय की तुलना में कम नुकसानदेह साबित हुए, बल्कि उससे उनकी रक्षा तक करते हुए पाए गए।

**रोचक खबरें**

## तरबूज के छिलके से ऐसे बना डाला हेलमेट यूजर्स बोले– ये है गर्मी स्पेशल आविष्कार



### तेज बुद्धी की भी तारीफ

शख्स के असाधारण एक्सपेरिमेंट के वीडियो ने यूजर्स को दंग कर दिया है। वे हैरान हैं कि कोई ऐसा कैसे कर सकता है। साथ ही उन्हें इस आविष्कार को देखकर हंसी भी आ रही है। उन्होंने कमेंट सेक्शन में साफ तौर पर मौज लेते हुए प्रतिक्रिया दी है। कमेंट सेक्शन में मजेदार कमेंट की बाढ़ आ गई है। यूजर्स ने शख्स की तेज बुद्धी की भी तारीफ की है। वीडियो पर टिप्पणी करते हुए एक यूजर ने लिखा, "भाई हमारे देश में इंजीनियर की कमी नहीं है।" दूसरे यूजर ने लिखा, "खाने वाली चीज हेलमेट का भी काम देती है, आज पता चला।"

गर्मियों में तरबूज खाना तो सभी को पसंद होता है। गर्मियों में लोग रोज ही तरबूज खाते हैं क्योंकि उसके वाटर कंटेंट से बॉडी हाइड्रेटेड रहती है। हालांकि, उसका छिलका हम फेंक देते हैं। लेकिन एक शख्स ने उसके छिलके का ऐसा इस्तेमाल किया कि उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

जुगाड़ नेचर और खुराफाती बुद्धि वाले इस शख्स ने तरबूज के छिलके का हेलमेट बना डाला। इतना ही नहीं उसे उसने एक छोटे बच्चे को पहनाया भी और फिर उसे बाइक पर लेकर निकल पड़ा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर मैक्सिमम_मंथन नाम के यूजर द्वारा शेयर किया गया वीडियो इंटरनेट पर आग की तरह फैल रहा है। वीडियो जिसे संभवतः मनोरंजन के पर्पस से बनाया गया है में दिखाया गया है कि एक शख्स ने तरबूज के छिलके से हेलमेट-जैसा कुछ बनाया है। उसने उसमें पॉलीथीन का बेल्ट भी लगाया है। इस हेलमेट को वह एक छोटे बच्चे को पहनाता है और फिर उसे बाइक पर बैठा कर बाहर चला जाता है।

## ड्राइवर ने कैब को बना डाला 'स्वीट होम' अंदर की व्यवस्था देख दंग रह गई पैसेंजर

इन दिनों एक उबर कैब ने इंटरनेट पर तहलका मचाया हुआ है। कैब की खूब चर्चा हो रही है। एक महिला यात्री द्वारा कभी ना भूलने वाले अपने ट्रैवल एक्सपेरिएंस को शेयर किए जाने के बाद प्रतिक्रियाओं का दौरा निकल पड़ा है। इंटरनेट की जनता कैब की तुलना पूरी तरह से सजे 1BHK (Bedroom hall Kitchen) अपार्टमेंट से कर रही है। दरअसल, महिला ने X पर कार के इंटीरियर की तस्वीरें शेयर कीं और लिखा, "आज सचमुच 1bhk में यात्रा कर रही हूं। अब तक की सबसे शानदार उबर राइड!" महिला का यह पोस्ट देखते ही देखते वायरल हो गया। वायरल तस्वीरों में कार के अंदर का सुव्यवस्थित इंटीरियर दिखाया गया है, जिसमें आगे की सीटों के पीछे अलमारियां और होल्डर लगे हुए हैं। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि उबर ड्राइवर ने अपनी कार को एक मोबाइल कम्फर्ट ज़ोन में बदल दिया है, जिसमें कोल्ड ड्रिंक, स्नैक्स, खिलौने, दवाइयां और यहां तक कि एक छोटा सा डस्टबिन भी रखा हुआ है। यात्री पानी की बोतलें, एनर्जी ड्रिंक, चॉकलेट, बिस्किट, टिश्यू, टूथब्रश और छाते ले सकते थे।



## अंतिम संस्कार में ज्यादा आ रहा था खर्च पिता के शव को 2 साल तक छिपाए रहा बेटा

कहते हैं कि अंतिम संस्कार एक ऐसी चीज होती है, जो कि हर इंसान का हक होती है। इंसान अजनबियों के अंतिम संस्कार कर देता है ताकि उसे मुक्ति मिल जाए लेकिन जापान में एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसे सुनकर सभी ने अपना माथा पकड़ लिया। दरअसल, यहां एक लड़के ने अपने पिता की मौत को दुनिया से केवल इसलिए छिपाए रखा क्योंकि वह उनके अंतिम संस्कार खर्च करने के लिए पैसे नहीं थे। लेकिन जब हकीकत पता चली तो माजरा कुछ और ही निकला पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है और उसके ऊपर पिता की पेंशन गबन करने का केस चल रहा है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक 56 साल के नोबुहिको सुजुकी की हरकतें तब सामने आईं जब उन्होंने पिछले एक हफ्ते से अपना रेस्टोरेंट नहीं खोला। पड़ोसियों को इस बात की चिंता हुई तो उन्होंने स्थानीय पुलिस से संपर्क किया। जब पुलिस ने ताला तोड़ कर अंदर देखा तो.. अंदर अलमारी में सुजुकी के पिता का कंकाल मिला। सुजुकी को जब इस बात की खबर मिली तो वह भी वहां पर पहुंच गया। पुलिस ने उसे पूछताछ करने के लिए बुलाया। इस पर सुजुकी ने बताया कि उसके पिता की मौत साल 2023 में हो गई थी। वह 86 साल के थे। सुजुकी ने बताया कि मैं उस दिन अपने पिता को घर पर अकेला छोड़ कर गया था, जब वापस लौटा तो उनकी मृत्यु हो चुकी थी। मेरे पास इतने पैसे नहीं थे कि मैं उनका अंतिम संस्कार कर सकूं इसलिए मैंने उन्हें अलमारी में रख दिया। पुलिस के मुताबिक शुरुआत में सुजुकी को अपनी गलती पर पछतावा हुआ लेकिन जल्दी ही उसने अपने पिता को ही उनकी मौत का जिम्मेदार ठहराया।



**म्यूजियम**

**पयाना कार संग्रहालय देखने आते हैं दूर दूर से लोग**

# विंटेज कारों के शौकीन हैं तो जाएं एक बार मैसूर जरूर

एजेंसी ›› मैसूर

कर्नाटक के मैसूर में स्थित, पयाना कार संग्रहालयऑटोमोटिव इतिहास और विरासत का एक प्रमाण है। यह एक अनोखा संग्रहालय है जो कि भारत का सबसे बड़ा विंटेज कार म्यूजियम है। जहां आपको पुरानी से पुरानी कार देखने को मिलेगी. ये म्यूजियम यह दर्शाता है कि किस प्रकार ऑटोमोबाइल का विकास हुआ है। यहां पर आपको विंटेज कारों की प्रभावशाली एवं आकर्षक प्रदर्शिनी देखने को मिलेगी जो कि कई दशकों के नवाचार और डिजाइन को दर्शाती है। पयाना कार संग्रहालय जो कि भारत का सबसे बड़ा विंटेज कार म्यूजियम है।



### विंटेज कारों में प्रत्येक की अपनी अनूठी कहानी

ऑटोमोबाइल के क्षेत्र में हुए परिवर्तन और विकास को दर्शाता है यहां इससे जुड़े 10 महत्वपूर्ण बातें बताई गई है- डी. वीरेंद्र हेगड़े ने पयाना कार संग्रहालय की स्थापना और परिकल्पना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विरासत और परंपरा के प्रति अपनी गहरी श्रद्धा के लिए जाने जाने वाले हेगड़े का विंटेज ऑटोमोबाइल के प्रति जुनून इस संग्रहालय के निर्माण में परिणत हुआ है। विंटेज कार म्यूजियम ऑटोमोटिव प्रगति पर प्रकाश डालता है जिसने वर्षों से परिवहन को आकार दिया है, जो इसे ऑटोमोबाइल में रुचि रखने वाले उत्साही और विद्वानों के लिए एक महत्वपूर्ण शैक्षिक संसाधन बनाता है। संग्रहालय की वास्तुकला की डिजाइन पारंपरिक मैसूर शैली और समकालीन डिजाइन का मिश्रण दर्शाती है, जो इसमें रखे गए ऐतिहासिक विंटेज खजानों के लिए एक बेहतर स्थान बनाती है। संग्रहालय में विंटेज कारों का एक विविध संग्रह है, जिनमें से प्रत्येक की अपनी अनूठी कहानी और ऑटोमोटिव इतिहास में योगदान रहा है।

### संरक्षण के लिए समर्पित

संग्रहालय में विंटेज कारों के संग्रह में, सबसे पुरानी विंटेज कार 1900 के दशक की शुरुआत की है, जो ऑटोमोटिव इंजीनियरिंग में शुरुआती नवाचारों को प्रदर्शित करती है। पुनर्स्थापना और संरक्षण की दृष्टि से निर्मित यह संग्रहालय पुरानी कारों की बहाली और संरक्षण के लिए समर्पित है, यह दर्शाता है कि ये ऐतिहासिक कलाकृतियां भविष्य की पीढ़ियों की सराहना के लिए प्राचीन स्थिति में रहें और ऑटोमोबाइल के विकास की यात्रा को जान सके। संग्रहालय शैक्षिक कार्यक्रम और निर्देशित पर्यटन प्रदान करता है, जो आगंतुकों को प्रदर्शन पर कारों के इतिहास, डिजाइन और तकनीक के बारे में गहन ज्ञान प्रदान करता है।



### इंटरैक्टिव प्रदर्शनी

आगंतुकों के अनुभव को बढ़ाने के लिए, संग्रहालय में इंटरैक्टिव प्रदर्शनी है जो मेहमानों को विंटेज कारों के टेक्नॉलजी का पता लगाने और ऑटोमोटिव प्रौद्योगिकी के विकास की समझ देती है। संग्रहालय अक्सर विंटेज कार शो और कार्यक्रम आयोजित करता है, जो ऑटोमोटिव इतिहास का जश्न मनाने के लिए क्षेत्र भर से कार उत्साही और कलेक्टरों को एक साथ लाता है। पयाना कार संग्रहालयकार के सांस्कृतिक पहलुओं और समाज पर इसके प्रभाव को भी उजागर करता है, यह दर्शाता है कि कैसे ऑटोमोबाइल ने दशकों से जीवन शैली और संस्कृति को प्रभावित किया है।

## 19 मिमी आंख बाहर निकाल लेता है ये शख्स, गिनीज बुक में भी दर्ज है नाम



आज की दुनिया में हर इंसान के भीतर कोई न कोई खासियत जरूर छुपी होती है, बस उसे पहचानने और सही मंच पर प्रस्तुत करने की जरूरत होती है। दुनिया में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। अलग-अलग तरह के अद्भुत हुनर के दम पर लोग अपने नाम से इतिहास रचते हैं। इसी तरह विलियम्स मार्टिन सांचेज लोपेज ने भी अपनी अनोखी कला के जरिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज करा लिया है। हालांकि, उनकी इस कला ने हर किसी को बुरी तरह हैरान कर दिया है। तो आज की इस खबर में हम आपको उनकी उस कला के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसकी हर कोई तारीफ कर रहा है। आइए विस्तार से जानते हैं।

हाल ही में, एक रिपोर्ट के अनुसार इटली के उरुग्वे में रहने वाले विलियम्स मार्टिन सांचेज लोपेज ने अपनी आंखों से ऐसा कमाल कर दिखाया है कि दुनिया हैरान रह गई। अपनी इस कला के चलते उन्होंने गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में जगह बनाई है। बता दें कि लोपेज इटली में रहते हैं और लॉजिस्टिक्स सेक्टर में काम करते हैं। उनके चार बच्चे हैं।

### लोगों का करते हैं मनोरंजन

यही नहीं, मालूम हो कि इससे पहले यह रिकॉर्ड ब्राजील के सिडनी डी कार्वाल्हो मेस्किटा के नाम था, जो अपनी आंखों को 0.71 इंच तक बाहर निकाल सकते थे। इस कला को मेडिकल में प्रोट्रूजन कहा जाता है। लोपेज का कहना है कि इस प्रक्रिया के दौरान उन्हें कोई दर्द या असुविधा महसूस नहीं होती। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स से बातचीत में लोपेज ने कहा कि वे लोगों का मनोरंजन करना पसंद करते हैं और उनकी यह अनोखी कला दूसरों को एक अलग तरह का नजरिया देती है।

## ऑडी में बैठकर शख्स बेच रहा था दूध

सोशल मीडिया के इस दौर में अगर कोई आदमी कहे कि वह कमाने के लिए कुछ नहीं कर सकता है तो यह बात सरासर गलत है। इंटरनेट के इस जमाने में लोग रोजगार के लिए ऑनलाइन कपड़ों से लेकर घर के सामान तक बेच रहे हैं। वहीं, कई बच्चे कम उम्र में ही सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर भी बन गए हैं और हर महीने कमाई कर रहे हैं। रोजाना न्यूज में हमें यह देखने सुनने को मिलता है कि चाय बेचने से लेकर दूध बेचने वाले तक मोटी कमाई करके शानदार घर और गाड़ी ले रहे हैं। अब हाल ही में, सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक दूधिया साइकिल या बाइक पर दूध की डिलीवरी नहीं करता है, बल्कि ऑडी कार में घर-घर दूध पहुंचाने जाता है। इस वीडियो को देख लोग हैरान हो गए हैं और यह युवाओं को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि क्या वह गलत प्रोफेशन में हैं या कम कमा रहे हैं।



### ऑडी कार में बेचते हैं दूध

बता दें कि आज की डेट में अमित भड़ाना अपनी ऑडी कार में दूध घर-घर पहुंचाते हैं और उनकी यह कार लगभग एक करोड़ तक की है। उनकी यह दिलचस्प स्टोरी अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल भी हो रही है। लोग उन्हें ?हार्ले वाला दूधिया? के नाम से भी बुलाने लगे हैं। अमित का कहना है कि गाड़ी चलाना मेरा पुराना शौक था और मैं इसे छोड़ नहीं सकता था। इसलिए मैंने इसे अपने बिजनेस के साथ मिला लिया। आज की डेट में मेरा बिजनेस भी टॉप पर चल रहा है।

### अमित ने बैंक नौकरी छोड़कर बेचा दूध

अमित भड़ाना का परिवार शुरू से ही दूध का कारोबार करता था। अमित इसी को आगे बढ़ाने के बारे में सोचा और इसे अपनी आमदनी के साथ भी जोड़ने का फैसला किया। उन्होंने बाद में अपनी बैंक की नौकरी छोड़ दी और दूध के सप्लाई का काम फिर से शुरू कर दिया। इसके लिए उन्होंने सबसे पहले एक हार्ले डेविडसन बाइक खरीदी, जिससे उनका काम भी पूरा हो गया और उनका शौक भी पूरा होने लगा। फिर जैसे-जैसे उनका बिजनेस बढ़ने लगा। वैसे-वैसे उन्होंने बाइक छोड़कर कार लेने का भी फैसला किया।

**जॉब** — जॉब पाने के लिए डिग्रियां होने की जरुरत नहीं

## घर का काम करवाना है बस, सैलरी 84 लाख रुपए!

सोशल मीडिया पर नौकरी के एक पोस्ट की काफी चर्चा हो रही है। इस पोस्ट में जिस जॉब प्रोफाइल की बात की जा रही है, उसमें सेलेक्ट होने पर 84 लाख रुपये की सैलरी मिलेगी। खास बात ये है कि ये जॉब पाने के लिए डिग्रियां होने की जरुरत नहीं है, बस घर का काम करना आना चाहिए। अगर कोई घर का काम करना जानता है तो उसे 84 लाख रुपये की सैलरी वाली ये नौकरी मिल सकती है। ऐसे में जानते हैं कि आखिर इस नौकरी में क्या खास बात है और किस काम के लिए इतनी सैलरी दी जा रही है।



### दुबई की प्रीमियर डॉमेस्टिक स्टाफिंग

दरअसल, दुबई की एक रिक्रूटमेंट कंपनी ने एक जॉब पोस्ट किया है, जिसमें कहा जा रहा है कि दो 'हाउस मैनेजर' के लिए उम्मीदवारों की तलाश है, जिन्हें दुबई और अबूधाबी में वीआईपी क्लाइंट्स के लिए काम करना होगा। इस काम के लिए 30 हजार एईडी यानी करीब 7 लाख रुपये हर महीने के दिए जाएंगे. नौकरी का ये पोस्ट दुबई की प्रीमियर डॉमेस्टिक स्टाफिंग और प्राइवेट रिक्रूटमेंट कंपनी रॉयल मेशन ने किया है। रॉयल मेशन ने अपने पोस्ट में लिखा है, 'जॉब ऑपार्च्युनिटी : फुल टाइम हाउस मैनेजर. तुरंत हायरिंग. हमें दुबई और अबू धाबी में वीआईपी लोगों के लिए दो हाउस मैनेजर की आवश्यकता है।' इस पोस्ट पर अब यूजर्स के बड़ी संख्या में कमेंट आ रहे हैं और उनका कहना है कि इस काम के लिए तो वो अपनी नौकरी छोड़ सकते हैं।

### क्या होगा काम?

चुने गए हाउस मैनेजर को घर के रोजमर्रा के काम की देखरेख करनी होगी, कर्मचारियों की देखरेख करनी होगी, मेंटेनेंस से कोर्डिनेशन रखना होगा, घर के बजट का मैनेजमेंट करना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि सभी काम सुचारू रुप से हो रहे हैं या नहीं। पोस्ट में ये भी कहा गया है कि "उम्मीदवारों के पास ऑर्गेनाइजेशनल स्किल,अलग-अलग कामों का प्राथमिकताओं से करवाने की क्षमता होनी चाहिए। इस पोस्ट के साथ ही एजेंसी ने एप्लीकेशन डिटेल भी शेयर की है, लेकिन उम्मीदवारों से "कॉल करने से बचने के लिए कहा है, क्योंकि अभी उन्हें काफी कॉल आ रहे हैं। बता दें कि इस एजेंसी को हाउसहोल्ड सर्विस की रिक्रूटमेंट के लिए जाना जाता है।

## मध्य प्रदेश के इस शहर को विदेशी पर्यटक ने बताया सिंगापुर



भारत में इंदौर को देश का सबसे स्वच्छ शहर कहा जाता है। लगातार सात सालों से स्वच्छता के मामले में इंदौर भारत में नंबर एक पर बना हुआ है। यहां की साफ-सुथरी सड़कें देखकर आपको लगेगा कि यह भारत का नहीं, बल्कि कोई विदेशी शहर है। शहर में जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इंदौर में 'कचरा कैफे' जैसी पहल की शुरुआत की गई है। यहां पर प्लास्टिक के बदले लोगों को खाना दिया जाता है। यहां पर आने वाले विदेशी पर्यटक शहर की सफाई देखकर हैरान हो जाते हैं। एक ऐसे ही यूनाइटेड किंगडम (यूके) के पर्यटक के साथ हुआ। यूके के डेनियल पिंटो जब इंदौर घूमने के लिए पहुंचे, तो यहां की सफाई देखकर चौंक गए। उन्होंने शहर की सफाई को लेकर सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है।



### इंदौर की सफाई देखकर विदेशी हैरान

डेनियल एक व्लॉगर हैं। जब उन्होंने इंदौर की सफाई देखी, तो हैरान रह गए। उन्होंने शहर की तारीफ करते हुए सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है। अब यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है।उन्होंने वीडियो शेयर करते हुए लिखा है कि भारत के सबसे साफ शहर इंदौर में आपका स्वागत है। मैं ये सोचकर नहीं आया था कि यह शहर इतना साफ होगा, लेकिन यहां आकर तो ऐसा लगा जैसे मैं सिंगापुर में हूं।

### 1 किलो प्लास्टिक लाने पर मुफ्त खाना

डेनियल ने वीडियो में बताया है कि इंदौर में हर घर से कचरा उठाने की सुविधा है। 1,800 CCTV कैमरों से शहर में निगरानी की जाती है और यहां एक खास कचरा कैफे भी है, जहां 1 किलो प्लास्टिक लाने पर मुफ्त खाना दिया जाता है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट @dnzh.travels पर वीडियो को पोस्ट किया है। इस वीडियो को लाखों लोगों ने देखा है, तो वहीं खबर लिखे जाने तक 38 हजार से ज्यादा लोगों ने इसे लाइक किया था।



# वायुसेना ने दिखाया दम

लड़ाकू विमानों की आपात लैंडिंग के लिए ट्रायल कर अपनी शक्ति का प्रदर्शन

*पहलगाम हमले के बाद देशभर में गुस्से का माहौल है। इसे लेकर भारत व पाकिस्तान में टेंशन का माहौल है। ऐसे मौके में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में गंगा एक्सप्रेसवे पर वायुसेना ने लड़ाकू विमानों की आपात लैंडिंग के लिए ट्रायल कर अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया।*



# गंगा एक्सप्रेसवे पर एयर शो, गरजे राफेल-जगुआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

जलालाबाद में गंगा एक्सप्रेसवे पर साढ़े तीन किलोमीटर लंबी हवाई पट्टी बनाई गई है। यह देश की पहली ऐसी हवाई पट्टी है, जहां वायुसेना के लड़ाकू विमान दिन और रात में भी उतर सकेंगे। शुक्रवार दोपहर को हवाई पट्टी पर राफेल, मिराज और जगुआर जैसे लड़ाकू विमानों ने एयर शो किया। इन लड़ाकू विमानों ने गंगा एक्सप्रेसवे पर टच एंड गो का अभ्यास किया। इस एयर शो का उद्देश्य युद्ध या आपदा के समय इस एक्सप्रेसवे को वैकल्पिक रनवे के रूप में इस्तेमाल करना है।

**फाइटर विमानों ने किया टच एंड गो का अभ्यास**

**युद्ध के समय इस एक्सप्रेसवे का होगा वैकल्पिक रनवे के रूप में इस्तेमाल**



**44 गांवों से गुजर रहा गंगा एक्सप्रेसवे**

शाहजहांपुर जिले में गंगा एक्सप्रेसवे 44 गांवों से गुजर रहा है। यहां इसकी लंबाई करीब 42 किमी है। अधिकतर स्थानों पर एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। जलालाबाद में पीरू गांव के पास 3.5 किमी लंबी हवाई पट्टी बनाई गई है, जिस पर शुक्रवार को आपात लैंडिंग का ट्रायल किया गया।

**देश की पहली हवाई पट्टी**

गंगा एक्सप्रेसवे पर बनी यह देश की पहली ऐसी हवाई पट्टी है, जहां लड़ाकू विमान दिन व रात दोनों समय में लैंडिंग कर सकेंगे। सुरक्षा के दृष्टिकोण से हवाई पट्टी के दोनों किनारों पर करीब 250 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। लैंडिंग का आयोजन दिन और रात दोनों समय में इसलिए किया जा रहा है, ताकि एयर स्ट्रिप की नाइट लैंडिंग कैपेबिलिटी का भी टेस्ट किया जा सके।

**मिराज का टचडाउन**

शुक्रवार को मौसम बिगड़ने और बारिश की आशंका के चलते एकबारगी एयर शो और विमानों की लैंडिंग का कार्यक्रम स्थगित होने की भी चर्चा रही, लेकिन मौसम सही होने पर एयर शो शुरू हुआ। राफेल, मिराज और जगुआर विमानों ने हवाई पट्टी पर टचडाउन किया। स्कूली बच्चों समेत सैकड़ों लोगों ने एयर शो देखा। उनके लिए यह पल रोमांचकारी रहे।

## खबर संक्षेप

### अयोध्या : पूरे राम पथ पर मांस-शराब बिक्री पर प्रतिबंध

**अयोध्या।** अयोध्या नगर निगम ने अयोध्या और फैजाबाद शहरों को जोड़ने वाले महत्वपूर्ण मार्ग राम पथ के 14 किलोमीटर के हिस्से में शराब और मांस की बिक्री पर रोक लगाने का प्रस्ताव पारित किया है। यह प्रतिबंध पान, गुटखा, बीड़ी, सिगरेट और इनरवियर के विज्ञापन पर भी लागू होगा। राम मंदिर राम पथ पर स्थित है। अयोध्या में मांस और शराब की बिक्री लंबे समय से बंद है। नए पारित प्रस्ताव का उद्देश्य फैजाबाद शहर के क्षेत्रों को शामिल करते हुए पूरे राम पथ पर प्रतिबंध लगाना है। अयोध्या के मेयर गिरीश पति त्रिपाठी ने गुरुवार को इस फैसले की घोषणा की।



### हार्वर्ड यूनिवर्सिटी का कर मुक्त दर्जा वापस : ट्रंप

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हार्वर्ड यूनिवर्सिटी का टैक्स छूट (Tax Exempt) का दर्जा समाप्त कर दिया है। ट्रंप ने शुक्रवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में इसकी घोषणा की. उनका यह कदम हार्वर्ड जैसी प्रतिष्ठित संस्था पर सरकार की कड़ी निगरानी और नीतिगत बदलावों की ओर इशारा कर सकता है। डोनाल्ड ट्रंप ने 2 मई 2025 को ऐलान किया कि उनका प्रशासन हार्वर्ड यूनिवर्सिटी का टैक्स-छूट का दर्जा समाप्त करने जा रहा है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर पोस्ट करते हुए कहा, 'हम हार्वर्ड का टैक्स-छूट दर्जा समाप्त करने जा रहे हैं।



### पाकिस्तान ने आठवें दिन भी तोड़ा सीजफायर

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से ही दहशतगर्दों के पहनगार पाकिस्तान की नींद उड़ी हुई है। उसे हर पल भारत की कड़ी कार्रवाई का डर सता रहा है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पाकिस्तान नियंत्रण रेखा के पार से लगातार फायरिंग कर रहा है।



**पहलगाम पर एनआईए का बड़ा खुलासा**

## आतंकी हमले के बाद एक्शन मोड में हैं जांच एजेंसियां

# बैसरन से 10 किमी दूर छिपाए गए थे हथियार, सामने आया एक और किरदार

*जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद जांच एजेंसियां एक्शन मोड में है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) भी इस घटना के तमाम पहलुओं की जांच में जुटी है। पूरी टीम इलाके की बारीकी से जांच कर रही है। अब इस जांच को लेकर एक बड़ा खुलासा हुआ है। सूत्रों की मानें तो पहलगाम आतंकी हमले के पीछे पाकिस्तानी आतंकी संगठन लश्कर, आईएसआई और पाक आर्मी की साजिश है।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एनआईए के सूत्रों के मुताबिक जांच में सामने आया की आतंकियों ने हथियार बेताब घाटी में छुपाए थे। जो घटना वाली जगह से 10 किलोमीटर दूर है। यहां हथियार छिपाने से पहले आतंकियों ने रैकी भी की थी। प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में ओजीडब्लू का ज़िक्र भी किया गया है। इस रिपोर्ट में आतंकी हमले में ओवर ग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्लू) की भूमिका के बारे में बताया गया है। शुरुआती जांच रिपोर्ट में एनआईए ने करीब 150 लोगों के बयान आन रिकॉर्ड दर्ज किए हैं। 3डी मैपिंग और रिक्रिएशन के शुरुआती रिपोर्ट भी इस प्रारंभिक जांच रिपोर्ट का हिस्सा हैं। हमले के बाद से ही एनआईए की टीम पहलगाम में मौजूद है। इस समय एनआईए के डीजी भी पहलगाम दौरे पर हैं। डीजी एनआईए उन अधिकारियों के साथ रिव्यू मीटिंग कर रहे हैं जो पहलगाम हमले की जांच से जुड़े हुए हैं।

### ओजीडब्लू पर शिकंजा कसने की तैयारी

एनआईए ने अपनी शुरुआती रिपोर्ट में ओवर ग्राउंड वर्कर्स के कांटेक्ट की लिस्ट तैयार कर ली है। इस रिपोर्ट के बाद माना जा रहा है कि ओजीडब्लू पर प्रशासनिक और अदालती कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। मौके से मिले खाली कारतूस एफएसएल को भेजे गए जिनकी रिपोर्ट आना अभी बाकी है। एनआईए की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में पीओके का जक्रि भी किया गया है। इसमें पता चला कि आतंकी पीओके में अपने हैंडलर के संपर्क में थे। एनआईए डीजी के नेतृत्व में बनी प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में कई खुलासे हुए हैं। डीजी एनआईए प्रारंभिक जांच रिपोर्ट गृह मंत्रालय को सौंपेंगे।




### लश्कर के हेडक्वार्टर में रची गई पूरी साजिश

*प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में हमले में शामिल दो आतंकी हाशमी मूसा और अली भाई उर्फ तल्हा भाई के बारे में डिटेल से बताया गया है। इसके साथ ही उनके पाकिस्तानी कनेक्शन की भी बात बताई गई है। रिपोर्ट में बताया गया कि हाशिम मूसा और तल्हा भाई पाकिस्तान के नागरिक हैं। जो कि घटना के पिछले कई दिनों से हैंडलरों के संपर्क में थे। रिपोर्ट में साफ बताया गया कि इन आतंकियों को पाकिस्तान की तरफ से निर्देश दिए जा रहे हैं। इस रिपोर्ट में खुलासा किया गया कि आईएसआई के इशारे पर लश्कर के हेडक्वार्टर में साजिश रची गई थी। पहलगाम हमले के बाद से ही पाकिस्तान दावा करता आ रहा है कि वो उसका इस हमले से कोई लेना देना नहीं है। जबकि एनआईए की जांच में खुलासा हुआ है कि इस पूरे हमले की साजिश पाकिस्तान में ही रची गई थी।*

### 22 अप्रैल को हुआ था हमला

*कश्मीर के पहलगाम स्थित बायसरन घाटी में 22 अप्रैल को आतंकी हमला हुआ था। इसमें 26 पर्यटक मारे गए थे। इसमें एक नेपाल का टूरिस्ट भी शामिल था। आतंकियों ने पर्यटकों का धर्म पूछकर गोली मारी थी। हमले की जिम्मेदारी पहले द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली थी, हालांकि बाद में इससे मुकर गया था। टीएरएफ ने हमले की जिम्मेदारी लेने के 4 दिन बाद कहा था कि उसका इस हमला से कोई लेना देना नहीं है। घटना के समय उसके सोशल मीडिया हैंडल हैक कर लिए गए थे। जहां इसकी जिम्मेदारी ली गई थी।*

# पाकिस्तानी एयरस्पेस बंद होने से एयर इंडिया को होगा 600 मिलियन डॉलर का घाटा

**कंपनी ने सरकार से मांगी मदद**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत के साथ टकराव के बीच पाकिस्तान ने अपना एयरस्पेस बंद कर दिया है। इसके चलते अनुमान है कि एयर इंडिया को 600 मिलियन डॉलर तक का अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ सकता है। कंपनी ने इसको लेकर सरकार को पत्र लिखा है और नुकसान की भरपाई के लिए सब्सिडी की मांग की है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक इस पत्र में कहा गया है कि लागत अगले साल तक बढ़ सकती है क्योंकि माना जा रहा है कि पाकिस्तान का हवाई क्षेत्र उसके लिए बंद रहेगा। ऐसे में लंबी उड़ानों को री-रूट करने के वजह से ईंधन का खर्च बढ़ सकता है। साथ ही एयरलाइन ने चेतावनी दी है कि लंबी टाइमिंग्स का असर अब यात्रियों पर भी पड़ सकता है।

### एयर इंडिया ने मांगी सरकार से सब्सिडी

रॉयटर्स के मुताबिक एयर इंडिया को प्रतिबंध के प्रत्येक वर्ष के लिए 591 मिलियन डॉलर से अधिक का नुकसान होने की संभावना है। इसका अंतरराष्ट्रीय एयरलाइनों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। रॉयटर्स ने विमानन मंत्रालय को लिखे पत्र का हवाला देते हुए कहा कि इसलिए एयर इंडिया ने सरकार से आनुपातिक सब्सिडी मांगी है। एयर इंडिया ने कहा कि है कि प्रभावित अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के लिए सब्सिडी एक अच्छा, सत्यापन योग्य और उचित विकल्प है।

### अन्य कंपनियों को भी हो रहा है नुकसान

बता दें कि केवल एयर इंडिया ही नहीं है बल्कि इंडिगो ने भी अपनी फ्लाइट्स प्रभावित होने की शिकायत की है। उदाहरण के लिए गुरुवार को उसकी नई दिल्ली-बाकू (अजरबैजान) की फ्लाइट में 5 घंटे और 43 मिनट लगे, जो सामान्य से 38 मिनट अधिक हैं। हालांकि, एयर इंडिया पर इसका प्रभाव अधिक होने की संभावना है क्योंकि यह अधिक संख्या में अंतरराष्ट्रीय उड़ानें संचालित करती है जो आमतौर पर अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए पाकिस्तान से होकर गुजरती हैं।

# 'पहलगाम हमले के बाद सरकार की ओर से कोई स्पष्ट रणनीति सामने नहीं आई'

## सीडब्लूसी बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सरकार को घेरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को कहा कि पहलगाम आतंकी हमले से उत्पन्न स्थिति से निपटने के लिए सरकार की ओर से कोई स्पष्ट रणनीति सामने नहीं आई है। हालांकि उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर पूरा विपक्ष केंद्र के साथ है। पार्टी के 24, अकबर रोड स्थित कार्यालय में कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में अपने संबोधन में खड़गे ने यह भी कहा कि सरकार ने जातिगत सर्वेक्षण की पार्टी की मांग स्वीकार कर ली है, लेकिन इस फैसले के समय ने 'हमें हैरान कर दिया है'। उन्होंने जाति जनगणना सबंधी फैसले को लेकर सरकार की मंशा पर संदेह जताया और पार्टी नेताओं से कहा कि जातीय सर्वेक्षण के मुद्दे को तार्किक परिणति तक ले जाने के लिए सतर्क रहें।

### झुकना पड़ता है सरकार को

कांग्रेस अध्यक्ष ने जाति जनगणना कराने के सरकार के फैसले का श्रेय पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को देते हुए कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि अगर 'हम लोगों के मुद्दों को ईमानदारी से उठाते हैं, तो सरकार को झुकना पड़ता है''। कांग्रेस कार्यसमिति की पिछली बैठक में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में केंद्र को दिए गए हरसंभव सहयोग के आश्वासन का उल्लेख करते हुए खड़गे ने कहा कि पहलगाम हमले के कई दिन बाद भी सरकार की ओर से कोई स्पष्ट रणनीति नहीं आई है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने पहलगाम हमले में मारे गए शुभम द्विवेदी के परिजनों से कानपुर में मुलाकात की थी और सरकार से मृतक को शहीद का दर्जा और सम्मान देने की मांग की थी। खड़गे ने कहा, 'देश की एकता, अखंडता और समृद्धि के रास्ते में आने वाली किसी भी चुनौती के खिलाफ हम एकजुट होकर और सख्ती से काम करेंगे।

## इलेक्ट्रिक बसों का शुभारंभ...



**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को 'दिल्ली इलेक्ट्रिक व्हीकल इंटरचेंज' (देवी) योजना के तहत 400 नई इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये बसें खासतौर पर उन तंग और संकरी गलियों के लिए डिजाइन की गई हैं जहां बड़ी बसें आसानी से नहीं पहुंच पातीं।

### वेटिकन के सिस्टिन चैपल की छत पर लगी चिमनी

**वेटिकन सिटी।** नए पोप के चयन के लिए आयोजित होने वाले सम्मेलन की तैयारियां शुक्रवार को सिस्टिन चैपल की छत पर चिमनी लगाए जाने के साथ ही तेज हो गईं। इस चिमनी से निकलने वाले धुएं से पोप फ्रांसिस के उत्तराधिकारी के चुनाव का संकेत दिया जाएगा। शुक्रवार को सिस्टिन चैपल की छत पर वेटिकन के दमकल कर्मियों को चिमनी लगाते हुए देखा गया। यह क्षण सात मई को आयोजित होने वाले सम्मेलन की तैयारियों के तहत विशेष स्थान रखता है। सिस्टिन चैपल में मतदान के प्रत्येक दो चरण के बाद सभी कार्डिनल के मतपत्रों को एक विशेष भट्टी में जलाया जाता है और इससे निकलने वाला धुआं बाहरी दुनिया को परिणाम का संकेत देता है।



वेव्स में बोले विदेश मंत्री जयशंकर

# हमें अपनी परंपराओं, विरासत व विचारों को महत्व देने की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंबई



विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि अतीत में बड़ी शक्तियों के प्रभुत्व एवं उपनिवेशवाद ने बहुलवाद को दबा दिया था तथा वैश्विक व्यवस्था को लोकतांत्रिक बनाने के प्रयासों के बीच परंपराओं, विरासत एवं विचारों को महत्व देना आवश्यक है। जयशंकर ने 'विश्व दृश्य श्रव्य और मनोरंजन सम्मेलन' (वेव्स) में 'ग्लोबल मीडिया डायलॉग' को संबोधित करते हुए प्रतिभाओं के लिए सहज गतिशीलता सुनिश्चित करने की भी जोरदार वकालत की ताकि वे रचनात्मकता में और योगदान दे सकें। जयशंकर ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के युग की अपार संभावनाओं को भी रेखांकित किया और कहा कि प्रौद्योगिकी और परंपरा को साथ-साथ चलना चाहिए। एआई के बढ़ते प्रभाव के बीच विदेश मंत्री ने आगाह किया कि उभरती प्रौद्योगिकियों का गैर-जिम्मेदाराना उपयोग बढ़ती चिंता का विषय होगा और पूर्वाग्रह को कम करना, विषय-वस्तु का लोकतंत्रीकरण करना तथा इसकी नैतिकता को प्राथमिकता देना, ये सभी उभरते विमर्श का हिस्सा होंगे।

### दुनिया के कंटेंट, फैशन और अध्यात्म पर छाने को तैयार है भारत

वेव्स समिट के दूसरे दिन रिलायंस फाउंडेशन की फाउंडर-चेयरपर्सन नीता अंबानी ने शिरकत की। टेकिंग इंडियन कल्चर टू द वर्ल्ड विषय पर बोलते हुए नीता ने उन भारतीयों की याद दिलाई जो अपनी जड़ों को बिना भूले विश्व मंचों पर भारत को गौरवान्वित कर रहे हैं। नीता ने यकीन दिलाया कि जल्द ही भारतीय कला और शिल्प दुनिया के सौंदर्यशास्त्र या फैशन को आकार देने लगेगा।



**सीधे दिल पर कर रहा वार, जा रही लोगों की जानें**

# खिलौने हों या कंटेनर, प्लास्टिक बन रहा है 'साइलेंट किलर'

## न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी के लैंगोन हेल्थ रिसर्च में चिंताजनक खुलासा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



हमारी डेली लाइफ में प्लास्टिक इतनी बुरी तरह घुस चुकी है कि अब इससे पीछा छुड़ाना आसान नहीं है। खाने के डिब्बे, पानी की बोतलें, टॉयज, माइक्रोवेव कंटेनर हर जगह प्लास्टिक ही प्लास्टिक है, जो हमारी सेहत के लिए खतरनाक है। वैसे तो प्लास्टिक से शरीर के हर अंग को खतरा है लेकिन यह दिल की सेहत पर सीधे अटैक करती है। एक रिसर्च में चौंकाने वाली बात सामने आई है। न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी के लैंगोन हेल्थ रिसर्च में पता चला है कि प्लास्टिक के सामान में मौजूद एक खतरनाक केमिकल डीईएचपी (डाय-2-एथाइलहेक्सिल फ्थेलेट) की वजह से हजारों लोगों की जान जा रही है। ये रिसर्च लांसेट ईबायोमेडिसिन नाम के मेडिकल जर्नल में पब्लिश किया गया है।

**यह है डीईएचपी :** डीईएचपी वो केमिकल है जो प्लास्टिक को मुलायम और टिकाऊ बनाने के लिए डाला जाता है। यानी वही चीज जो खाने के डिब्बे, बच्चों के खिलौने, अस्पताल की IV ट्यूब, कॉस्मेटिक प्रोडक्ट्स में भरी होती है। ये केमिकल धीरे-धीरे टूटता है और छोटे-छोटे प्लास्टिक कणों के साथ हमारे शरीर में पहुंच जाता है। जब ये शरीर में घुसता है, तो यह दिल की धमनियों में सूजन पैदा करता है और यही सूजन धीरे-धीरे हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसे सीरियस रिस्क का कारण बन जाती है।

### ये चीजें ज्यादा खतरनाक

- प्लास्टिक की पानी की बोतलें और खाने के डिब्बे
- माइक्रोवेव में इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक कंटेनर
- बच्चों के सस्ते, मुलायम प्लास्टिक खिलौने
- अस्पतालों में इस्तेमाल होने वाले ब्लड बैग्स और IV ट्यूब

नेल पॉलिश, परफ्यूम और हेयर स्प्रे

### क्या करें, क्या न करें

- प्लास्टिक की जगह स्टील, ग्लास या मिट्टी के बर्तन यूज करें
- खाने को कभी भी प्लास्टिक कंटेनर में माइक्रोवेव न करें
- बच्चों को हमेशा बीपीए फ्री और अच्छे क्वालिटी के टॉयज दें
- प्लास्टिक बोतलों का बार-बार यूज करने से बचें
- कॉस्मेटिक प्रोडक्ट खरीदते वक्त इनग्रेडिएंट लिस्ट जरूर चेक करें

## चिंतन

# भारत को आत्मरक्षा का अधिकार आतंक के दोषियों को नहीं बख्शेगा

आतंकवाद पर अमेरिका को स्पष्ट रुख अपनाना चाहिए। किसी भी आतंकी घटना को अमेरिकी हित के दृष्टिकोण से देखने की जरूरत नहीं है। आतंकवाद केवल और केवल आतंकवाद है और इसके दोषी व साजिशकर्ता कभी माफ नहीं किए जा सकते। खुद अमेरिका ने 9/11 के गुनहगार ओसामा बिन लादेन को पाकिस्तान के सैन्य क्षेत्र एबटाबाद से पकड़कर सजा दी। पहलगाम आतंकी घटना की अमेरिका ने निंदा जरूर की है, लेकिन अमेरिकी प्रशासन ने सीधे तौर पर पाकिस्तान को कंडेम नहीं किया है। अमेरिकी उप-राष्ट्रपति जेडी वेंस ने, जिनकी भारत यात्रा के दौरान पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमला हुआ, अमेरिका पहुंचने के बाद पहलगाम हमले के लिए पाकिस्तान को 'कुछ हद तक जिम्मेदार' बताते हुए भारत के साथ सहयोग की उम्मीद जताई। अमेरिका की ओर से बार-बार भारत से संयम बरतने की अपील भी आतंकवाद के खिलाफ कठोर रुख के विपरीत है, जबकि पहलगाम आतंकी हमले में 27 बेकसूर नागरिक मारे गए हैं, जो 2019 में पुलवामा हमले के बाद सबसे भीषण आतंकवादी हमला है। पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्करे तैयबा के प्रॉक्सी गुट द रेजिसटेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने आगे बढ़कर इस हमले की जिम्मेदारी ली, इसका सीधा मतलब है कि इस हमले में पाकिस्तान किसी न किसी रूप में लिप्त है। पाकिस्तान ने खुद कई बार स्वीकार किया है कि वह अमेरिकी मदद का इस्तेमाल आतंकवाद को पालने-पोसने में करता रहा है। इसके बाद अमेरिका ने पाकिस्तान की मदद रोकी व फिर कटौती की। अभी हाल ही में पाकिस्तान के दो-दो मंत्रियों ने स्वीकार किया है कि पाकिस्तान का आतंक का इतिहास रहा है, किसी तीसरे के लिए उसने आतंक को पनाह दी। पाकिस्तान स्थित कई आतंकियों को अमेरिका खुद व संयुक्त राष्ट्र ने ग्लोबल टेररिस्ट घोषित कर रखा है। अमेरिका को यह भी पता है कि पाकिस्तान भारत के खिलाफ लंबे अर्से से एस्टाब्लिशमेंट प्रायोजित आतंकवाद का इस्तेमाल करता रहा है, अनेक बार भारत ने सबूत दुनिया के सामने रखे हैं, इसके बाद भी अगर अमेरिका पहलगाम घटना के बाद दक्षिण एशिया में क्षेत्रीय संघर्ष का हवाला देते हुए भारत से संयम बरतने और पाकिस्तान से जांच में सहयोग करने की अपील कर रहा है तो यह उसका कहीं से भी आतंकवाद को लेकर कड़ा रवैया नहीं है। भारत ने अमेरिकी रक्षा मंत्री हेगसेथ और विदेश मंत्री मार्क रूबियो के साथ बातचीत में स्पष्ट कर दिया है कि आतंकवाद के मामले में भारत किसी देश का दबाव नहीं सहेगा। अमेरिका की ओर से केवल निंदा किए जाने से भारत खुश नहीं है। भारत का स्पष्ट संदेश है कि पहलगाम के दोषियों और उसके साजिशकर्ताओं को सख्त सजा मिलेगी। भारत आतंकवाद के खिलाफ स्टेप बाय स्टेप कदम उठा रहा है, जिसमें सीमा बंदी से लेकर सिंधु जल समझौता को निलंबित करने तक शामिल हैं। अब भारत एफएटीएफ (फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स) में पाकिस्तान को ब्लैक लिस्ट कराने की तैयारी में है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) भी भारत व पाक के बीच तनाव पर बैठक करेगी। भारत को आत्मरक्षा का अधिकार है, कोई भी यूं ही आतंकी हमला कर बच नहीं सकता है। इजराइल ने आत्मरक्षा के अधिकार के तहत ही आतंकी गुट हमास के खिलाफ सैन्य एक्शन लिया। भारत सरकार ने भी आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई के लिए अपनी तीनों सेनाओं को खुली छूट दी है। विश्व आतंकवाद के खिलाफ आंख मूंद कर नहीं रह सकता है। यह आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई का वक्त है, भारत इसका खात्मा करने तक लड़ता रहेगा।



विश्लेषण
प्रदीप सरदाना

# शुरुआत अच्छी पर चुनौतियां भी कई

रेखा गुप्ता दिल्ली की सीएम बनीं तो सबसे बड़ा सवाल यही था कि रेखा क्या इतनी बड़ी जिम्मेदारी ढंग से संभाल सकेंगी? भाजपा की दिल्ली में 26 साल बाद बड़ी मुश्किल से वापसी हुई है। ऐसे में पिछड़ती, प्रदूषित, प्यासी और गंदगी के पहाड़ों से दबी दिल्ली को भाजपा के शासन से ढेरों उम्मीदें हैं। लेकिन रेखा गुप्ता ने अपने दो महीने के कार्यकाल में ही विभिन्न कार्यों, व्यवहार और कामकाज के ढंग से सभी का दिल मोह लिया है। रेखा गुप्ता ने बिना एक पल गंवाए, अपने मंत्रिमंडल के साथ जिस तरह ताबड़ तोड़ काम शुरू किए हैं, उससे आशा बनी है कि वे जल्द ही दिल्ली की रूपरेखा बदल देंगी। यह भरोसा रेखा गुप्ता के पिछले दो महीनों में उनके क्रिया कलापों को देखकर बन रहा है।

पिछले दो महीने से दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के कामकाज को देखते हुए मुझे दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्रियों का स्मरण हो आया। मैं दिल्ली सरकार और उससे पूर्व दिल्ली प्रशासन को लगभग 50 बरसों से करीब से देख रहा हूँ। सन 1993 में नवगठित विधानसभा से पूर्व 1967 से 1990 तक यहां दिल्ली महानगर परिषद थी। परिषद के मुख्य कार्यकारी पार्षद का पद तब मुख्यमंत्री के समतुल्य सा था। मैंने सबसे पहले मार्च 1978 में तत्कालीन मुख्य कार्यकारी पार्षद (सीईसी) केदार नाथ साहनी का इंटरव्यू किया था। वह एक योग्य शासक और बेहद शालीन व्यक्ति थे। दिल्ली में 35 पुनर्वास बस्तियों का निर्माण उन्हीं के कार्यकाल में हुआ।

यूं दिल्ली के अन्य तीन सीईसी से भी मेरी आगे-पीछे मुलाकातें होती रहीं। जिनमें प्रथम सीईसी विजय कुमार मल्होत्रा तो पीजीडीएवी महाविद्यालय में मेरे शिक्षक भी रहे। उन्होंने सबसे पहले हरित और सुंदर दिल्ली पर ध्यान देकर दिल्ली में पेड़-पौधे लगवाने के साथ बहुत से पार्क और फव्वारों का निर्माण भी कराया। दिसंबर 93 से 1998 तक पहले मदन लाल खुराना फिर साहिब सिंह वर्मा और फिर चंद दिनों के लिए सुषमा स्वराज ने दिल्ली सीएम का पद संभाला। उसके बाद 15 बरस तक कांग्रेस की शीला दीक्षित दिल्ली की सीएम बनीं। मैंने इन सभी के भी कई बार इंटरव्यू किए। सभी से कई मुलाकातें हुईं। खुराना, साहिब सिंह और शीला दीक्षित ने तो दिल्ली के विकास के लिए बहुत कुछ किया। हां, दीक्षित भ्रष्टाचार के आरोपों में भी घिरी रहीं। लेकिन पिछले करीब 10 साल में केजरीवाल और आतिशी के कार्यकाल में दिल्ली बुरी तरह पिछड़ गयी। इस दौरान कागजों और भाषणों में ही बहुत कुछ हुआ लेकिन धरातल पर निल बटा सन्नाटा ही रहा। इधर जब गत 20 फरवरी को रेखा गुप्ता दिल्ली की सीएम बनीं तो सबसे बड़ा सवाल यही था कि पहली बार विधायक बनीं रेखा क्या इतनी बड़ी जिम्मेदारी ढंग से संभाल सकेंगी ? भाजपा की दिल्ली में 26 साल बाद बड़ी मुश्किल से वापसी हुई है। ऐसे में पिछड़ती, प्रदूषित, प्यासी और गंदगी के पहाड़ों से दबी दिल्ली को भाजपा के शासन से ढेरों उम्मीदें हैं। लेकिन रेखा गुप्ता ने अपने दो महीने के कार्यकाल में ही विभिन्न कार्यों, व्यवहार और कामकाज के ढंग से सभी का दिल मोह लिया है। रेखा गुप्ता ने बिना एक पल गंवाए, अपने मंत्रिमंडल के साथ मिलकर जिस तरह ताबड़ तोड़ काम शुरू किए हैं, उससे आशा बनी है कि वे जल्द ही दिल्ली की रूपरेखा बदल देंगी। यह भरोसा रेखा गुप्ता के पिछले दो महीनों में उनके क्रिया कलापों को देखकर बन रहा है। असल में रेखा गुप्ता के आरंभिक रंग ढंग दर्शाते हैं कि भाजपा को एक नयी सशक्त नेत्री,अच्छी मुख्यमंत्री मिल गयी है। जो रोग भी पहचानती हैं और उसका उपचार भी अच्छे से जानती हैं। इधर भाजपा के अन्य मुख्यमंत्रियों की लोकप्रियता देखें तो मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह चौहान ने लोकप्रियता के साथ जनता से अपना जो रिश्ता कायम किया वह बेमिसाल है। मध्यप्रदेश से केंद्र में आने के बावजूद शिवराज का अपने राज्य से मोह कम नहीं हुआ। बरसों पहले खुराना का दिल भी सिर्फ दिल्ली के लिए धड़कता था। बाद में वह चाहे केंद्र में मंत्री बने या राजस्थान के राज्यपाल लेकिन वह दिल्ली को नहीं भूल पाये। उनके



सपनों में दिल्ली ही रही। इधर अब उत्तरप्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ और असम के हिमंत बिस्वा भाजपा के सर्वाधिक लोकप्रिय सीएम ही नहीं फायर ब्रांड नेता भी हैं। रेखा गुप्ता में भी मुझे शिवराज और खुराना की कुछ झलक तो मिलती ही है। साथ ही सुषमा स्वराज की भी। वह उनकी तरह बन पाती हैं या नहीं यह तो बाद में पता लगेगा, लेकिन सिर्फ दो महीने में ही अपनी कार्यप्रणाली और कामकाज की छाप छोड़कर जो लोकप्रियता उन्होंने पाई है, उससे विपक्ष ही नहीं भाजपा के कई नेता और मुख्यमंत्री तक हैरान हैं।

रेखा गुप्ता ने इन दो महीनों में ही जो बड़े कार्य कर दिखाये, उनमें आयुष्मान योजना सबसे बड़ा कदम है। अभी 28 अप्रैल को 70 और उससे अधिक आयु के दिल्ली के सभी बुजुर्गों के लिए उन्होंने आयुष्मान वय वंदना कार्ड जारी करने शुरू भी कर दिये। इस योजना में पंजीकृत देशभर के अस्पतालों में सभी बुजुर्ग 10 लाख रुपये तक का इलाज पूरी तरह निःशुल्क करा सकेंगे। इससे पहले गरीब व्यक्तियों के लिए भी आयुष्मान कार्ड मिलने का काम 10 अप्रैल को शुरू हो गया। फिर 20 अप्रैल को जल माफिया पर लगाम कसते हुए, दिल्ली सरकार ने जीपीएस युक्त 1111 जल के ऐसे टैंकर शुरू किए जिससे निःशुल्क स्वच्छ जल मिलने के साथ टैंकर की निगरानी भी हो सकेगी। फिर यमुना की सफाई के साथ गंदे नालों की सफाई का काम भी व्यापक स्तर पर शुरू हो गया है। साथ ही 8 मार्च को दिल्ली की गरीब महिलाओं के लिए 2500 रुपये माह की सहायता वाली 'महिला समृद्धि योजना' के लागू करने का कार्य भी शुरू हो चुका है। फिर 25 मार्च को खीर बनाने की नयी परंपरा के साथ एक लाख करोड़ रुपये का दिल्ली का अब तक का सबसे बड़ा बजट प्रस्तुत करना भी बताता है कि दिल्ली की योजनाएं अब धन के अभाव में रुकेंगी नहीं। रेखा गुप्ता की कूटनीति और शिष्टाचार की बात करें तो वह इस दौरान राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और लोकसभा अध्यक्ष के साथ अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, जेपी नड्डा और निर्मला सीतारमण सहित कई केंद्रीय मंत्रियों और कुछ मुख्यमंत्रियों से भी अलग से मिलीं हैं। साथ ही भाजपा के उन दिग्गज नेताओं से भी जो आज मुख्यधारा में न होकर लगभग एकांतवास में हैं। यहां तक कि दिल्ली के सभी सांसदों से भी वह घर जाकर मिलीं। उधर रेखा गुप्ता अपनी जड़ों की ओर लौटते हुए अपने दौलतराम कॉलेज की प्राचार्या से मिलीं तो एबीवीपी और दिल्ली विश्वविद्यालय के समारोह में अपनी पुरानी यादों को भी उन्होंने दिल से साझा करते हुए युवाओं को अपने मन के बड़े सपने देखने की सलाह दी। यहां तक कि आरएसएस और अनेक धार्मिक समारोहों में भी वह बराबर शामिल हो रहीं हैं। रेखा ने घर में पहले की तरह विशाल कंजक पूजन भी कराया।

दिल्ली की जनता की समस्याओं के समाधान के लिए भी उनका दरबार नियमित लग रहा है। पीएम नरेन्द्र मोदी की तरह बिना अवकाश लिए वह जिस तरह लगातार काम कर रही हैं, वह उन्हें बहुतों से अलग और विशेष बनाता है। गत 12 अप्रैल को वह सड़क पर उस व्यक्ति की कार रोक लेती हैं जो चलती कार से गायों को रोटी डाल यातायात जाम और दुर्घटनाओं को आमंत्रित करता है। सीएम उसे विनम्रता से समझाकर हाथ मिला वचन लेती हैं कि वह आगे ऐसे नहीं करेगा। स्कूल की छात्राओं के कार्यक्रम का आयोजन कराकर वह उनके दुख दर्द के साथ उनके सपने भी जानती हैं। उधर निजी स्कूल द्वारा फीस बढ़ाने, गंदे नालों की सफाई न होने के साथ जलभराव और एक विदेशी महिला का पासपोर्ट खो जाने पर रेखा गुप्ता के सख्त तेवर भी साफ दिखाई देते हैं। यदि आगे भी वह इसी गति और स्फूर्ति से कार्य करती रहीं तो एक स्वच्छ, स्वस्थ और विकसित दिल्ली का स्वप्न जल्द पूर्ण हो सकेगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

मानवीय संकट
मुनीष भाटिया



# दक्षिण एशिया में धर्म के नाम पर हो रही हिंसा

दक्षिण एशिया में हिंदू समुदाय आज एक जटिल और गहराते मानवीय संकट का सामना कर रहा है। पश्चिम बंगाल, बांग्लादेश और पाकिस्तान, ये तीनों क्षेत्र भले ही ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक रूप से भिन्न हों, परंतु एक समान पीड़ा में बंधे हुए प्रतीत होते हैं। हिंदू समुदाय पर हो रहे संगठित हमले, उनकी धार्मिक स्वतंत्रता पर पाबंदियां, और शासन की चुप्पी या निष्क्रियता। यह संकट अब किसी एक देश या राज्य तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह एक वैश्विक मानवाधिकार चिंता का विषय बन चुका है, जिसे नजरअंदाज करना स्वयं मानवता के खिलाफ अपराध होगा। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हिंदू पर्यटकों पर हुआ आतंकी हमला इस संकट का और भी खतरनाक आयाम प्रस्तुत करता है। इस हमले में आतंकवादियों ने निशाना बनाकर निर्दोष पर्यटकों की हत्या की। यह न केवल मानवाधिकार पर हमला था, बल्कि यह संदेश भी था कि अब धार्मिक पहचान को निशाना बनाना आतंकवाद की रणनीति का हिस्सा बन चुका है। यह मानवाधिकार और धार्मिक स्वतंत्रता दोनों पर एक गहरा आघात है, जिसकी अनदेखी केवल और अधिक त्रासदी को न्योता देना होगा। पश्चिम बंगाल, जिसे कभी 'सांस्कृतिक राजधानी' कहा जाता था, आज धार्मिक असंतुलन और टकराव का केंद्र बनता जा रहा है। राज्य के विभिन्न हिस्सों हावड़ा, रिसड़ा, उत्तर 24 परगना, बीरभूम और मालदा में रामनवमी, हनुमान जयंती और दुर्गा पूजा जैसे पारंपरिक धार्मिक आयोजनों पर बार-बार पथराव, हमले और तोड़फोड़ की घटनाएं सामने आई हैं। धार्मिक जुलूसों पर हमले अब अपवाद नहीं, बल्कि एक खतरनाक प्रवृत्ति बनते जा रहे हैं। प्रशासन की निष्क्रियता या पक्षपातपूर्ण रवैया इस स्थिति को और भी गंभीर बना देता है। कई घटनाओं में पुलिस की समय पर कार्रवाई नहीं होना, या दोषियों पर सख्त कार्रवाई न करना, यह संकेत देता है कि या तो राज्य प्रशासन इन घटनाओं को गंभीरता से नहीं ले रहा, या फिर राजनीतिक लाभ-हानि की गणना के तहत चुप्पी साधे बैठा है। यह न केवल संवैधानिक मूल्यों का हनन है, बल्कि राज्य के नागरिकों की धार्मिक स्वतंत्रता पर सीधा प्रहार है। बांग्लादेश, जो 1971 में धर्मनिरपेक्षता के आदर्श के साथ अस्तित्व में आया था, अब उस मूल भावना से लगातार दूर होता जा रहा है। अक्टूबर 2021 में कमिला और नोआखली जिलों में हुए दंगों के दौरान हजारों हिंदू घर और मंदिरों को जलाया गया, जबकि सरकार और प्रशासन ने देर से कार्रवाई की। यह चुप्पी इस बात का संकेत है कि बांग्लादेश में हिंदू समुदाय, जो अब 8% से भी कम रह गया है, अपने ही देश में असुरक्षित और अकेला महसूस करता है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या बांग्लादेश अपने अल्पसंख्यकों को वह संरक्षण देने में विफल हो गया है जो एक आधुनिक राष्ट्र की जिम्मेदारी होती है? पाकिस्तान में हिंदू समुदाय की स्थिति सबसे अधिक भयावह है। यह देश, जो खुद को इस्लामी गणराज्य घोषित करता है, वहां गैर-मुस्लिमों की धार्मिक स्वतंत्रता हमेशा खतरे में रही है। हिंदू लड़कियों का अपहरण कर जबरन निकाह और धर्मांतरण की घटनाएं आए दिन सामने आती हैं, जिसमें राज्य संरचनाएं कई बार मूकदर्शक बनी रहती हैं। 2020 में कराची और रहीम यार खान में मंदिरों पर हुए हमलों ने वैश्विक मीडिया में सुर्खियां बटोरीं, लेकिन फिर भी कोई ठोस सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए। पाकिस्तान में 'ब्लासफेमी लॉ' का दुरुपयोग कर अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं को निशाना बनाना एक हथियार बन गया है, जिसमें झूठे आरोपों के चलते उनकी हत्या तक कर दी जाती है। यह गहन चिंता का विषय है कि जब विश्व के किसी भी कोने में मुस्लिम, ईसाई या अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के साथ अन्याय होता है, तो अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं, मानवाधिकार संगठन, और वैश्विक बुद्धिजीवी वर्ग तुरंत प्रतिक्रिया देते हैं। लेकिन जब पीड़ित हिंदू होता है, चाहे वह बंगाल में हो, बांग्लादेश में या पाकिस्तान में – तो एक प्रकार का मौन छा जाता है। यही मौन सबसे बड़ा अन्याय है। मानवाधिकार की परिभाषा क्या केवल राजनीतिक रूप से 'उपयुक्त' माने जाने वाले समुदायों तक सीमित है? क्या बहुसंख्यक समुदाय के भीतर मौजूद अल्पसंख्यकों की पीड़ा को नकार देना ही उदारवाद है? यह दोहरा मापदंड मानवाधिकार के सार्वभौमिक स्वरूप को अपंग बनाता है और न्याय की अवधारणा को खंडित करता है। आज जब हिंदू समुदाय एक संगठित संकट के दौर से गुजर रहा है, तो हमारी संवेदनशीलता, हमारी नैतिकता और हमारी चुप्पी, सबकुछ इस परीक्षा का हिस्सा है और इस परीक्षा में मौन रहना, सबसे बड़ा अन्याय है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## शंकराचार्य को ज्ञान देकर अंतर्धान हो गए भगवान शंकर



संकलित
दर्शन

शंकराचार्य नित्य-प्रति गंगा में स्नान करके तर्पण किया करते थे। सूर्योदय से पूर्व उनकी पूजा पूर्ण हो जाती। एक दिन सूर्योदय होते-होते वे पूजा समाप्त करके विश्वनाथ मंदिर जा रहे थे। उन्होंने देखा कि गली में शमशान घाट में काम करने वाला एक व्यक्ति चार कुत्तों को चारों दिशाओं में बिठाए हुए रास्ता रोके खड़ा है। शंकराचार्य ने बहुत नम्र भाव से कहा, 'आप एक ओर हट जाएं तो मैं विश्वनाथजी के दर्शन करने चला जाऊं।' उस व्यक्ति ने शुद्ध संस्कृत में उनका प्रतिवाद करते हुए कहा, 'ओ संन्यासी! मार्ग से किसे हटा रहे हो? मेरे इस शरीर को या इसकी आत्मा को? हमने तुम्हारा शास्त्रार्थ सुना है। तुम्हारा सिद्धांत है कि वह पूर्ण ब्रह्म सर्वत्र सब में, तुम में और मुझ में एक समान विद्यमान है। पर तुम मुझे इस तरह दूर भगा रहे हो मानो मैं तुमसे भिन्न कोई और हूं? यदि तुम इस शरीर को हटाना चाहते हो, जो अन्न से बना हुआ है तो जो मांस-मज्जा तुम्हारे शरीर में है, वही मेरे में है। यदि तुम शुद्ध चैतन्य को अलग करना चाहते हो तो वह तो यहां-वहां सर्वत्र है। फिर तुम किसे हटाना चाहते हो? क्या इस पवित्र गंगा में प्रतिबिंबित सूर्य की आभा उस बिंब से अलग है, जो मेरे निवास स्थान के समीप एक गंदे तालाब में पड़ती हुई दिखाई दे रही है?' उस व्यक्ति की अकाट्य युक्ति सुन कर और संस्कृत भाषा का शुद्ध व्यवहार देखकर शंकर स्तंभित रह गए। उनकी आंखें आश्चर्य से विस्फारित हो उठीं। उन्होंने उसे प्रणाम किया।

## मन एक सेतु की भांति



संकलित
प्रेरणा

दुनिया कभी नहीं रही अराजकता और अव्यवस्था में, केवल मन रहा है। संसार तो परम रूप से व्यवस्थित है। यहां कोई अव्यवस्था नहीं, सुव्यवस्था है। केवल मन ही सदा अव्यवस्था में रहता है और सदा अव्यवस्था में ही रहेगा। मन एक सेतु की भांति है, इसे पार करना है। दूसरे किनारे को प्राप्त करना ही है। और तुमने तो सेतु पर ही घर बना लिया है। तुमने सेतु पर रहना शुरू कर दिया है। तुम मन के साथ जुड़ गए हो। तुम पड़े हो जाल में, क्योंकि तुम कहीं नहीं हो। कैसे तुम कहीं न होने वाली जमीन पर व्यवस्थित हो सकते हो? 'वापस आओ, वापस लौट आओ, उस किनारे पर जिसे कि तुम छोड़ चुके हो।' और वापस लौटना होता नहीं, क्योंकि तुम समय में पीछे की ओर बढ़ नहीं सकते। बढ़ना केवल एक ही है, वह है आगे की ओर- आगे। अतीत तुम पर गहरा प्रभाव बनाए रहता है; क्योंकि तुम होते हो सेतु पर। अतीत भी सेतु पर होने से तो बेहतर लगता है। एक छोटी झोपड़ी भी ज्यादा ठीक होती है, सेतु पर होने की अपेक्षा। कम-से-कम वह एक घर तो है; तुम सड़क पर नहीं होते। तुम्हारे अंतस को निर्विचार कर देने का, मन को गिरा देने का, सेतु पर से सरकने का, अज्ञात में बढ़ने का और रहस्य में छलांग लगा देने का। इसलिए मैं कहता हूं... हिसाब-किताब मत लगाना, क्योंकि वह मन की चीज है। इसीलिए मैं कहता हूं कि आध्यात्मिक खोज सीढ़ी-दर-सीढ़ी नहीं होती, आध्यात्मिक खोज है- एक अचानक छलांग। वह साहस है, वह कोई हिसाब-किताब नहीं। वह बुद्धि की चीज नहीं, क्योंकि बुद्धि है मन का हिस्सा।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### मलेरिया भगाने के लिए जनजागरण जरूरी

मलेरिया एक प्राचीन लेकिन अब भी प्रासंगिक बीमारी है, जिसने सदियों से मानव सभ्यता को प्रभावित किया है। यह मुख्य रूप से एनाफिलीज नामक मादा मच्छर के काटने से फैलता है, जो प्लाज्मोडियम परजीवी से संक्रमित होती है। जब यह परजीवी मानव शरीर में प्रवेश करता है तो वह यकृत और रक्त कोशिकाओं में पहुंच कर वहां अपनी संख्या बढ़ाता है और शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को क्षतिग्रस्त करता है। लोगों को मलेरिया के खतरों और उससे बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रतिवर्ष 25 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य संगठन की पहल पर विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है। –मोहन साहू

## ट्रेंड

### अभिव्यक्ति का अधिकार



लोकतंत्र अभिव्यक्ति और संवाद द्वारा परिभाषित होता है। अभिव्यक्ति पर अंकुश लगाने से लोकतंत्र कमजोर होता है। यदि अभिव्यक्ति करने वाला स्वयं को सदैव सही व दूसरों को गलत मानता है, तो अभिव्यक्ति का अधिकार विकृत हो जाता है।
-जगदीप धनखड़, उपराष्ट्रपति

### दिल्ली को बदलने का काम



ट्रिपल इंजन वाली भाजपा सरकार दिल्ली को बदलने के लिए मिलकर काम कर रही है। मैं यह वचन देता हूं कि देश के शीर्ष शैक्षणिक संस्थान दिल्ली सरकार के साथ मिलकर काम करेंगे, और दिल्ली को एक ऐसा भविष्य बनाने के लिए रास्ता तैयार करेंगे जिस पर हम सभी को गर्व होगा।
-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री

### प्यारे दोस्तों की देखभाल



हमारे प्यारे दोस्तों के लिए विशेष देखभाल। असम सरकार ने पालतू जानवरों की देखभाल के वास्ते तीन अस्पताल विकसित करने के लिए एक व्यापक योजना बनाई है जो 2025 के अंत तक चालू हो जाएंगे।
- हिमंत विश्व शर्मा, सीएम, असम

### प्रधानमंत्री से आग्रह



पहलगाम हमले में मारे गए लोगों के परिवारों के दुख में, शहीद के दर्जे की उनकी मांग में, मैं साथ खड़ा हूं। प्रधानमंत्री से आग्रह है कि वो इस त्रासदी में जान गंवाने वालों को यह सम्मान दें।
-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

## करंट अफेयर

# पहलगाम हमला : अमेरिकी कश्मीरी हिंदुओं ने कहा- तय हो जवाबदेही



अमेरिका में रह रहे कश्मीरी हिंदू पहलगाम आतंकी हमले के बाद व्यापक जवाबदेही तय करने और आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक स्तर पर जागरूकता पैदा किये जाने की मांग कर रहे हैं। जम्मू कश्मीर में अनंतनाग जिले के पहलगाम में पिछले हफ्ते मंगलवार को आतंकवादियों के हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें से अधिकतर पर्यटक थे। प्रवासी भारतीयों ने कहा कि 22 अप्रैल को अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे डी वेंस की भारत यात्रा के दौरान हुए हमले ने सुरक्षा तैयारियों में चूक और कश्मीर में अल्पसंख्यक समुदायों के खतरों को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा की हैं। प्रतिबंधित पाकिस्तानी संगठन लश्कर–ए–तैयबा (एलईटी) के एक छद्म समूह 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। 'इंडो–अमेरिकन कश्मीर फोरम' (आईएकेएफ) के अंतरराष्ट्रीय समन्वयक डॉ. विजय साजवाल ने दावा किया कि इस हमले को रोका जा सकता था। उन्होंने दावा किया, ''हजारों पर्यटक प्रतिदिन इस मार्ग का उपयोग करते हैं, फिर भी हमले के दिन कोई सुरक्षा व्यवस्था नजर नहीं आई। एक उच्च–स्तरीय राजनयिक यात्रा के बावजूद, बुनियादी जोखिम आकलन को स्पष्ट रूप से नजरअंदाज कर दिया गया।'' साजवाल ने कहा कि ध्यान अक्सर सीमा पार आतंकवाद पर होता है, लेकिन स्थानीय स्तर पर भी उन्हें (आतंकवादियों को) ऐसे लोगों से सहयोग मिलता है।

## ऑफ बीट

# इजरायल की आबादी पहली बार 1 करोड़ के पार



इजरायल की आबादी पहली बार 1 करोड़ के पार हुई है। 1948 के बाद से यह पहला मौका है, जब इजरायल की संख्या 10.1 मिलियन हुई है। देश की स्थापना के बाद से अब तक यहूदी मुल्क की आबादी में 12 गुना तक इजाफा हो चुका है। इजरायल के जनसांख्यिकी विभाग के अनुसार बीते साल की तुलना में इजरायल की आबादी में 1 लाख 35 हजार यानी 1.4 फीसदी का इजाफा हुआ है। दिलचस्प बात है कि अब भी यहूदियों की आबादी 80 लाख भी नहीं पहुंची है। इजरायल का संघर्ष पड़ोस के फिलिस्तीन, लेबनान, मिस्र जैसे देशों से लंबे समय से रहा है। 1948 में देश की स्थापना के बाद से ही यह संघर्ष चलता रहा है। ऐसे में यहूदियों और पूरे इजरायल की ही आबादी एक करोड़ से कम होना चर्चा का विषय रहा है। अब इजरायल की आबादी तो एक करोड़ के आंकड़े तक पहुंच गई है, लेकिन यहूदियों की संख्या अब भी 80 लाख से नीचे है। आंकड़े के अनुसार इजरायल की आबादी में यहूदियों की संख्या फिलहाल 77.6 फीसदी ही है। देश में 2.1 मिलियन यानी करीब 20 फीसदी मुसलमान, ईसाई और अरब हैं। इसके अलावा ढाई लाख लोग यानी 2.5 फीसदी ऐसे भी हैं, जो किसी भी कैटिगरी में नहीं आते। इनमें विदेशी छात्र, मजदूर और अवैध रूप से वहां पहुंचे प्रवासी शामिल हैं।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# पीएम मोदी ने मंच से कसा तंज

# थरूर की मौजूदगी कईयों के नींद हराम करेगी, केरल से दिल्ली तक असहज हो गए कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तिरुवनंतपुरम से चार बार के सांसद पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर को लेकर कयासों का बाजार अभी थमा ही था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फिर उसमें पंख लगा दिये। मौका था तिरुवनंतपुरम में विझिनजम इंटरनेशनल सीपोर्ट के उद्घाटन समारोह का। प्रधानमंत्री के साथ केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन भी मौजूद थे। लेकिन प्रधानमंत्री ने सांसद शशि थरूर का नाम लेते हुए कहा, यहां शशि थरूर बैठे हैं... और कई लोगों की नींद हराम हो जाएगी। सामने मौजूद अहिंदी भाषी श्रोताओं को समझाने के लिए जैसे ही अनुवादक ने अनुवाद किया प्रधानमंत्री ने मंच पर मौजूद नेताओं से पूछा ठीक बोला क्या? प्रधानमंत्री के इस अंदाज का समूचे



केरल में लोग अनुवाद कर समझने का प्रयास कर रहे हैं आखिर इस कटाक्ष का मतलब क्या है? केरल में विधानसभा चुनाव होने हैं। अभी कांग्रेस, वामदल की मिलीजुली सरकार है। भाजपा ने इस बार केरल और तमिलनाडु में पूरा जोर लगाया हुआ है। भाजपा ने अपने पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर को केरल का अध्यक्ष बनाकर सियासी रूप से जमीन उर्वर करनी शुरू कर दी है। इधर, लंबे समय से बर्फखाने में पडे शशि थरूर ने कांग्रेस आलाकमान से अपने लिये जब सीधे सवाल कर पूछा था कि हमारी पार्टी में क्या उपयोगिता है उसी के बाद से कयासों का बाजार गरम है कि देर सबेर शशि थरूर कांग्रेस से विदा हो सकते हैं। ये बात अलग है कि थरूर के तेवर से कांग्रेस संसदीय दल की अकड कुछ ढीली हुई। उन्हें लोकसभा में कुछ विषयों पर बोलने का मौका पार्टी ने दिया।

# संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में होगी भारत-पाकिस्तान के हालात पर चर्चा!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सशस्त्र सेनाओं को दी गई जवाबी सैन्य कार्रवाई की छूट के बाद पाकिस्तान से लेकर पूरी दुनिया सकते में है। सभी को यह डर सता रहा है कि कहीं भारत अपनी प्रतिरक्षा में पाकिस्तान पर बड़ा हमला न कर दे। इन सबके बीच संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) जल्द ही भारत और पाकिस्तान के मौजूदा तनावपूर्ण हालात पर चर्चा करने के लिए एक बैठक बुलाने के लिए राजी हो गई है। यह जानकारी बीते गुरुवार देर रात परिषद की मई महीने की अध्यक्षता की जिम्मेदारी संभालने के बाद आयोजित किए गए एक संवाददाता सम्मेलन में यूनान के स्थायी प्रतिनिधि व राजदूत इवेंजेलोस सेकेरिस ने दी।


## कार्यालय कलेक्टर, जिला- धमतरी (छत्तीसगढ़)

क्रमांक /3783/भू-अर्जन /25/2025 धमतरी दिनांक /05/2025

**// सूचना //**

**भू-अर्जन** के संबंध में संपूर्ण प्रक्रिया की जांच करने हेतु विभिन्न परियोजनाओं में अर्जित भूमि के संबंध में जानकारी प्रकाशित की जा रही है। प्रकाशित जानकारी के संबंध में यदि किसी व्यक्ति /संस्था / समूह/ आदि को आपत्ति हो तो संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के कार्यालय में लिखित दावा-आपति 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कर सकते है। समयावधि समाप्त होने पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

**अपर कलेक्टर**
**धमतरी**

G-252600644/2

CIN-U40108CT2003SCG015820 GSTIN-22AADCC5773E1ZX

## छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत ट्रांसमिशन कंपनी मर्यादित,रायपुर

(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (छ.रा.वि.मं.की उत्तरदायी कंपनी)

कार्या0 अधीक्षण अभियंता (अ.उ.दा:नि.एवं.सं.) वृत्त

ईमेल आईडी: seeht.raipur@cspc.co.in, वेबसाईट: www.csptcl.co.in Ph : 0771-2574381

क्रमांक 052 / 1100 / कार्य / 92 रायपुर, दिनांक 01.05.2025

/ / निविदा आमंत्रण सूचना / /

अधीक्षण अभियंता (अति उच्च दाबः निर्माण एवं संधारण) वृत्त, छ.ग.स्टे.पॉ.ट्रां.कं. लिमि. रायपुर अंतर्गत कार्यपालन अभियंता (अति उच्च दाबःसंधारण) संभाग, छ.ग.स्टे.पॉ.ट्रां.कं. लिमि रायपुर के अधिनस्त निम्नलिखत कार्य हेतु उपयुक्त ठेकेदारों से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र. | विवरण | संख्या | निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| 1. | Replacement of existing cross arm with box cross arm at various location of 132 KV DCDS lines under EE (EHT:Maint.) Dn. CSPTCL, Raipur on labour contract basis. | 1 Job | 26.05.2025 समय 17:00 बजे तक |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट http://cspc.co.in से डाउनलोड की जा सकती है। उक्त निविदा प्रकिया के तहत् किसी भी संशोधन अथवा तिथि विस्तार की सूचना केवल विभागीय वेबसाइट पर ही प्रकाशित की जावेगी।

(इंजी. अभिषेक दीवान) कार्यपालन अभियंता
कार्या. अधीक्षण अभियंता (अ.उ.दा:नि.एवं.सं.)वृत्त,
छ.ग.स्टे.पा.ट्रांस.कं.लिमि.रायपुर

राष्ट्रहित एवं स्वहित में ऊर्जा बचाऐ।

## झारखण्ड सरकार
## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल,कोडरमा

06534-2227076,Email Id-eercdkoderma-jhr@nic.in

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

Tender Reference No. : RCD/KODERMA/415/2025
दिनांक:-28.04.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | पथ प्रमण्डल,कोडरमा अन्तर्गत "डोरण्डा–शंख–मेन्ड्रो–पटना रोड (MDR-114) पथ के कि0मी0 0.00 से 22.40 कि0मी0 (कुल लंबाई–22.40 कि0मी0) का राईडिंग क्वालिटी में सुधार कार्य"। |
| 2. | प्राक्कलित राशि | Rs. 13,29,82,394.00(तेरह करोड़ उनतीस लाख बेरासी हजार तीन सौ चौरानबे रूपये) मात्र। |
| 3. | अग्रधन की राशि | Rs.13,30,000.00(तेरह लाख तीस हजार रूपये) मात्र। |
| 4. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 05(पाँच) माह। |
| 5. | बेवसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि। | 06.05.2025, 10:30 बजे से। |
| 6. | बिड प्राप्ति की अन्तिम तिथि | 26.05.2025, 12.00 बजे तक। |
| 7. | बिड खुलने की तिथि | 28.05.2025, 12.30 बजे तक। |
| 8. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता। | कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, कोडरमा। |
| 9. | हेल्प लाइन नं0 | 0651-2446002 |

पथ निर्माण विभाग,झारखण्ड सरकार में निबंधित संवेदकों के लिये UCAN निबंधन आवश्यक है।

**Further details can be seen on website** http://jharkhandtenders.gov.in

कार्यपालक अभियंता
प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, कोडरमा

PR 351500 Road(25-26).D


# 'इस्लाम' आतंक की तालीम नहीं देता, हम 'आतंकवाद' के खिलाफ... भारत के साथ

**पहलगाम आतंकी घटना पर इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबावो सुबियांतो की तीखी प्रतिक्रिया**

एजेंसी ▶▶| जकार्ता



पहलगाम आतंकी हमले की वैश्विक नेताओं ने व्यापक निंदा की है। साथ ही लोग भारत के साथ एकजुटता व्यक्त कर रहे हैं। साथ ही आतंकवाद की निंदा की गई। पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने के लिए अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया के 50 से अधिक शहरों में हमले की निंदा करते हुए स्मारक सभाएं और सामुदायिक प्रार्थना सभाएं हुईं हैं। पहलगाम आतंकी हमले की इंडोनेशिया ने भी निंदा की है। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबावो सुबियांतो ने आतंकी हमले को लेकर पाकिस्तान को खूब खरी खोटी सुनाई। उन्होंने कहा कि इंडोनेशिया में जिस इस्लाम का पालन किया जाता है, वह ऐसे आतंकी हमलों की तालीम नहीं देता है। हम आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ हैं।

**इंडोनेशिया में सर्वाधिक मुस्लिम रहते हैं :** इंडोनेशियाई राष्ट्रपति प्रबावो सुबियांतो ने भारतीय राजदूत संदीप चक्रवर्ती के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि किसी भी आतंकवाद से कोई नतीजा नहीं निकल सकता। इसलिए हमें हथियार छोड़कर बात करनी चाहिए। इंडोनेशिया में तैनात भारतीय राजदूत संदीप चक्रवर्ती ने कहा कि इंडोनेशिया में दुनिया के सबसे ज्यादा मुस्लिम रहते हैं।

## ब्रिटेन ने की भारत और पाक से तनाव कम करने की अपील

लंदन में ब्रिटिश संसद के निचले सदन 'हाउस ऑफ कॉमन्स' में "कश्मीरः बढ़ता तनाव" के मुद्दे पर बहस हुई, जिसमें विभिन्न दलों के सदस्यों ने "भयानक हमले" की निंदा की और क्षेत्र में भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव पर लेबर पार्टी सरकार का रुख जानना चाहा। ब्रिटेन के विदेश, राष्ट्रमंडल एवं विकास कार्यालय (एफसीडीओ) के मंत्री लॉर्ड रे कोलिन्स ने सरकार की ओर से बताया कि रविवार को विदेश मंत्री (डेविड लैमी) ने भारतीय विदेश मंत्री और पाकिस्तानी उप प्रधानमंत्री दोनों से बात की। हम सभी पक्षों को संतुलित दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

**बंगाल के 'जगन्नाथ धाम' पर विवाद**

# ममता माफी मांगें, यह नाम हिंदू मान्यताओं के खिलाफ

एजेंसी ▶▶| कोलकाता



पश्चिम बंगाल के दीघा में बने जगन्नाथ मंदिर के नाम को लेकर ओडिशा में विरोध शुरू हो गया है। पुरी जगन्नाथ मंदिर के पंडितों, सेवकों, विद्वानों, कलाकारों और शोधकर्ता मंदिर का नाम 'जगन्नाथ धाम' रखने पर आपत्ति जता रहे हैं।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने 30 अप्रैल को पूर्वी मेदिनीपुर जिले के दीघा में बने जगन्नाथ मंदिर का उद्घाटन किया था। उन्होंने मंदिर को 'जगन्नाथ धाम' नाम दिया।ओडिशा के लोगों ने मंदिर बनाने का समर्थन किया, लेकिन नाम पर एतराज जताया। उनका कहना है कि जगन्नाथ धाम सिर्फ पुरी में है, अन्य मंदिर को यह नाम देना हिंदू मान्यताओं-परंपराओं के खिलाफ है। उन्होंने ममता बनर्जी से भी माफी मांगने को कहा है। इससे लोग नाराज हैं।


## MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR
## OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION

**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**
**(Notice Inviting Tender)**

NIT NO:-31/EE/M.W./2025 RAIPUR DATED: 02/05/2025

Online bids are invited for the following works up to 19-05-2025 at 17:30 hours.

| S. N. | System Tender No | Name of Work | Earnest Money Deposit Rs. |
|---|---|---|---|
| 1- | 167805 | Chain mounted Excavator 210 (Per Hour) | 50,000.00 |
| 2- | | Chain mounted Excavator 210 (Per Hour) (with Rock Braker attachment) | |
| 3- | | Chain mounted Excavator shifting (per shift) | |
| 4- | | Mini Excavator (Per Hour) | |
| 5- | | backhoe loader (Per Hour) | |
| 6- | | Tipper 16T (Per Day) | |
| 7- | | Tractor 35 HP & above (Per Day) | |
| 8- | | TATA ACE (Per Day) | |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 02/05/2025, 11.00 Hours (IST) on wards. For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal NIT Details and other documents.

NOTE: -
1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. Help
3. Desk at Toll Free No. 18004199140 or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in
4. Contact Number - 8223840510

घरों से निकलने वाले गीला व सूखा कचरें को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

**COMMISSIONER**
**MUNICIPAL CORPORATION**
**RAIPUR (C.G.)**

## GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER MAHANADI PROJECT, RAIPUR (CHHATTISGARH)

**e-PROCUREMENT TENDER NOTICE**
**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**
**(Second Call)**

**System Tender No. 167620/ NIT No.: 02/SAC/25-26 Dated: 01.05.2025**

समस्त आम जनता को सूचित हो कि मैं दुकालू राम ऊर्फ जेठूराम कोसरे उम्र 81 वर्ष आ. बरातुराम जाति सतनामी स्थायी निवासी ग्राम मचौद तहसील गुण्डरदेही जिला-बालोद व वर्तमान निवासी दुकान नं 720, सी मार्केट सेक्टर 6 भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.) का निवासी हूँ। मुझे अपने पिता बरातुराम द्वारा अथक मेहनत से क्रय की गई स्व अर्जित भूमि में से मेरे पिता द्वारा निष्पादित पंजीकृत बटवारानामा दिनांक 18.04.1972 से बटवारा में प्राप्त भूमि व मेरे द्वारा क्रय की गई स्व अर्जित भूमि जिसका बन्दोबस्त पश्चात नया खसरा नं 406, 439, 607, 610, 667, 675, 680 रकबा 1. 03. 1.00, 0.05, 0.007, 1.28, 0.37, 1.60 हे. कुल खसरा 7 कुल रकबा 05.40 हे. भूमि मेरे एकल नाम एवं निजी स्वामित्व में दर्ज रहा है। जिसमे मेरी बिना जानकारी के मेरी बहने लतेलीन बाई एवं पुन्नी बाई द्वारा छल कपट कर कूटरचित मनगढंत फौती नामंतरण का झूठा आवेदन प्रस्तुत कर मेरे एकल नाम मे 1972 से दर्ज भूमि मे सह- खातेदार के रूप मे अपना नाम जुड़वाने पश्चात 1/3 हिस्से में खाता विभाजन करा लिया गया। जिसकी जानकारी होने पर मेरे द्वारा किये गये अपील के बाद प्रथम अपीलीय न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी गुण्डरदेही द्वारा तहसीलदार गुण्डरदेही द्वारा किये गये त्रुटि पूर्ण नामांतरण आदेश दिनांक 14.08.2020 के निरस्त किये जाने पश्चात मेरी एक बहन पुन्नी बाई के नाम से दर्ज भूमि रकबा 1.80 हे. भूमि को मेरे नाम पर पुनः अभिलेख दुरूस्त किया जा चुका है। व मेरी एक अन्य बहन लतेलीन बाई द्वारा अपील प्रकरण लंबन काल में छलकारित कर अपने नाम मे दर्ज मेरी भूमि 1.80 हे. भूमि को पंजीकृत बैनामा से विक्रय कर दिया है। जिस कारण उक्त भूमि खरीददार के नाम दर्ज हो गया है। जिसके संबंध मे स्वत्व अर्जन के लिये अपीलीय न्यायालय द्वारा सक्षम न्यायालय में जाने की राय दी गई है। इस प्रकार वर्तमान में मेरे एकल नाम पर भूमि स्वामी हक में भूमि खसरा न. 406/1, 439/1, 607, 610, 667/1, 675/1, 680/1, 406/3, 439/3. 667/3, 675/3, 680/3 रकबा क्रमशः 0.35, 0.34, 0.05, 0.07, 0.42, 0.04, 0.53, 0.34, 0.33, 0.43, 0.16, 0.54 कुल रकबा 3.60 हे. भूमि राजस्व अभिलेख मे दर्ज है। मेरी पहली पत्नी जमुना जो विवाह के बाद मुझे अपनी मर्जी से छोड़कर चली गई और किसी अन्य के साथ रहने लगी उसने ग्राम मचौद स्थित निवास में मेरी अनुपस्थिति में डेढ़ दो वर्ष की बेटी को मेरे पिता के पास यह कहकर छोड़कर चली गई कि यह दुकालू राम की बेटी है और उसके पश्चात से ही मैं उसे (चंद्रिका बाई) अपनी बेटी मानकर ग्राम मचौद में अपने माता पिता की देख रेख में पालन पोषण किया तथा उसका विवाह भी अपने सामर्थ अनुसार रीतिरिवाज से किया। उसी चंद्रिका बाई के द्वारा मेरी वृद्धावस्था मे मुझ पर और मेरी व मेरी पत्नी की सेवा जतन कर रहे मेरे पुत्र गोपेन्द्र सिंह कोसरे के खिलाफ मनगढंत झूठा गंभीर आरोप लगाकर एवं मिथ्या साक्ष्य गढ़ कर फर्जी आवेदन व शिकायत थाना गुण्डरदेही व पुलिस अधीक्षक महोदय बालोद व आयुक्त महोदय दुर्ग संभाग दुर्ग में लिखित रूप से झूठा शिकायत एवं झूठा अपील कर वृद्धावस्था में मुझे व मेरे पुत्र को शारीरिक एवं मानसिक रूप से परेशान किये जा रही है। जिससे मुझे बहुत तकलीफ व पीड़ा हुई है। चंद्रिका बाई द्वारा किये गये शिकायत की जानकारी मेरे पूरे परिवार, रिश्तेदारों व ग्राम मचौद मे भी होने के कारण सब के सामने अपमानित व शर्मिन्दगी महसूस कर रहा हूँ। उम्र के इस पड़ाव में मुझे बदनाम करने का कोई कसर नहीं छोड़ी है जिस कारण मैं अपने नाम की समस्त चल अचल संपत्ति व भविष्य में मुझे मेरे नाम पर जो भी चल अचल सम्पत्ति दर्ज होगी उस पर से चंद्रिका बाई को वंचित व बेदखल करता हूँ। इस आम सूचना के बाद मेरे नाम की समस्त स्वअर्जित चल अचल संपत्ति में चंद्रिका बाई का किसी प्रकार का हक स्वत्व व अधिकार नही रहेगा। आम जनता सूचित हो।

Chandrabhan Nishad, Advocate, Reg. No.-141/2008, Mo. No.-9131902926, Tah. & Civil Court Gunderdehi, Distt. Balod (C G.)

दुकालू राम ऊर्फ जेठूराम कोसरे, मो.नं. 6261894080

**MUNICIPAL CORPORATION BHILAI**
**E-Procurement Tender Notice**
J.P./N.P.N./59/39 — Main Portal https://eproc.cgstate.gov.in — Bhilai/Dated : 28/04/2025

Online tender are invited on behalf of the Municipal Corporation, Bhilai for the following work in Form "B" for Contract from the contractors Registered in Unified registration (Single window) in force on GoC e-Procurement System portal (https://eproc.cgstate.gov.in)

| Tender No. | Name of work | Probable amount of contract (in Rs.) | Earnest Money (in Rs.) | निविदा जारी दिनांक | निविदा डाऊनलोड की अंतिम दिनांक | Call Form |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 167561 | Contract of Annual Operation & Maintenance of 1. 66 MLD Water Treatment Plant (all Filtration Process, all Type of Electro mechanical work, cleaning of plants Scada System) 2. Pump House, Substation Panel Room of Shivnath Intakwell & 77 MLD Plant. 3. All type of Electro mechanical work of 77 MLD WTP & Shivnath Intakwell. | 98,48,871.00 | 74,000.00 | 28/04/2025 | 19/05/2025 | First Call B |

NOTE :- 1. For other details visit Gov. e-Procurement System portal website https://eproc.cgstate.gov.in 2. Corrigendum amendment if any, will be displayed on above website https://eproc.cgstate.gov.in/ only and it shall be part of tender document 3. For more details please download NIT details.

Executive Engineer, Municipal Corporation, Bhilai, Chhattisgarh

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बालोद, जिला-बालोद (छ.ग.)**

-: ई-प्रोक्योरमेंट द्वितीय निविदा सूचना :-

Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

क्रमांक/ 246/ लो.नि.वि./ न.पा./ 2025 — बालोद दिनांक- 02/05/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आपातनिधि, अधोसंरचना मद एवं जिला खनिज न्यास मद अंतर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | सिस्टम टेंडर क्र. | कार्य का विवरण | अनु लागत (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 167789 | आपातनिधि (सिविल कार्य) वित्तीय वर्ष 2025-26 (प्रत्येक कार्य 1.50 लाख रूपये तक) | 20.00 | 17.05.2025 17:30 IST |
| 2 | 167790 | वार्ड क्र. 16 में अटल परिसर निर्माण कार्य (सिविल कार्य) | 12.81 | |
| 3 | 167791 | निकाय क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्र. 14 में वृद्धजनों के सुविधा विस्तार हेतु टीन शेड निर्माण कार्य | 10.00 | |

टीपः- अन्य शर्तें व विस्तृत जानकारी संबंधित शाखा/ विभागीय वेबसाईड www.uad.cg.gov.in में भी देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।

नगर पालिका के करों का भुगतान समय पर करें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद बालोद


## शब्द पहेली - 5855

**बाएँ से दाए-**
1. छुट्टी, रजा-4
3. वध, आघात-4
5. दशानन-3
7. अनमोल, अनूठा-3
8. अनाथ, बेसहारा-3
10. खजूर-3
11. रहम करना-2,3
14. गहराई नापना-2,3
17. लगातार, सतत-5
20. संतुष्ट होना-2,3
23. बीच में, दौरान-3
24. खुश, आनंदित-3
25. शिक्षा-3
26. शोक-3
27. जांचना, परखना-4
28. धार्मिक विधि का आयोजन करने वाला-4

**ऊपर से नीचे**
2. मयखाना, मधुशाला-5
3. प्रेमकहानी-5
4. चापलूसी-4
6. नटना, वचन तोड़ना-4
7. फिजूल, व्यर्थ-3
9. अव्यवस्थित समूह, भीड़-3
12. गुजर करना-3
13. वेग, गति-3
15. खूबसूरत-3
16. पर्वतीय मैदान, समतल पर्वत-3
17. गुजारिश, मांग-4
18. सुअर-3
19. गुस्सा होना-5
20. ममतापूर्ण-5
22. अयोग्य, असंगत-4

### शब्द पहेली -5854 का हल

## सूडोकु नवताल - 5865

सरल

### सूडोकु नवताल - 5864 का हल

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

## खबर संक्षेप

### रुपया एक पैसे बढ़कर 84.53 पर बंद



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया शुक्रवार को एक पैसे की बढ़त के साथ 84.53 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी संस्थागत निवेशकों के निवेश जारी रहने और मजबूत घरेलू आंकड़ों के बीच उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में रुपया एक समय सात महीने के उच्च स्तर 83.76 पर पहुंच गया।

### उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 260 अंक चढ़कर बंद



**मुंबई।** भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर उम्मीद, रिकॉर्ड जीएसटी संग्रह और विदेशी पूंजी का प्रवाह जारी रहने से शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजार चढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स में 260 अंक और निफ्टी में 12.50 अंक की तेजी रही। विश्लेषकों के मुताबिक, वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख से भी निवेशकों की धारणा को समर्थन मिला।

### मोदी सख्त वार्ताकार, भारत के साथ व्यापार समझौता जल्द



**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे डी वेंस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 'सख्त वार्ताकार' बताने के साथ ही उम्मीद जताई है कि भारत जवाबी शुल्क से बचने के लिए व्यापार समझौता करने वाले शुरुआती देशों में शामिल होगा। इसके साथ ही वेंस ने भारत पर लंबे समय तक व्यापार में अमेरिका का फायदा उठाने का आरोप भी लगाया।

# चीनी व्यापार संगठन का चीनी एमएसपी, एथनॉल की कीमतों में संशोधन का आग्रह

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चीनी व्यापार संगठन अखिल भारतीय चीनी व्यापार संघ ने सरकार से बढ़ती उत्पादन लागत और चीनी मिलों पर पड़ रहे आर्थिक दबाव के मद्देनजर चीनी के न्यूनतम समर्थन मूल्य तथा एथनॉल की कीमतों में संशोधन करने का शुक्रवार को आग्रह किया।

फरवरी 2019 से चीनी का एमएसपी 31 रुपए प्रति किलोग्राम पर यथावत बना हुआ है। यहां तक कि गन्ने के रस व 'बी-हैवी' शीरा से बने एथनॉल की (एक्स-मिल) कीमत भी 2023-24 से क्रमशः 65.60 रुपए प्रति लीटर तथा 60.70 रुपए प्रति लीटर पर अपरिवर्तित रखी गई। हालांकि, गन्ने का समर्थन मूल्य या उचित व लाभकारी मूल्य हर वर्ष बढ़ाया जाता रहा है। अक्टूबर से शुरू होने वाले आगामी 2025-26 सत्र के लिए इसे 15 रुपए बढ़ाकर 355 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया गया है।

## 2019 से चीनी का एमएसपी 31 रुपए प्रति किलोग्राम पर कायम

### कीमतों को संशोधित करना जरूरी

अखिल भारतीय चीनी व्यापार संघ के चेयरमैन प्रफुल विठलानी ने बयान में कहा, 'किसानों, उपभोक्ताओं, एथनॉल कार्यक्रम और वित्तीय संस्थानों, जिन्होंने चीनी उद्योग में भारी निवेश किया है... उनके हित में चीनी के एमएसपी तथा एथनॉल की कीमतों को उत्पादन की मौजूदा लागत के अनुरूप संशोधित करना जरूरी है।' उन्होंने कहा कि एफआरपी अब गन्ना उत्पादन की लागत का 105.2 प्रतिशत है। एफआरपी में वृद्धि ने गन्ने को सबसे अधिक लाभकारी फसल के रूप में अपनी जगह बनाए रखने में मदद की है। हालांकि, प्रसंस्करण उद्योग की वित्तीय व्यवहार्यता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है।



### खतरे में एथनॉल सम्मिश्रण कार्यक्रम

एआईएसटीए ने एथनॉल की कीमतों पर इस बात पर जोर दिया कि 'एथनॉल मूल्य निर्धारण लाभकारी न होने से देश का एथनॉल सम्मिश्रण कार्यक्रम खतरे में आ सकता है, जिससे चीनी मिलों की वित्तीय व्यवहार्यता कमजोर हो सकती है जिन्होंने आसवन क्षमता में भारी निवेश किया है।' इससे उद्योग पर बिना बिकी चीनी के भंडार का बोझ बढ़ सकता है, खासकर तब जब सत्र 2025-26 में चीनी उत्पादन स्थिर रहने का अनुमान है। विश्व बैंक के अनुमान के अनुसार, जिंस की कीमतों में भारी गिरावट आने वाली है जिससे निर्यात अव्यवहारिक हो जाएगा।

### मिलें वहन कर रही अधिक लागत

एआईएसटीए के अनुसार, 2019 से गन्ने के एफआरपी में 29 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में राज्य परामर्श मूल्य तय करने वाली मिलों को गन्ने की बहुत अधिक लागत वहन करनी पड़ती है। मजदूरी, रसायन, परिवहन, पैकिंग सामग्री आदि सहित कच्चे माल की लागतों में पिछले छह वर्ष में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। इसलिए वर्तमान लागत के साथ चीनी के एमएसपी का संरेखण सबसे महत्वपूर्ण है। चीनी व्यापार संगठन ने कहा, 'ऐसा न करने पर परिचालन लाभहीन हो जाएगा और उद्योग की स्थिति खराब हो सकती है जिससे किसानों, उपभोक्ताओं तथा समग्र अर्थव्यवस्था को नुकसान होगा।'

## 'सूचकांक' अप्रैल में बढ़कर 58.2 हो गया

# भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर 10 महीने के उच्च स्तर पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय विनिर्माण क्षेत्र में वृद्धि की गति में अप्रैल में सुधार हुआ और उत्पादन जून 2024 के बाद सबसे तेज गति से बढ़ा है। शुक्रवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित'एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक' अप्रैल में बढ़कर 58.2 हो गया जो मार्च में 58.1 था। यह 10 महीने में इस क्षेत्र में सबसे मजबूत सुधार का संकेत है।

पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा संकुचन को दर्शाता है। उत्पादन वृद्धि में नवीनतम सुधार में योगदान देने वाला एक प्रमुख कारक नए व्यवसाय में तेज वृद्धि थी। विनिर्माण क्षेत्र की विस्तार दर को बेहतर घरेलू व अंतरराष्ट्रीय मांग से समर्थन मिला। सर्वेक्षण के अनुसार, कुल बिक्री को अंतरराष्ट्रीय ऑर्डर में तेज वृद्धि से समर्थन मिला।





### नया कारोबार 14 वर्ष में सबसे अधिक

सर्वेक्षण में शामिल प्रतिभागियों ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 की शुरुआत में विदेश से नया कारोबार 14 वर्ष में सबसे अधिक स्तर पर बढ़ा। इस मांग का अफ्रीका, एशिया, यूरोप, पश्चिम एशिया और अमेरिका ने नेतृत्व किया। एचएसबीसी के मुख्य भारतीय अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, '' अप्रैल में नए निर्यात ऑर्डर में उल्लेखनीय वृद्धि भारत में उत्पादन में संभावित बदलाव का संकेत दे सकती है, क्योंकि व्यवसाय उभरते व्यापार परिदृश्य व अमेरिकी शुल्क घोषणाओं के अनुकूल हो रहे हैं। इस सकारात्मक प्रवृत्ति के साथ रोजगार और क्रय गतिविधि में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

### बिक्री शुल्क सबसे अधिक बढ़ा

कीमतों के मोर्चे पर, भारतीय वस्तुओं की मजबूत मांग ने कंपनियों की मूल्य निर्धारण शक्ति को बढ़ावा दिया जिससे बिक्री शुल्क अक्टूबर 2013 के बाद सबसे अधिक बढ़ गया। यह कच्चे माल की लागत में मामूली वृद्धि के बावजूद था। अप्रैल के आंकड़ों में आने वाले वर्ष में उत्पादन की संभावनाओं के बारे में मजबूत आशावाद स्पष्ट था, जो मांग की मजबूती की उम्मीदों से प्रेरित था। विपणन प्रयासों, दक्षता में वृद्धि और नए ग्राहक पूछताछ ने भी सकारात्मक पूर्वानुमानों को बल दिया। एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण पीएमआई को एसएंडपी ग्लोबल ने करीब 400 विनिर्माताओं के एक समूह में क्रय प्रबंधकों को भेजे गए सवालों के जवाबों के आधार पर तैयार किया है।

# जून से भारत निर्मित आईफोन खरीदेगा अमेरिका : टिम कुक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



■ एप्पल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने दी जानकारी

एप्पल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) टिम कुक ने शुक्रवार को कहा कि जून तिमाही में अमेरिका में बेचे जाने वाले अधिकतर आईफोन की आपूर्ति भारत से की जाएगी। वहीं शुल्क दरों पर अनिश्चितता के बीच चीन अन्य बाजारों के लिए सर्वाधिक आईफोन बनाना जारी रखेगा। कंपनी की दूसरी तिमाही से संबंधित जानकारी देते हुए एप्पल के सीईओ टिम कुक ने कहा कि अमेरिका में बेचे जाने वाले लगभग सभी आईपैड, मैक, एप्पल वॉच और एयरपॉड वियतनाम में बने होंगे।

कुक ने कहा, 'जून तिमाही के लिए, हम उम्मीद करते हैं कि अमेरिका में बेचे जाने वाले अधिकतर आईफोन भारत में बने होंगे। वहीं अमेरिका में बेचे जाने वाले लगभग सभी आईपैड, मैक, एप्पल वॉच और एयरपॉड उत्पाद वियतनाम में बने होंगे। अमेरिका के बाहर कुल उत्पाद बिक्री में सबसे अधिक हिस्सेदारी चीन की होगी।' उन्होंने कहा कि जून तिमाही में एप्पल के लिए अधिकतर उत्पाद पर शुल्क दर 20 प्रतिशत होगी जो उन उत्पादों के लिए अमेरिका में आयात पर लागू होता है जो चीन में बने हैं। कुक ने कहा, 'इसके अलावा, चीन के लिए अप्रैल में कुछ श्रेणियों के उत्पादों के आयात पर 125 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क घोषित किया गया था। हमारे लिए यह हमारे कुछ अमेरिकी एप्पल केयर तथा सहायक उपकरण के लिए है और इन उत्पादों के लिए चीन पर कुल 145 प्रतिशत शुल्क है।'

### राजस्व में पांच फीसदी की वृद्धि

एप्पल का 29 मार्च 2025 को समाप्त दूसरी तिमाही में राजस्व पांच प्रतिशत की वृद्धि के साथ 95.35 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। यह पिछले वर्ष की इसी अवधि में 90.75 अरब अमेरिकी डॉलर रहा था । मैक और आईपैड की बिक्री में वृद्धि से इसमें बढ़ोतरी दर्ज की गई। हालांकि, मार्च 2024 तिमाही में आईफोन की बिक्री 45.96 अरब अमेरिकी डॉलर से करीब दो प्रतिशत घटकर 46.84 अरब अमेरिकी डॉलर रह गई है।

## सुमीत ज्वेलर्स के 20वें एनिवर्सरी सेलिब्रेशन पर 'लोएस्ट गोल्ड प्राइस' ऑफर



■ गोल्ड पर 555 रु प्रति ग्राम की छूट

**रायपुर।** मालवीय रोड स्थित प्रतिष्ठित सुमीत ज्वेलर्स ने अपनी 20वें एनिवर्सरी के अवसर पर ग्राहकों के लिए 'लोएस्ट गोल्ड प्राइस' ऑफर की पेशकश की है। इस ऑफर के तहत 555 रुपए प्रति ग्राम का डिस्काउंट मिल रहा है जो सभी कैरेट की ज्वेलरी पर लागू है। यह लिमिटेड पीरियड ऑफर 6 मई तक उपलब्ध रहेगा। 5 मई 2005 में स्थापित सुमीत ज्वेलर्स अब अपने 21वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। सुमीत ज्वेलर्स के शोरूम रायपुर के अलावा दुर्ग, राजिम और राजनांदगांव में है। इस अवसर पर शोरूम में स्वर्ण, डायमंड, सिल्वर, जड़ाऊ, कुंदन और मॉडर्न फ्यूजन ज्वेलरी की शानदार रेंज उपलब्ध है।

शोरूम संचालक अंकित कांकरिया ने बताया कि मेंस और किड्स ज्वेलरी से लेकर ब्राइडल सेगमेंट तक की व्यापक रेंज मौजूद है। खासकर ब्राइडल ज्वेलरी में डायमंड, कलर स्टोन और फ्यूजन डिजाइनों की शानदार वैरायटीज मौजूद है। खास तौर पर रियल कलर स्टोन के साथ फ्यूजन डायमंड ज्वेलरी का नया कलेक्शन पेश किया गया है, जो पारंपरिक और आधुनिक डिजाइनों का सुंदर मिश्रण है।इसके अलावा गोल्ड में फ्यूजन और टेंपल ज्वेलरी, कुंदन जड़ित ज्वेलरी और नई शुरू की गई मोजोनाइट ज्वेलरी भी कलेक्शन में शामिल है, जो पोलकी का लुक एंड फील देती है। यह सभी ज्वेलरी डिजाइंस न केवल खूबसूरत हैं, बल्कि बजट फ्रेंडली भी हैं। अंकित कांकरिया ने ग्राहकों से अपील की है कि वे इस विशेष अवसर पर शोरूम विजिट कर इस आकर्षक एनिवर्सरी ऑफर का लाभ उठाएं और इस जश्न का हिस्सा बनें।

## एमएम फन सिटी में मल्टीस्टेशन वाटर राइड का भव्य उद्घाटन, उमड़ा जनसैलाब





**रायपुर।** गर्मियों की छुट्टियों को और भी रोमांचक बनाने के उद्देश्य से एमएम फन सिटी में शुक्रवार को एक नई आकर्षक वाटर राइड-मल्टीस्टेशन का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे और उन्होंने परिवार के साथ मनोरंजन का भरपूर आनंद लिया। इस मल्टीस्टेशन वाटर राइड में विभिन्न प्रकार की स्लाइड्स, वेव पूल और वाटर एक्टिविटीज शामिल हैं जो हर उम्र के लोगों को ध्यान में रखकर डिजाइन की गई हैं। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने इन सुविधाओं का लुत्फ उठाया और इस नए आकर्षण की जमकर तारीफ की। फन सिटी के प्रबंधन ने बताया कि यह मल्टीस्टेशन वाटर राइड लोगों को गर्मी में राहत और मस्ती का बेहतरीन अनुभव देगी। इसके साथ ही उन्होंने यह भी संकेत दिया कि भविष्य में और भी नए एडवेंचर और मनोरंजन सुविधाओं को जोड़ा जाएगा।

## कोल इंडिया का कोयला उठाव घटकर 6.34 करोड़ टन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लिमिटेड का कोयला उठाव अप्रैल में सालाना आधार पर 1.2 प्रतिशत घटकर 6.34 करोड़ टन रह गया। कोल इंडिया का अप्रैल 2024 में कोयले उठाव 6.42 करोड़ टन रहा था। कोयला उठाव से तात्पर्य कोयला खदान से आपूर्ति किए गए कोयले की मात्रा से है। यह कोयला उत्पादन से अलग है क्योंकि इसमें पहले से भंडारित कोयला भी शामिल हो सकता है। सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, अप्रैल में कोल इंडिया का कोयला उत्पादन 6.21 करोड़ टन पर लगभग स्थिर रहा। अप्रैल 2024 में यह 6.18 करोड़ टन रहा था। कोल इंडिया की घरेलू कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी है। 2024-25 में कोल इंडिया ने 78.11 करोड़ टन कोयला उत्पादन किया, जो वित्त वर्ष के लिए कंपनी के लक्ष्य से करीब सात प्रतिशत कम है।

# सोने में 1,080 और चांदी में 1,600 रुपए का उछाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली





विदेशों में मजबूत रुख के बीच आभूषण विक्रेताओं की ताजा लिवाली से शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 1,080 रुपए बढ़कर 96,800 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है। गुरुवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,830 रुपए टूटकर 95,720 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 180 रुपए बढ़कर 96,350 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,930 रुपए घटकर 96,170 रुपए प्रति 10 ग्राम पर रहा था। कारोबारियों ने कहा कि स्थानीय आभूषण विक्रेताओं की ताजा मांग और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत रुख के कारण सोने में तेजी आई। इसके अलावा, शुक्रवार को चांदी की कीमत भी 1,600 रुपए उछलकर 97,100 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई।

डॉ. वाशानी दर-दाँत गम पेंट
दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आयुर्वेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
हर्बल लेप शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घंटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुनः लगा दें।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर — Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

निवेद चेस्ट & आई केयर — डॉ. देवी ज्योति दाश M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist) — डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयोथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्टडी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनोपैथी और मेडिकल रेटिना
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं: पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक — दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राट व नींद

उपलब्ध विशेषताएं: • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ष पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल — बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं। * आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक — Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre — Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं: मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम — बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल (आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

डॉ. मनोज अग्रवाला — एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक — सेवाएं: • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टिकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130




मैड्रिड ओपन



# गॉफ ने फाइनल में बनाई जगह

**मैड्रिड।** अमेरिका की स्टार खिलाड़ी कोको गॉफ ने गत चैंपियन इगा स्वियाटेक को 6-1, 6-1 से हराकर पहली बार मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के फाइनल में प्रवेश किया। गॉफ ने पहले सेट में तीन बार और दूसरे सेट में दो बार स्वियाटेक की सर्विस तोड़ी। उन्होंने इस क्ले-कोर्ट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल का यह मुकाबला केवल 64 मिनट में अपने नाम किया। फाइनल में गॉफ का मुकाबला शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका या एलिना स्वितोलिना से होगा। इस बीच पुरुष वर्ग के क्वार्टर फाइनल में कैस्पर रूड ने दानिल मेदवेदेव को 6-3, 7-5 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। रूड का अगला मुकाबला फ्रांसिस्को सेरुंडोलो से होगा, जिन्होंने किशोर जैकब मेन्सिक को 3-6, 7-6 (5), 6-2 से हराया।

# यूनाइटेड और टोटेनहैम ने यूरोपा लीग सेमीफाइनल में बनाई मजबूत बढ़त

**मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर यूनाइटेड और टोटेनहैम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए यूरोपा लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल के पहले चरण में बड़ी जीत हासिल की। मैनचेस्टर यूनाइटेड ने स्पेन के सैन मैम्स में एथलेटिक बिलबाओ को 3-0 से हराया जबकि टोटेनहैम ने घरेलू मैदान पर नॉर्वे के क्लब बोडो ग्लिमट के खिलाफ 3-1 से जीत हासिल की। इस तरह से इंग्लैंड की इन दोनों टीमों ने यूरोप के दूसरे सबसे बड़े क्लब टूर्नामेंट को जीतने और महाद्वीप की शीर्ष क्लब प्रतियोगिता चैंपियंस लीग के लिए क्वालीफाई करने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा है। मैनचेस्टर यूनाइटेड और टोटेनहैम दोनों इंग्लिश प्रीमियर लीग के निचले भाग में हैं लेकिन यूरोपा लीग की ट्रॉफी जीतने पर उन्हें अगले सत्र में चैंपियंस लीग में जगह मिल जाएगी।



खास खबर

## हम युवा खिलाड़ियों को सुपरस्टार बनाते हैं



**जयपुर।** राजस्थान रॉयल्स की इस सत्र में इंडियन प्रीमियर लीग के प्लेऑफ में जगह बनाने की उम्मीदें समाप्त हो गई है। उसके क्षेत्ररक्षण कोच दिशांत याग्निक ने कहा कि मेगा नीलामी से पहले जोस बटलर और ट्रेंट बोल्ट जैसे सुपरस्टार को रिलीज करने की आलोचना के बावजूद उनकी टीम युवाओं का समर्थन करना जारी रखेगी। रॉयल्स की टीम में कई युवा खिलाड़ी हैं जिनमें आईपीएल में सबसे कम उम्र में शतक लगाने वाले 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी और सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल भी शामिल हैं।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| मुंबई | 11 | 7 | 4 | 14 |
| गुजरात | 10 | 7 | 3 | 14 |
| बेंगलुरु | 10 | 7 | 3 | 14 |
| पंजाब | 10 | 6 | 3 | 13 |
| दिल्ली | 10 | 6 | 4 | 12 |
| लखनऊ | 10 | 5 | 5 | 10 |
| कोलकाता | 10 | 4 | 5 | 9 |
| राजस्थान | 11 | 3 | 8 | 6 |
| हैदराबाद | 10 | 3 | 7 | 6 |
| चेन्नई | 10 | 2 | 8 | 4 |

ऑरेंज कैप



साइ सुदर्शन
504 रन
गुजरात

पर्पल कैप



प्रसिद्ध कृष्णा
19 विकेट
गुजरात

## आईपीएल : 10 मैचों में सात जीत से 14 अंक लेकर दूसरे स्थान पर टाइटंस

# गुजरात ने हैदराबाद को 38 रनों से हराया बना नंबर-2, गिल-बटलर के अर्धशतक

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

शुभमन गिल और जोस बटलर की शानदार पारियों के बाद गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन के दम पर गुजरात टाइटंस ने शुक्रवार को आईपीएल-2025 में नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को 38 रनों से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात ने छह विकेट खोकर 224 रन बनाए।

हैदराबाद की टीम इस स्कोर के सामने 20 ओवरों में छह विकेट खोकर 186 रन ही बना सकी। इस जीत ने गुजरात को प्वाइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर पहुंचा दिया है। उसके 10 मैचों में सात जीत और तीन हार के बाद 14 अंक हो गए हैं और उसने अपनी प्लेऑफ की दावेदारी काफी मजबूत कर ली है। वहीं हैदराबाद के लिए प्लेऑफ के रास्ते आंकड़ों के लिहाज से बंद नहीं हुए हैं, लेकिन बेहद मुश्किल जरूर हो गए हैं। हैदराबाद के 10 मैचों में तीन जीत और सात हार से छह अंक हैं और अब अगर उसे प्लेऑफ में जाना है तो हर मैच में जीत चाहिए ही चाहिए।



### बटलर ने दिखाया रंग

गिल के जाने के बाद बटलर ने जिम्मेदारी ली और स्कोरबोर्ड को तेजी से चलाया। 19वें ओवर की चौथी गेंद पर वह आउट हो गए। उन्होंने 37 गेंदों पर तीन चौके और चार छक्कों की मदद से 64 रन बनाए। वॉशिंगटन सुंदर ने 16 गेंदों पर 21 रन बनाए।

### सुदर्शन के 2000 रन

सुदर्शन ने टी20 में अपने 2000 रन पूरे कर लिए हैं। वह सबसे तेज 2000 टी20 रन बनाने के मामले में दूसरे नंबर पर हैं। सुदर्शन ने 54 पारियों में ये मुकाम हासिल किया। पहले नंबर पर ऑस्ट्रेलिया के शॉन मार्श हैं जिन्होंने सुदर्शन से कम एक पारी में यानी 53 पारियों में इतने टी20 रन पूरे किए थे। तीसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया के ब्रैड हॉज, इंग्लैंड के मार्कस ट्रैसकोथिक और पाकिस्तान के मुहम्मद वसीम हैं। इन सभी ने 58 पारियों में 2000 टी20 रन पूरे किए थे।

### बल्लेबाजों पर लगाया ब्रेक

हैदराबाद के पास जिस तरह की बल्लेबाजी है उसे देखते हुए 225 रनों का स्कोर हासिल करने मुश्किल नहीं लग रहा था, लेकिन गुजरात के गेंदबाजों ने हैदराबाद के तूफानी बल्लेबाजों पर ब्रेक लगा दिया। पांचवें ओवर की तीसरी गेंद पर जैसे ही हेड आउट हुए हैदराबाद की टीम बैकफुट पर पहुंच गई। हेड को प्रसिद्ध कृष्णा ने राशिद खान के हाथों कैच कराया। हेड ने 16 गेंदों पर चार चौकों की मदद से 20 रन बनाए। ईशान किशान भी पवेलियनल लौट गए उन्होंने 17 गेंदों पर 13 रन बनाए। खतरनाक होते दिख रहे अभिषेक शर्मा को गुजरात के इम्पैक्ट प्लेयर ईशांत शर्मा ने आउट किया। उन्होंने 41 गेंदों पर चार चौके और छह छक्कों की मदद से 74 रन बनाए।

### गिल-सदुर्शन ने रखी नींव

गुजरात को इस मैच में पहले बल्लेबाजी करने का न्योता मिला। टीम के कप्तान गिल और उनके सलामी जोड़ीदार साई सुदर्शन ने एक बार फिर टीम को मजबूत शुरुआत दी। दोनों ने पहले विकेट के लिए 87 रन जोड़े। सुदर्शन सातवें ओवर की पांचवीं गेंद पर आउट हो गए और दो रनों से अर्धशतक से चूक गए। उन्होंने 23 गेंदों पर नौ चौकों की मदद से 48 रन बनाए। इसके बाद गिल को अनुभवी बल्लेबाज जोस बटलर का साथ मिला। दोनों ने टीम का स्कोर 149 तक पहुंचाया और यहीं गिल की पारी का अंत एक रन आउट के जरिए हो गया। गिल ने 38 गेंदों पर 10 चौके और दो छक्कों की मदद से 76 रन बनाए।

### बेंगलुरु जीत से खेलेगा प्ले ऑफ सुपरकिंग्स से मुकाबला आज

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु शनिवार को यहां जब इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में चेन्नई सुपर किंग्स का सामना करेगा तो उसकी निगाह प्ले ऑफ ने अपनी जगह लगभग पक्की करने पर होगी। महेंद्र सिंह धोनी और विराट कोहली की मौजूदगी के कारण यह मैच खास बन गया है क्योंकि क्रिकेट प्रेमियों को भारतीय क्रिकेट के इन दोनों दिग्गज खिलाड़ियों को संभवतः आखरी बार एक दूसरे के खिलाफ खेलते हुए देखने का मौका मिलेगा।

### स्कोर बोर्ड

| गुजरात टाइटंस | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सुदर्शन का क्लासन बो अंसारी | 48 | 23 | 9 | 0 |
| गिल रन आउट (हर्षल/ क्लासेन) | 76 | 38 | 10 | 2 |
| बटलर का अभिषेक बो कमिंस | 64 | 37 | 3 | 4 |
| सुंदर का रेड्डी बो उनादकट | 21 | 16 | 0 | 1 |
| शाहरुख खान नाबाद | 06 | 02 | 0 | 1 |
| राहुल का अनिकेत बो उनादकटक | 06 | 03 | 0 | 1 |
| राशिद खान का एवं बो उनादकट | 00 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 03, कुल : 20 ओवर में 224/6
गेंदबाजी : शमी 3-0-48-0, उनादकट 4-0-35-3, कमिंस 4-0-40-1, हर्षल 3-0-41-0, अंसारी 4-0-42-1, मेंडिस 2-0-18-0.

| सनराइजर्स हैदराबाद | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| ट्रेविस हेड का राशिद बो कृष्णा | 20 | 16 | 4 | 0 |
| अभिषेक का सिराज बो इशांत | 74 | 41 | 4 | 6 |
| किशन का कृष्णा बो कोएत्जी | 13 | 17 | 0 | 0 |
| क्लासेन का बटलर को कृष्णा | 23 | 18 | 1 | 1 |
| अनिकेत का शाहरुख बो सिराज | 03 | 07 | 0 | 0 |
| नीतीश कुमार रेड्डी नाबाद | 21 | 10 | 1 | 2 |
| मेंडिस का बटलर बो सिराज | 00 | 01 | 0 | 0 |
| पैट कमिंस नाबाद | 19 | 10 | 1 | 1 |

अतिरिक्त : 13, कुल : 20 ओवर में 186/6
गेंदबाजी : सिराज 4-0-33-2, इशांत 3.2-0-3.5-1, कृष्णा 4-0-19-2, कोएत्जी 4-0-36-1, वाशिंगटन 1-0-6-0, राशिद 3-0-50-0, साई किशोर 0.4-0-1-0.



### इंग्लैंड टेस्ट टीम में कुक और कॉक्स शामिल

**लंदन।** इंग्लैंड ने शुक्रवार को 22 मई से ट्रेंट ब्रिज में जिम्बाब्वे के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच के लिए नए खिलाड़ियों सैम कुक और जॉर्डन कॉक्स को अपनी 13 सदस्यीय टीम में शामिल किया। यह मैच 2003 के बाद से जिम्बाब्वे का इंग्लैंड की धरती पर पहला टेस्ट है। इस मैच के साथ इंग्लैंड की अंतरराष्ट्रीय घरेलू सत्र की शुरुआत होगी जिसमें 20 जून से भारत के खिलाफ घरेलू मैदान पर पांच टेस्ट मैच भी शामिल हैं। मध्यम गति के गेंदबाज कुक हाल के वर्षों में काउंटी क्रिकेट में निरंतर अच्छी गेंदबाजी करने वाले खिलाड़ियों में से एक रहे हैं।

### भारत की तरफ से खेलने का सपना बरकरार



**मुंबई।** कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने शुक्रवार को कहा कि पिछले दो साल से राष्ट्रीय टीम से बाहर रहने के बावजूद भारत की तरफ से खेलने के उनकी इच्छा और भूख पहले की तरह बरकरार है। इस 36 वर्षीय खिलाड़ी ने आखिरी टेस्ट मैच 2023 में खेला था और वह करीब एक दशक से सीमित ओवरों की टीम से बाहर हैं लेकिन उन्होंने राष्ट्रीय टीम में वापसी करने को लेकर अभी हार नहीं मानी है। रहाणे ने कहा, 'मैं फिर से भारतीय टीम में जगह बनाना चाहता हूं। मेरी इच्छा, भूख, जज्बा पहले की तरह बरकरार है।'

### प्लेऑफ से बाहर, हम घबराने वाले नहीं



**बेंगलुरु।** बल्लेबाजी कोच माइक हस्सी ने शुक्रवार को कहा कि आईपीएल प्लेआफ की दौड़ से बाहर होने के बावजूद चेन्नई सुपर किंग्स घबराने वाली नहीं है और इस सत्र में कुछ युवा खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने आशा की किरण जगाई है। पांच बार की चैंपियन चेन्नई टीम दस मैचों में सिर्फ चार अंक लेकर दस टीमों की लीग में आखिरी स्थान पर है। हस्सी ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर कहा, 'हम निश्चित रूप से घबराने वाले नहीं है कि हमने इस साल अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। लेकिन हमें कुछ पहलुओं में सुधार करना होगा।

## खबर संक्षेप

### सुदर्शन को टेस्ट टीम में शामिल करने की पैरवी

**दुबई।** पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने युवा साइ सुदर्शन को हर प्रारूप का बल्लेबाज बताते हुए कहा कि उसे इस साल इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया जाना चाहिए। भारतीय टीम नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र (2025 - 2027) की शुरुआत इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट की श्रृंखला से करेगा। आईपीएल में इस सत्र में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में 456 रन के साथ दूसरे स्थान पर काबिज गुजरात टाइटंस के सुदर्शन के बारे में शास्त्री ने कहा कि काउंटी खेलने के अनुभव और अपनी तकनीक के कारण वह इंग्लैंड के हालात में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।



### केसीए ने श्रीसंत पर तीन साल का प्रतिबंध

**तिरुवनंतपुर।** केरल क्रिकेट संघ ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम से संजू सैमसन के बाहर रहने को लेकर हुए विवाद के सिलसिले में उसके खिलाफ कथित तौर पर झूठे और अपमानजनक बयान देने पर भारत के पूर्व तेज गेंदबाज एस श्रीसंत को तीन साल के लिए निलंबित कर दिया है। केसीए ने एक बयान में कहा कि यह फैसला 30 अप्रैल को कोच्चि में उसकी आमसभा की विशेष बैठक में लिया गया।



# गोवा-जमशेदपुर के बीच सुपर कप का खिताबी भिड़ंत आज

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

एफसी गोवा की टीम का लक्ष्य शनिवार को यहां होने वाले फाइनल में खिताब जीतकर दो बार सुपर कप अपने नाम करने वाली पहली टीम बनने पर होगा जबकि जमशेदपुर एफसी की कोशिश भी इसमें अपनी पहली ट्रॉफी जीतने की होगी। फाइनल की विजेता टीम 2025-26 एएफसी चैंपियंस लीग 2 के शुरुआती दौर के लिए भी क्वालिफिकेशन हासिल करेगी।

कलिंगा स्टेडियम में होने वाले मुकाबले में दोनों टीमों के लिए यही चीज प्रेरणादायी होगी। दोनों टीमों के बीच सुपर कप में यह चौथी भिड़ंत होगी। दोनों टीमों के बीच पिछले मुकाबलों में कुल मिलाकर 21 गोल हुए हैं। पूर्व चैंपियन एफसी गोवा ने 2019 में खिताब जीता था और वह अब दोबारा ट्रॉफी जीतकर महाद्वीपीय फुटबॉल में चार साल की अनुपस्थिति को खत्म करना चाहता है। एशिया में एफसी गोवा पहली बार 2021 एएफसी चैंपियंस लीग ग्रुप चरण में पहुंचा था। वहीं दूसरी ओर जमशेदपुर एफसी ने अपने आठ साल के इतिहास में पहली बार टूर्नामेंट के फाइनल में उपस्थिति दर्ज की है।



### श्रीलंका ने द.अफ्रीका को 5 विकेट से दी शिकस्त

**कोलंबो।** मालकी मदारा (चार विकेट), देवमी विहंगा (तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद हर्षिता समाराविक्रमा (77) और कविशा दिलहारी (61) रनों की बेहतरीन पारियों की बदौलत श्रीलंका की महिला टीम ने त्राई सीरीज के तीसरे मुकाबले में 21 गेंदें शेष रहते साउथ अफ्रीका को पांच विकेट से हरा दिया। साउथ अफ्रीका महिला टीम के 235 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही। उसने तीसरे ही ओवर कप्तान चमारी अट्टापट्टू (6) रन का विकेट गवां दिया। इसके बाद विष्मी गुणारत्ने ने हसिनी परेरा के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। 15वें ओवर में एन म्लाबा ने विष्मी गुणारत्ने (29) को आउट कर श्रीलंका को दूसरा झटका दिया। इसके बाद हर्षिता समाराविक्रमा ने मोर्चा संभाला। 18वें ओवर में सुने लूस ने हसिनी परेरा (42) को आउटकरा पवेलियन भेज दिया।

# बोस और सौम्या 'प्लेयर ऑफ द ईयर 2025'

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने भारतीय डिफेंडर और मोहन बागान सुपर जायंट्स के कप्तान सुभाशीष बोस को एक यादगार सत्र के बाद शुक्रवार को देश का 'वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी' चुना गया जबकि ईस्ट बंगाल एफसी की स्ट्राइकर सौम्या गुगुलोथ ने महिला वर्ग में यह सम्मान प्राप्त किया।

बोस के नेतृत्व में मोहन बागान सुपर जायंट्स ने एक ही सत्र में 'लीग विनर्स शील्ड' और 'आईएसएल कप' दोनों जीतकर इंडियन सुपर लीग में ऐतिहासिक दो खिताब जीते। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ द्वारा आयोजित पुरस्कार समारोह के दौरान जमशेदपुर एफसी के कोच खालिद जमील को लगातार दूसरी बार वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष कोच चुना गया। सुजाता कर को भारतीय महिला लीग में श्रीभूमि एफसी को तीसरे स्थान पर पहुंचाने के लिए वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला कोच का पुरस्कार दिया गया। मिडफील्ड के मास्टरमाइंड ब्रिसन फर्नांडिस को वर्ष का सबसे उदीयमान पुरुष खिलाड़ी चुना गया जबकि 18 वर्षीय डिफेंडर थोईबिसना चानू ने वर्ष की सर्वश्रेष्ठ होनहार महिला खिलाड़ी का पुरस्कार जीता।



## भारत के पूर्व कप्तान और कोच शास्त्री की खिलाड़ियों को सलाह

# क्रिकेट किट की तरह मीडिया-तकनीक को अपनाएं खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶ मुंबई



भारत के पूर्व कप्तान और कोच रवि शास्त्री ने शुक्रवार को 'मीडिया और तकनीक को क्रिकेट किट में हेलमेट की तरह' करार देते हुए खिलाड़ियों को इसे अपनाने की सलाह देते दी। कहा कि इसके बिना खेल पिछले 40-45 वर्षों में जिस तरह विकसित हुआ है, वैसा नहीं होता।

शास्त्री ने कहा कि उनके खेलने के दिनों में केवल दो माध्यम 'रेडियो और दूरदर्शन (टीवी)' थे लेकिन भारतीय टीम के 1983 विश्व कप जीतने के बाद क्रिकेट ने एक लंबा सफर तय किया है। 62 वर्षीय पूर्व दिग्गज ने 'विश्व ऑडियो विज़ुअल और मनोरंजन सम्मेलन (वेव्स)' में 'खेल, प्रौद्योगिकी, उद्यमिता और मीडिया के अंतर्संबंध' पर एक पैनल चर्चा के दौरान कहा, 'हमने पहली बार 1983 में विश्व कप जीता था। इसके बाद भारत ने पिछले 40 वर्षों में बहुत सारे टूर्नामेंट जीते हैं। हमने लोगों को सपने दिखाए। आपको हालांकि समर्थन की जरूरत होती है। यह ऐसा है जैसे आपके किट बैग में पैड हों, आपके किट बैग में क्रिकेट बैट हो, मीडिया किट बैग का हिस्सा है। मीडिया और प्रौद्योगिकी आपके क्रिकेट बैग में हेलमेट की तरह है; आप इसे खुशी-खुशी अपनाते हैं। आपको ऐसे में तकनीक को अच्छे से अपनाना चाहिये। एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) अब बड़े पैमाने पर काम आ रही है। यह आपके लाभ के लिए है। यह टीम के लाभ के लिए है और यह खेल के विकास के लिए है।'

### ब्रांड के जुड़ाव से आगे बढ़ रहा खेल

शास्त्री ने कहा कि पहले किसी ब्रांड से जुड़ाव केवल लोगो और विज्ञापन तक ही सीमित रहता था लेकिन कई प्रसारण प्लेटफॉर्म के आने के साथ यह सब बदल गया है। उन्होंने कहा, 'मैंने इस खेल को विकसित होते देखा है, हर खिलाड़ी इसका हिस्सा रहा है और देखा है कि पिछले 40-45 सालों में खेल कहां पहुंचा है। इस तरह के मंचों के बिना खेल उस तरह विकसित नहीं होता जैसा कि हुआ है। मेरे समय में यह रेडियो और दूरदर्शन था। ब्रांडों के साथ संबंध केवल विज्ञापनों के बारे में था, यह 'लोगो' के बारे में था।'

### भारत की निगाह दौरे के सकारात्मक अंत पर

**पर्थ।** लगातार तीन मैच में हार झेलने के बाद भारत शनिवार को यहां जब पांच मैचों की श्रृंखला के अपने चौथे मैच में मेजबान ऑस्ट्रेलिया से फिर भिड़ेगा तो उसकी निगाह नई रणनीति आजमाकर इस दौरे का सकारात्मक अंत करने पर होगी। सलीमा टेटे के नेतृत्व में भारतीय टीम को पहले दो मैचों में ऑस्ट्रेलिया ए से 3-5 और 2-3 से हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद वह गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम से 0-2 से हार गई थी। भारत ने ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम के खिलाफ आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया था लेकिन यह जीत हासिल करने के लिए पर्याप्त नहीं था।

### महिला क्रिकेट में 'ट्रांसजेंडर' खिलाड़ियों पर लगा प्रतिबंध

**लंदन।** इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को 'ट्रांसजेंडर' खिलाड़ियों को महिला और लड़कियों के मैचों में प्रतिस्पर्धा करने से प्रतिबंधित कर दिया। 'फुटबॉल एसोसिएशन' ने भी इसी तरह का फैसला किया है और उसके ऐसा करने के 24 घंटे से भी कम समय में ईसीबी ने यह निर्णय लिया। ईसीबी द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि वह हाल में 'सुप्रीम कोर्ट' के फैसले के बाद अपडेट किए गए कानून के बाद 'ट्रांसजेंडर' खिलाड़ियों की पात्रता पर अपने नियमों में बदलाव की घोषणा कर रहा है जिसमें यह स्पष्ट किया गया है कि महिलाओं की कानूनी परिभाषा में 'ट्रांसजेंडर' शामिल नहीं हैं। ईसीबी के बयान में कहा गया है, 'तत्काल प्रभाव से केवल वो ही खिलाड़ी महिला क्रिकेट और लड़कियों के क्रिकेट मैचों में खेलने के लिए पात्र होंगे जिनका जैविक लिंग महिला है।

आम सूचना

ICICI Bank

पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, चकली सर्किल के पास, ओल्ड पादरा रोड, वडोदरा- 390 007
कारपोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स मुंबई 400051

स्वर्ण ई-नीलामी सह आमंत्रण सूचना

नीचे उल्लिखित ऋणधारकों को स्वर्ण आभूषण के एवज में आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (आईसीआईसीआई बैंक) से उन्हें उपलब्ध कराई गई ("सुविधा") में बकाया धनराशि को चुकता करने हेतु सूचना जारी की जा चुकी है। चूंकि ऋणधारक सुविधा अन्तर्गत बकाया भुगतान करने में असफल हो चुके हैं, हम 14 मई, 2025 को बंधक स्वर्ण आभूषणों की ई-नीलामी व्यवहृत करने को बाध्य हैं। आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के किसी खाता को हटाने का/ई-नीलामी की तारीख में परिवर्तन करने का अधिकार रखता है। नीलामी ऑनलाईन https://gold.samil.in पर 12:30 बजे अपराह्न से 3:30 बजे अपराह्न के बीच आयोजित की जायेगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए कृपया दी गई वेबसाईट का अवलोकन करें। ऋणधारक की मृत्यु की स्थिति में उसके वैध उत्तराधिकारी पर सभी नियम एवं शर्तें लागू होंगी।

| ऋण खाता संख्या | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : बलरामपुर (छत्तीसगढ़) | |
| 782262000151 | विकेस कुमार गुप्ता |
| शाखा का नाम : जगदलपुर | |
| 108562010212 | लखन नाग |
| 108562012838 | रूकमणी कुशवाह |

| ऋण खाता संख्या | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : कुसमी, छत्तीसगढ़ | |
| 372105000305 | कुमारी किरण किण्डो |
| शाखा का नाम : पेण्ड्रा | |
| 784862000064 | अनिल कुमार |
| शाखा का नाम : रायगढ़ | |
| 092662002919 | परमवीर सिंह |
| शाखा का नाम : रायपुर-पंडरी | |

| ऋण खाता संख्या | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| 134705002149 | नीरज कुमार देशमुख |
| 134762002030 | नीतिन कुमार मनसता |
| 134762002031 | नीतिन कुमार मनसता |
| 134762002032 | नीतिन कुमार मनसता |

दिनांक : 03.05.2025
स्थान : बलरामपुर, बस्तर, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, रायगढ़, रायपुर

सही - प्राधिकृत अधिकारी
कृते, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

## खबर संक्षेप

### होटल में आगः इंटीरियर डेकोरेटर गिरफ्तार

**कोलकाता।** कोलकाता के एक होटल में लगी भीषण आग के



सिलसिले में पुलिस ने शुक्रवार को एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इंटीरियर डेकोरेटर खुर्शीद आलम को पार्क सर्कस स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया गया। उसने बताया कि इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### महाराष्ट्र में रेल पटरी पर मिले लकड़ी के बक्से

**पालघर।** महाराष्ट्र के मीरा रोड रेलवे स्टेशन के पास रेलगाड़ियों को पटरियों से उतारने की साजिश के एक संदिग्ध मामले में पटरी पर लकड़ी के बक्से मिले हैं। अधिकारियों के अनुसार, पटरी निरीक्षण दल को रात करीब 9 बजे मीरा रोड और भयंदर रेलवे स्टेशनों के बीच मुंबई जाने वाले फास्ट ट्रैक पर दो बक्से मिले। बताया गया कि इस ट्रैक से थोड़ी देर बाद ही ट्रेन गुजरने वाली थी। जीआरपी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह कृत्य जानबूझकर की गई शरारत या साजिश प्रतीत होता है।

### आभूषण दुकान में लूट के बाद मालिक की हत्या

**आगरा।** आगरा पुलिस आयुक्तालय के सिकंदरा थाना क्षेत्र में आभूषणों के शो रूम में दोपहर लूटपाट के बाद बदमाशों ने शो रूम के मालिक की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, दिनदहाड़े जौहरी के शो रूम में दो बदमाशों ने लूट और हत्या की इस वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों ने पहले सिकंदरा थाना क्षेत्र के 'बालाजी ज्वैलर्स' के शो रूम में लूटपाट की और उसके बाद शो रूम के बाहर मालिक योगेश चौधरी (55) की गोली मारकर हत्या कर दी।

### सभी खरीद, अभी बंद होनी चाहिए...

# ईरान से तेल खरीदने वालों पर प्रतिबंध लगाएगा अमेरिका, ट्रंप की चेतावनी

*परमाणु वार्ता स्थगित होने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान से तेल खरीदने वालों पर प्रतिबंध लगाने की चेतावनी दी। ट्रंप ने कहा कि ऐसे देशों को द्वितीयक प्रतिबंधों का सामना करना पड़ेगा, और इन देशों को आगे चलकर संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ व्यापार करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इससे पहले ओमान के विदेश मंत्री बद्र अल-बुसैदी ने अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु वार्ता स्थगित होने की जानकारी दी। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, 'रणनीतिक कारणों से हम शनिवार तीन मई को होने वाली अमेरिका-ईरान वार्ता को पुनर्निर्धारित कर रहे हैं।' अब तक तीन दौर की वार्ता में मध्यस्थता कर चुके अल-बुसैदी ने इस बारे में विस्तार से कुछ नहीं बताया।*

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

ट्रंप ने कहा कि ऐसे देशों को द्वितीयक प्रतिबंधों का सामना करना पड़ेगा, और इन देशों को आगे चलकर संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ व्यापार करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अपने सोशल मीडिया अकाउंट ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में, 'चेतावनीः ईरानी तेल, या पेट्रोकेमिकल उत्पादों की सभी खरीद, अभी बंद होनी चाहिए! कोई भी देश या व्यक्ति जो ईरान से किसी भी मात्रा में तेल या पेट्रोकेमिकल्स खरीदता है, उस पर तुरंत द्वितीयक प्रतिबंध लगाए जाएंगे। इसमें आगे कहा गया, 'उन्हें किसी भी तरह, आकार या रूप में संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ व्यापार करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस मामले पर आपका ध्यान देने के लिए धन्यवाद।'



### ईरान पर ट्रंप प्रशासन लगातार बढ़ा रहा है दबाव

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा 4 फरवरी को राष्ट्रीय सुरक्षा राष्ट्रपति ज्ञापन 2 जारी किए जाने के बाद से यह चीन स्थित एक स्वतंत्र चायदानी रिफाइनरी के खिलाफ संयुक्त राज्य अमेरिका की दूसरी कार्रवाई है। इसके अलावा, बयान में कहा गया है कि ईरान पर ट्रंप प्रशासन के अधिकतम दबाव अभियान के तहत सभी प्रतिबंधों को पूरी तरह से लागू किया जाएगा।

### अमेरिका को उम्मीद है कि होगी वार्ता

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बागेई ने बयान जारी कर कहा कि वार्ता को 'ओमान के विदेश मंत्री के अनुरोध पर स्थगित किया जा रहा है।' उन्होंने कहा कि ईरान 'एक निष्पक्ष व स्थायी समझौते' पर पहुंचने के लिए प्रतिबद्ध है। अमेरिका ने रोम में होने वाली चौथे दौर की इस वार्ता में 'अपनी भागीदारी की कभी पुष्टि नहीं की।'

### अमेरिका ने जब चीनी रिफाइनरी पर लगाए प्रतिबंध

दो सप्ताह पहले, अमेरिका ने 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक मूल्य के ईरानी कच्चे तेल की खरीद के लिए एक चीनी रिफाइनरी, शांदोंग शेंगक्सिंग केमिकल लिमिटेड पर प्रतिबंध लगाए थे। प्रतिबंधों में ईरानी तेल को चीन भेजने में शामिल कंपनियों और जहाजों को भी निशाना बनाया गया। अमेरिकी विदेश विभाग के अनुसार, 'संयुक्त राज्य अमेरिका आज एक अरब डॉलर से अधिक मूल्य के ईरानी कच्चे तेल की खरीद के लिए चीन स्थित स्वतंत्र 'टीपोट' रिफाइनरी, शांदोंग शेंगक्सिंग केमिकल कंपनी लिमिटेड पर प्रतिबंध लगा रहा है।'

# अभी भी चलन में हैं दो हजार रुपए के 6,266 करोड़ मूल्य के नोट

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक के दो हजार रुपये के नोट वापस लेने के दो साल बाद भी 6,266 करोड़ रुपये मूल्य के नोट अभी भी चलन हैं। आरबीआई के आंकड़ों से यह जानकारी मिली। दो हजार रुपये के बैंक नोट वैध मुद्रा बने हुए हैं। आरबीआई ने 19 मई, 2023 को 2,000 रुपये मूल्य के बैंक नोट को चलन से हटाने की घोषणा की थी। आरबीआई ने शुक्रवार को बयान में कहा कि तीस अप्रैल, 2025 की



स्थिति के अनुसार वर्तमान में दो हजार रुपये के कुल 6,266 करोड़ रुपये मूल्य के नोट चलन में हैं। उन्नीस मई, 2023 की स्थिति के अनुसार, उस समय चलन में 2,000 रुपये के बैंक नोट का कुल मूल्य 3.56 लाख करोड़ रुपये था।

### 19 बैंकों में नोट बदलने की सुविधा

चलन से हटाये गये 2,000 रुपये के बैंक नोट को बदलने की सुविधा 19 मई, 2023 से रिजर्व बैंक के 19 निर्गम कार्यालयों में उपलब्ध है। आरबीआई के निर्गम कार्यालय नौ अक्टूबर, 2023 से लोगों और इकाइयों से उनके बैंक खातों में जमा करने के लिए भी 2,000 रुपये के बैंक नोट स्वीकार कर रहे हैं। इसके अलावा, लोग देश के भीतर भारतीय डाक से भी 2,000 रुपये के नोट आरबीआई के किसी भी निर्गम कार्यालय में भेज सकते हैं।




# दो बांग्लादेशी महिलायें हिरासत में एक ने किया दो बार निकाह

**पाटन (गुजरात)।** गुजरात के पाटन जिले में दो बांग्लादेशी महिलाओं को अपनी राष्ट्रीयता छिपाकर और फर्जी दस्तावेजों के जरिये आधार कार्ड हासिल कर अवैध रूप से यहां रहने के आरोप में हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पाटन के जिला पुलिस अधीक्षक



वी के नयी ने बताया कि दोनों की पहचान सुल्ताना (32) एवं ब्यूटी बेगम (37) के रूप में हुयी है। उन्होंने बताया कि दोनों महिलाएं 2022 में अवैध रूप से भारत में दाखिल हुईं और मूल पहचान छिपाकर पाटन शहर में बस गईं> एसपी ने बताया कि दोनों को पाटन के एक होटल में नौकरी मिल गई थी और उनमें से एक सुल्ताना ने अपने अवैध प्रवास के दौरान गुजरात में दो बार शादी भी की।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com